हिन्दी सांध्य दैनिक

# प्रखर पूर्वांचल

अखबार नहीं आंदोलन

RNI:UPHIN/2016/68754 www.prakharpurvanchal.com Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com

गाजीपुर से प्रकाशित व वाराणसी, चंदौली, सोनभद्र, मऊ, बलिया, आजमगढ़, भदोही, मिर्जापुर, जौनपुर, लखनऊ, प्रयागराज, गोरखपुर, कुशीनगर, महाराजगंज तथा देवरिया से प्रसारित

वर्षः 8, अंकः 176, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00, आमंत्रण मूल्य 2.00 26 दिसम्बर, 2023 दिन मंगलवार गाजीपुर/वाराणसी

## अटल जी ने ही रखी थी विकास, सुरक्षा और सुशासन की आधारशिला : योगी

### वाजपेयी जी ने देश के अंदर राजनीति में शुचिता और पारदर्शिता का एक आदर्श प्रतिमान रखा

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को लोकभवन प्रांगण में पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पूर्व प्रधानमंत्री की स्मृतियों को याद किया। उन्होंने कहा कि अटल जी भारत की राजनीति के अजातशत्रु थे। उन्होंने भारत की राजनीतिक अस्थिरता को उभारने के साथ देश के अंदर राजनीति में शुचिता और पारदर्शिता का एक आदर्श प्रतिमान रखा था। पिछले साढ़े नौ वर्षों से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने विकास, सुरक्षा और सुशासन के जो नये प्रतिमान स्थापित किये हैं, उसकी आधारशिला अटल जी ने अपने शासनकाल में ही रख दी थी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी समेत अन्य सरकारें अटल जी की जयंती को सुशासन दिवस के रूप में मना रही हैं। उनका स्मरण करते हुए उनके मूल्यों और आदर्शों के प्रति पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य करने का संकल्प भी ले रही हैं। यह वर्ष



अटल जी की जन्मशताब्दी वर्ष की शुरूआत भी है। सभी जानते हैं कि 25 दिसंबर 1924 को मध्य प्रदेश के ग्वालियर में उनका जन्म हुआ था, लेकिन उन्होंने कर्म भूमि के रूप में उत्तर प्रदेश को चुनने के साथ ही यहां पर शिक्षा भी ग्रहण की। वहीं आगरा के बटेश्वर को उनकी पैतृक भूमि के रूप में जाना जाता है। अटल जी ने समाज और राष्ट्र को एक नई दिशा दी है। ऐसे में सरकार उनके आदर्शों को अपनाकर काम करेगी। वहीं सरकार साहित्यिक क्षेत्र में अटल जी की स्मृतियों को भी जीवंत बनाये रखने के लिए ग्राम्य पंचायत से लेकर प्रदेश स्तर तक अलग-अलग कार्यक्रम आयोजित करेगी। इसके अलावा बेसिक शिक्षा परिषद के स्कूल से लेकर विवि और अन्य एकेडमिक संस्थानों में उनकी साहित्यिक रुचि, पत्रकारिता के क्षेत्र में उनके योगदान के बारे में बताया जाएगा। कार्यक्रम में डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य, ब्रजेश पाठक, मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह, मेयर सुषमा खर्कवाल आदि उपस्थित रहे।

## मॉस्को पहुंचे भारतीय विदेश मंत्री जयशंकर, रूस के डिप्टी पीएम और विदेश मंत्री से करेंगे मुलाकात

मॉस्को। भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर रूस के मॉस्को पहुंचे हैं। वह 25 से 29 दिसंबर तक रूस के दौरे पर रहेंगे। अपने इस दौरे के दौरान जयशंकर रूस के डिप्टी प्रधानमंत्री और रूस के उद्योग और व्यापार मंत्री डेनिस मंटुरोव से मुलाकात करेंगे। भारतीय विदेश मंत्री रूस के डिप्टी पीएम के साथ आर्थिक जुड़ाव से संबंधित मुद्दों पर चर्चा करेंगे। इसके अलावा वह रूस के विदेश मंत्री सर्गे लावरोव से भी मिलेंगे और द्विपक्षीय, बहुपक्षीय और अंतर्राष्ट्रीय मुद्दों पर बात करेंगे।




## रिलायंस और वॉल्ट डिज्नी ने मीडिया बिजनेस के विलय का किया करार, रिपोर्ट्स में दावा

नई दिल्ली। रिलायंस इंडस्ट्रीज ने वॉल्ट डिज्नी के साथ 25 दिसंबर, 2023 को अपने भारतीय मीडिया बिजनेस के परिचालन से जुड़ा एक गैर-बाध्यकारी विलय समझौता किया है। मीडिया रिपोर्ट्स में इसकी जानकारी दी गई है। विलय समझौते के तहत, रिलायंस इंडस्ट्रीज के पास शेयरों और नकदी के संयोजन के माध्यम से 51 प्रतिशत हिस्सेदारी होगी, जबकि डिज्नी शेष 49 प्रतिशत की हकदार होगी। रिपोर्ट में कहा गया है कि हिस्सेदारी पैटर्न से संकेत मिलता है कि मुकेश अंबानी के रिलायंस समूह के पास अधिक शक्ति होगी। रिपोर्ट्स में दावा किया गया है कि सौदा फरवरी 2024 तक पूरा हो जाएगा, हालांकि, रिलायंस का उद्देश्य जनवरी, 2024 तक प्रक्रिया को पूरा करना है। दो हफ्ते पहले मीडिया रिपोर्ट्स में कहा गया था कि कंपनी के अधिकारी मीडिया विलय के अगले चरण पर चर्चा करने के लिए लंदन में बैठक कर रहे थे। एक रिपोर्ट के अनुसार, यह विलय भारत के सबसे बड़े मनोरंजन साम्राज्यों में से एक का निर्माण करेगा, जो जी एंटरटेनमेंट और सोनी जैसे टेलीविजन हितो वाली कंपनियों और नेटफ्लिक्स और अमेजन प्राइम जैसे स्ट्रीमिंग दिग्गजों के साथ प्रतिस्पर्धा करेगा। रिलायंस अपनी मीडिया और एंटरटेनमेंट यूनिट वायकॉम 18 के माध्यम से कई टीवी चैनल और जियोसिनेमा स्ट्रीमिंग एप का संचालन करता है।

## क्रिसमस डे कार्यक्रम में पीएम मोदी ने लिया हिस्सा बोले- सत्य ही हमें मुक्ति का मार्ग दिखा सकता है

नई दिल्ली। पूरे देश के साथ में दुनियाभर में क्रिसमस डे का त्यौहार धूमधाम से मनाया जा रहा है। क्रिसमस के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश में रहने वाले ईसाई समुदाय के लोगों को बधाई दी। इस दौरान उन्होंने ईसाई समुदाय के सदस्यों के साथ एक कार्यक्रम में हिस्सा लिया। पीएम मोदी ने क्रिसमस डे कार्यक्रम में कहा, "हम अपने जीवन में कई समान सारे मूल्यों को देखते हैं जो हमें एकजुट करते हैं। जैसे पवित्र बाइबिल कहती है कि भगवान ने हमें जो कुछ भी दिया है, वह दूसरों की सेवा के लिए इस्तेमाल करना चाहिए। यही 'सेवा परमो धर्म' है।"



**पवित्र बाइबल में सत्य को सबसे अधिक महत्व- पीएम मोदी**- पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा, "पवित्र बाइबल में सत्य को सबसे अधिक महत्व दिया गया है। इसमें कहा गया है कि केवल सत्य ही हमें मुक्ति का मार्ग दिखा सकता है। संयोग की बात यह है कि सभी धार्मिक ग्रंथ 'परम सत्य' को जानने पर केंद्रित हैं। सभी ग्रंथों का यह समन्वय 21वीं सदी के आधुनिक भारत को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाएगा।"

**गरीबों की सेवा में हमेशा आगे रहे हैं ईसाई- पीएम-** प्रधानमंत्री मोदी ने आगे समाज को दिशा देने और सेवा भावना में भूमिका के लिए ईसाई समुदाय की सराहना की और कहा कि देश इस बात को गर्व से स्वीकार करता है। क्रिसमस के मौके पर मोदी ने ईसाइयों के साथ अपने पुराने, घनिष्ठ और मधुर संबंधों को याद किया और कहा कि वे गरीबों और वंचितों की सेवा में हमेशा आगे रहे हैं।

## शिवपाल को नागवार गुजरी अखिलेश पर डिप्टी सीएम केशव की टिप्पणी, सोशल मीडिया पर दिया सख्त जवाब

लखनऊ। यूपी के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और सपा नेता शिवपाल सिंह यादव सोशल मीडिया पर आमने-सामने आ गए हैं। डिप्टी सीएम केशव ने सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव को लेकर सोशल मीडिया पर एक टिप्पणी की थी जिस पर शिवपाल ने उन्हें करारा जवाब दिया है जो कि सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। डिप्टी सीएम केशव ने एक्स पर टिप्पणी करते हुए कहा कि जिस दिन से मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री के रूप में डॉक्टर मोहन यादव ने शपथ ली है। सपा बहादुर अखिलेश यादव के पीडीए (परिवार डेवलपमेंट अथॉरिटी) के सदस्य बहुत उखड़े-उखड़े हैं। आगे उन्होंने कहा कि सैफई हवाई अड्डा बन सकता है तो बंदायू में क्यों नहीं! इस पर शिवपाल ने पलटवार करते हुए करारा जवाब दिया कि हम समाजवादी लोग तो चाहते हैं कि आप उत्तर प्रदेश के सभी 75 जिलों में हवाई अड्डा बनवा दें, लेकिन इसके पहले आप कौशांबी में एक हवाई पट्टी भी बना दें, अगर आपकी सरकार में सुनी जा रही है तो? वैसे भी पूरे प्रदेश में सड़क पर चलते हुए 'हवाई' सफर का अहसास तो हो ही रहा है सरकार।

## अयोध्या पहुंचे डिप्टी सीएम केशव, बोले - रामलला 500 साल बाद अपने जन्मस्थान पर होंगे, ये गर्व की बात

अयोध्या। अयोध्या पहुंचे उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि 22 जनवरी को भगवान रामलला का प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव मेरे जैसे कार्यकर्ता, राम भक्त व कारसेवक के लिए गर्व की बात है। हम लोग अपने जीवनकाल में भगवान श्री रामलला का भव्य मंदिर बनते हुए देख रहे हैं। 22 जनवरी को भगवान रामलला 500 साल बाद अपने जन्म स्थान पर विराजमान होंगे।

एक राम भक्त के रूप में एक राष्ट्रभक्त के रूप में देश और दुनिया के रामभक्तों की ओर से मुख्य यजमान के रूप में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अयोध्या पहुंच रहे हैं। उस क्षण का वर्णन करना नामुमकिन है, जिसके लिए मेरे कितने पूर्वज बलिदानी हो गए। कितने रामभक्त कार सेवकों को गोलियों से भून दिया गया। कितने लोगों को जेल भेजा गया, कितने लोगों पर लाठियां बरसाई गईं। किसी ने सोचा भी नहीं होगा राम



लला की जन्म भूमि पर भव्य मंदिर का निर्माण सब अपनी आंखों से देख पाएंगे। भाजपा के शीर्ष नेता लालकृष्ण आडवाणी की अगुवाई में 23 सितंबर 1990 को सोमनाथ से अयोध्या के लिए जो यात्रा निकली थी उसके सूत्रधार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी थे। सोमनाथ से चली इस यात्रा को समस्तीपुर के बिहार में रोका गया था। 30 अक्टूबर 1990 को कार सेवा हुई थी और ढांचे के ऊपर भगवा लहराया गया था और उसमें कारसेवकों को बलिदान भी देना पड़ा था, अशोक सिंघल भी कारसेवा में घायल हुए थे, मेरे पास शब्द नहीं है मैं अंदर से रोमांचित हूं , वह शुभ दिन देखने का अवसर प्राप्त हो रहा है। सोमनाथ से चली इस यात्रा को समस्तीपुर के बिहार में रोका गया था। 30 अक्टूबर 1990 को कार सेवा हुई थी और ढांचे के ऊपर भगवा लहराया गया था और उसमें कारसेवकों को बलिदान भी देना पड़ा था, अशोक सिंघल भी कारसेवा में घायल हुए थे, मेरे पास शब्द नहीं है मैं अंदर से रोमांचित हूं, वह शुभ दिन देखने का अवसर प्राप्त हो रहा है।

## मोहन मंत्रिमंडल के जरिए भाजपा ने एमपी में साधा जातिगत समीकरण

मध्य प्रदेश। मध्य प्रदेश की डॉ.मोहन यादव सरकार का पहला मंत्रिमंडल गठन सोमवार हो गया हैं। मंत्रिमंडल के पहले विस्तार में 28 मंत्रियों ने शपथ ली। इनमें 18 कैबिनेट और 10 राज्य मंत्री बनाए गए है। इस मंत्रिमंडल गठन में भाजपा ने जातिगत समीकरण का विशेष ध्यान रखा है। मोहन मंत्रिमंडल में सीएम यादव समेत 12 ओबीसी मंत्री बनाए गए है, जबकि उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा समेत 6 एससी वर्ग के मंत्री और सामान्य वर्ग से आने वाले डिप्टी सीएम राजेंद्र शुक्ला समेत छह सवर्ण वर्ग के मंत्री बनाए गए है। वहीं चार मंत्री अनुसूचित जनजाति समुदाय से बने है। मंत्रियों में ओबीसी समुदाय से प्रह्लाद पटेल, एंदल सिंह कंसाना, नारायण सिंह कुशवाहा, राकेश सिंह, करण सिंह वर्मा, उदय प्रताप सिंह, इंदर सिंह परमार, कृष्णा गौर, धर्मेंद्र लोधी, नारायण पवार, लखन पटेल मंत्री बनाए गए हैं। सामान्य वर्ग से कैलाश विजयवर्गीय, विश्वास सारंग, प्रद्युम्न सिंह तोमर, गोविंद सिंह राजपूत, चैतन्य कश्यप, राकेश शुक्ला मंत्री बने हैं। अनुसूचित जाति वर्ग से तुलसी सिलावट, दिलीप जायसवाल, गौतम टेटवाल,राधा सिंह, प्रतिभा बागरी और एसटी वर्ग से निर्मला भूरिया, विजय शाह, संपतिया उइके, नागर सिंह चौहान मंत्री बने हैं।

**मंत्रिमंडल में 13 मंत्रियों की उम्र 60 साल से ज्यादा**- मंत्रिमंडल में 13 मंत्रियों की उम्र 60 साल से ज्यादा है। सीहोर जिले की इछावर सीट से विधायक करण सिंह वर्मा (68) सबसे उम्रदराज मंत्री हैं। दमोह जिले की जबेरा सीट से विधायक धर्मेंद्र सिंह लोधी (45) सबसे कम उम्र के मंत्री हैं। सात मंत्री 12वीं क्लास तक पढ़े हैं। 21 मंत्री ग्रेजुएट और पोस्ट ग्रेजुएट हैं। सबसे कम एंदल सिंह कंसाना ने 8वीं क्लास तक पढ़ाई की है। दिलीप अहिरवार और नारायण पंवार दसवीं तक पढ़े हुए हैं। प्रह्लाद सिंह पटेल, राकेश सिंह, संपतिया उइके, नरेंद्र पटेल, प्रतिमा बागरी, राधा सिंह। इनमें प्रह्लाद सिंह पटेल दमोह से सांसद और केंद्र में मंत्री थे। वे नरसिंहपुर सीट से पहली बार चुनाव जीतकर विधानसभा पहुंचे हैं। राकेश सिंह जबलपुर से सांसद थे। वे जबलपुर पश्चिम से जीतकर विधायक बने हैं। केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया समर्थक 3 विधायकों तुलसी सिलावट, गोविंद सिंह राजपूत और प्रद्युम्न सिंह तोमर को कैबिनेट मंत्री बनाया गया है।

## वेंटिलेटर-ऑक्सीजन सिलेंडर की उपलब्धता बढ़ाने का निर्देश

नई दिल्ली। कोरोना संक्रमण के बढ़ते मामले भारत सहित दुनिया के तमाम देशों के लिए चिंता का कारण बने हुए हैं। ओमिक्रॉन के BA.2.86 के म्यूटेटेड रूप JN.1 सब-वैरिएंट के कारण अचानक से संक्रमण में उछाल दर्ज की जा रही है। अध्ययनों में इस सब-वैरिएंट को वैक्सीन से बनी प्रतिरक्षा से बचाव करते हुए तेजी से संक्रमण फैलाने वाला पाया गया है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा रविवार को साक्षा किए गए आंकड़ों के मुताबिक भारत में एक दिन में 656 नए केस सामने आए हैं, इसके चलते एक्टिव मामलों की संख्या बढ़कर 3,742 हो गई है। केरल और कर्नाटक, इन दो राज्यों में संक्रमण के सबसे ज्यादा मामले रिपोर्ट किए जा रहे हैं। इस बीच देश में संक्रमण की बढ़ती रफ्तार को देखते हुए महाराष्ट्र के मंत्री संजय बनसोडे ने स्वास्थ्य अधिकारियों को सरकारी अस्पतालों में वेंटिलेटर, ऑक्सीजन सिलेंडर और अन्य आवश्यक उपकरणों की



उपलब्धता सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। तो क्या नए वैरिएंट के कारण गंभीर रोगों का खतरा हो सकता है? क्या डेल्टा वैरिएंट जैसी एक और लहर आने की आशंका है, आइए इस रिपोर्ट में विस्तार से समझते हैं। कोविड सब-वैरिएंट JN.1 के कारण बढ़ते वैश्विक जोखिम को देखते हुए विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने दक्षिण-पूर्व एशिया के देशों को गंभीरता से सावधानी बरतने की सलाह दी है। डब्ल्यूएचओ ने सभी लोगों से सुरक्षात्मक उपाय करते रहने का आग्रह किया। अधिकारियों ने विज्ञप्ति में कहा, कोविड-19 वैश्विक स्तर पर ज्यादातर देशों में बढ़ता देखा जा रहा है। हालांकि वर्तमान साक्ष्य से पता चलता है कि JN.1 के कारण गंभीर स्वास्थ्य जोखिम कम है। फिर भी जिस गति से ये संक्रमण को बढ़ा रहा है उसने जरूर चिंता बढ़ाई है। देश में बढ़ते संक्रमण के ज्यादातर मामले JN.1 सब-वैरिएंट्स से संबंधित माने जा रहे हैं। इस वैरिएंट के बारे में एम्स दिल्ली में मेडिसिन विभाग में प्रोफेसर डॉक्टर नीरज निश्चल ने एक रिपोर्ट में कहा, कई राज्यों में लोग कोविड-19 के JN.1 सब-वैरिएंट से संक्रमित हो रहे हैं। हालांकि मरीजों के लक्षण हल्के ही देखे गए हैं, इसलिए घबराने की नहीं बल्कि सतर्कता बरतने की आवश्यकता है। JN.1 वैरिएंट से संक्रमित अधिकतर लोगों में बहती नाक, गले में खराश और सूखी खांसी जैसे मामूली लक्षण सामने आए हैं। जो लोग पहले से ही हृदय रोग, डायबिटीज, कैंसर या फिर एचआईवी जैसी बीमारियों के शिकार हैं, उनमें कोरोना संक्रमण की स्थिति गंभीर रोगों का कारण बन सकती है।

## अजित पवार का विपक्षी गठबंधन पर बड़ा हमला, बोले- 2024 में प्रधानमंत्री मोदी का कोई विकल्प ही नहीं

मुंबई। महाराष्ट्र के उप-मुख्यमंत्री अजित पवार ने सोमवार को आगामी लोकसभा चुनाव पर पीएम मोदी को लेकर एक बड़ी बात कही है। उन्होंने कहा कि देश में अबतक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का कोई विकल्प नहीं है। मीडिया के एक सवाल का जवाब देते हुए पवार ने कहा कि विपक्षी पार्टियां अगले साल होने वाले लोकसभा चुनाव से पहले पीएम मोदी के नेतृत्व को चुनौती देने की कोशिश कर रही है। उन्होंने कहा, 'अबतक देश में पीएम मोदी का कोई विकल्प नहीं है। ऐसा निर्णय केवल एक या दो चीजों के आधार पर नहीं बल्कि विभिन्न पहलुओं के आधार पर लिया जाता है।' महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम अजित पवार ने मीडिया के जरिए विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा, 'आपलोग बहुत प्रचार करते हैं, लेकिन सवाल ये है कि देश के हितों की रक्षा कौन करेगा, देश किसके हाथों में सुरक्षित रहेगा और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश की छवि किसने मजबूत बनाई है, जैसे सवाल



मायने रखते हैं।' हाल ही में हुए विधानसभा चुनाव का जिक्र करते हुए अजित पवार ने कहा, 'हमने तीन राज्यों राजस्थान, छत्तीसगढ़ और मध्य-प्रदेश में परिणाम देखे। चुनाव से पहले अनुमान लगाने का यह मतलब नहीं कि परिणाम समान होंगे।' राज्य सरकार के खिलाफ पुणे में विपक्ष के विरोध रैली पर डिप्टी सीएम ने बताया कि राकांपा के लोकसभा सांसद ने संसद के नीचले सदन के सदस्य के तौर पर पद छोड़ने की इच्छा व्यक्त की थी। उन्होंने आगे कहा, 'जब हमने उन्हें 2019 में टिकट दिया था तब वह बहुत मशहूर थे, क्योंकि उन्होंने एक टीवी शो में संभाजी महाराज का किरदार निभाया था।'

## कुटुंब ही राष्ट्र और सनातन की आत्मा : रमेश जी







प्रखर वाराणसी। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ कुटुंब प्रबोधन आयाम द्वारा आयोजित कुटुंब मिलन का आयोजन निवेदिता शिक्षा संस्थान तुलसीपुर महमूरगंज में किया गया। इस अवसर पर वक्ताओं द्वारा सनातन व्यवस्था और भारतीयता पर कुटुंब की विशेषता पर प्रकाश डाला गया। रविवार दिनांक 24 दिसंबर 2023 को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कुटुंब प्रबोधन आयाम द्वारा आयोजित कार्यक्रम में काशी के 800 लोगों की सपरिवार सहभागिता रही। कार्यक्रम की शुरूवात दीप प्रज्वलन के साथ किया गया और अतिथियों का स्वागत मंगलाचरण के साथ आचार्य वेंकट रमन जी के नेतृत्व में वेद मंत्रों के साथ हुआ। उसके बाद सुप्रसिद्ध संगीतकार श्री देवव्रत मिश्रा जी की टीम ने 13 कलाकारों के साथ अद्भुत एवं आनंदमय संगीत प्रस्तुति किया। जिसे सुनकर मन भाव विभोर हो गया। अपने स्वागत उद्बोधन में प्रांत संयोजक डॉ शुकदेव ने कुटुंब के महत्व

### भारतीय संस्कृति का आधार है कुटुंब

एवं एवं भारत के सनातन संस्कृति की रक्षा का संदेश दिया। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि प्रांत प्रचारक काशी रमेश जी ने बहुत ही भावपूर्ण राष्ट्र उन्नयन का संदेश दिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं वक्ता अखिल भारतीय संयोजक कुटुंब प्रबोधन डॉ रविन्द्र जी ने सहज एवं सरल शब्दों में मन को स्पर्श करने वाले विषयों को रखा। उपस्थित लोगों से अपने को जोड़ते हुए मंच एवं श्रोताओं की दूरी समाप्त कर दिया।ऐसा ओजस्वी संबोधन जीवन में कभी कभी ही प्राप्त होता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे स्वामी जीतेन्द्रानंद सरस्वती जी ने अपने प्रबोधन में धर्म, आध्यात्म एवं भारतीय चिंतन की अवधारणा की आवश्यकता को कुटुंब व्यवस्था में बहुत ही सुंदर ढंग से प्रस्तुत किया।अंत में आभार प्रकाश कुटुंब प्रबोधन काशी विभाग संयोजक दयाशंकर जी ने उपस्थित सभी गणमान्य लोगों, व्यवस्था से जुड़े सदस्यों, माताओं एवं बहनों को उनकी सहभागिता तथा परिवार व्यवस्था के सृजन का संदेश देते हुए आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन काशी दक्षिण कुटुंब प्रबोधन भाग संयोजक अनिल जी ने बहुत ही सुंदर ढंग से किया। अंत में गार्गी शाखा की बहनों ने श्रीमती सविता जी के नेतृत्व में वंदे मातरम् के साथ कार्यक्रम का समापन किया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में आर के चौधरी, डॉ जय प्रकाश सिंह सुल्तानपुर से, हरीश वालिया ,श्रीमती लाडली पाण्डेय प्रयागराज से उपस्थित रहे। कार्यक्रम में क्षेत्रीय संयोजक ओमपाल, अशोक तथा कुटुंब प्रबोधन के उत्तर प्रदेश एवं उत्तराखंड केप्रांत संयोजक, डॉ नीता, मातृशक्ति प्रांत संयोजिका ,सभी मातृशक्ति भाग संयोजिका एवं नगर संयोजकों की उपस्थिति में कार्यक्रम संपन्न हुआ।

## संपादकीय

### भंग कुश्ती संघ

भले ही केंद्रीय खेल मंत्रालय ने हाल ही में निर्वाचित भारतीय कुश्ती संघ को निलंबित कर दिया हो, लेकिन लंबे समय से संघर्षरत महिला खिलाड़ियों को विश्वास दिलाना जरूरी है कि सरकार उनकी सुरक्षा व भरोसे को कायम करने के लिये कारगर कदम उठाएगी। उल्लेखनीय है कि 21 दिसंबर को भारतीय कुश्ती संघ के चुनाव परिणाम आए थे, जिसमें संघ के पूर्व विवादित अध्यक्ष तथा भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह के करीबी संजय सिंह अध्यक्ष निर्वाचित हुए थे। जिससे लंबे समय से पूर्व अध्यक्ष को हटाने के लिये आंदोलनरत महिला पहलवानों में आक्रोश व्याप्त हो गया था। खासकर, ओलंपिक पदक विजेता साक्षी मालिक ने एक प्रेस वार्ता में चुनाव को लेकर रोष व्यक्त करते हुए कुश्ती को अलविदा कह दिया। उसके बाद पहलवान बजरंग पूनिया ने पद्मश्री लौटाने की घोषणा की थी। फिर गूंगा पहलवान के नाम से चर्चित वीरेंद्र सिंह ने भी पद्मश्री लौटाने की बात कही थी। साथ ही चंद खाप-पंचायतें भी खिलाड़ियों के समर्थन में उतरती दिखीं। दरअसल, महिला पहलवानों का आरोप था कि संजय सिंह के जरिये बृजभूषण शरण सिंह कुश्ती संघ पर अपना वर्चस्व बनाये रखेंगे, क्योंकि संजय सिंह उनके बिजनेस पार्टनर भी हैं। दरअसल, नवनिर्वाचित अध्यक्ष ने अंडर-15 और अंडर-18 के ट्रायल उ.प्र. के गोंडा स्थित नंदिनी नगर में आयोजित करने की घोषणा की थी, जो कि बृजभूषण शरण सिंह के राजनीतिक वर्चस्व वाला क्षेत्र है। जिसके बाद उठे विवाद के उपरांत ही केंद्रीय खेल मंत्रालय ने नवनिर्वाचित कार्यकारिणी को निलंबित कर दिया और नये अध्यक्ष द्वारा लिये फैसलों को भी रद्द कर दिया। वहीं खेल मंत्रालय की दलील है कि भारतीय कुश्ती महासंघ को इसलिए निलंबित किया गया क्योंकि निर्वाचित संस्था ने उचित प्रक्रिया का पालन नहीं किया। वहीं निलंबित अध्यक्ष का कहना है कि नियमों का उल्लंघन नहीं किया है ,यदि जरूरत पड़ी तो कोर्ट जाएंगे। दूसरी ओर बृजभूषण शरण सिंह की दलील है कि वे कुश्ती संघ से संन्यास ले चुके हैं और लोकसभा चुनाव की तैयारी में व्यस्त हैं। दूसरी तरफ साक्षी मलिक का कहना है कि उसकी लड़ाई एक व्यक्ति से थी, सरकार से नहीं। लेकिन सरकार को वादे के अनुसार विवादित पूर्व अध्यक्ष के करीबियों को संघ में आने से रोकना चाहिए था। संन्यास के फैसले पर उन्होंने कहा कि वे अपने फैसले से मीडिया को अवगत कराएंगी। वहीं कांग्रेस इस मुद्दे पर खासी मुखर रही है और इस फैसले को लीपापोती की कवायद बता रही है। कहा जा रहा है कि आम चुनाव की ओर बढ़ते देश में किसी जनाक्रोश से बचने के लिये सरकार ने यह कार्रवाई की है। वहीं महिला खिलाड़ी इस पद पर किसी महिला की नियुक्ति की मांग कर रही हैं ताकि महिला खिलाड़ियों को सुरक्षित वातावरण मिल सके। साथ ही यह सुनिश्चित करने की भी मांग की जा रही है कि जिन लोगों पर आरोप लगे थे वे और उनके सहयोगी फिर कभी भारतीय कुश्ती संघ पर काबिज न हो सकें। बहरहाल, केंद्रीय खेल मंत्रालय ने आईओए को भारतीय कुश्ती संघ का कामकाज देखने के लिये एक तदर्थ समिति गठित करने को कहा है।

### दंड के बजाय न्याय यकीनी बनाने को बदलाव

अंग्रेजों के जमाने से चले आ रहे औपनिवेशिक कानूनों से आखिरकार जनता को मुक्ति मिल गई। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने गुलामी के प्रतीक माने जाने वाले तीन प्रमुख कानूनों में आमूल-चूल बदलाव के विधेयक लोकसभा एवं राज्यसभा से पारित करा लिए। इनमें परिवर्तन की प्रतीक्षा लंबे समय से की जा रही थी, क्योंकि फिरंगी हुकूमत के समय वजूद में आये ये कानून स्वतंत्रता सेनानियों को अधिकतम दंड देने की मानसिकता से बनाए गए थे। जबकि कोई भी विधि सम्मत प्रक्रिया दंड की अपेक्षा न्याय के सरोकारों से जुड़ी होनी चाहिए। शाह ने इन विधेयकों पर संसद में चर्चा करते कहा कि इन कानूनों के लागू होने के बाद दुनिया में सर्वाधिक आधुनिक आपराधिक न्याय प्रणाली भारत की होगी, क्योंकि अब इनकी आत्मा में भारतीयता निहित कर दी है। उन्होंने अंग्रेजों के और अब के कानून में फर्क बताते हुए कहा कि अंग्रेजों के जमानों में बने कानून का उद्देश्य ब्रिटिश साम्राज्य के हितों की रक्षा करना था। इसलिए इसमें दंड को मूल में रखा गया था, किंतु अब न्याय पर जोर होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पिछले साल 15 अगस्त को लाल किले से दिए संबोधन में पांच प्रण किए थे, इनमें एक प्रण गुलामी की निशानियों को खत्म करना था। कानून संबंधी पारित विधेयक उसी परिप्रेक्ष्य में हैं। इन नए कानूनों के अंतर्गत दंड अपराध रोकने की भावना पैदा करने के लिए दिया जाएगा। ये नए कानून महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा पर केंद्रित हैं। अब नए कानून में नाबालिग से दुष्कर्म और मॉब लिंचिंग के लिए फांसी की सजा दी जाएगी। राजद्रोह कानून ब्रिटिश सत्ता को कायम रखने के लिए था, इसे अब खत्म किया जा रहा है। कुछ प्रचलित धाराओं की संख्या भी बदली गई है। जैसे धोखाधड़ी 420 धारा के अंतर्गत थी, इसे अब धारा 316 के रूप में जाना जाएगा। बलात्कार की धारा 376 को 63 में बदला जाएगा। प्रमुख रूप से अंग्रेजी राज का पर्याय बने तीन मूलभूत कानूनों में आमूल-चूल परिवर्तन किए गए हैं। साल 1860 में बने इंडियन पेनल कोड को अब भारतीय न्याय संहिता, 1898 में बने दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) को भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और 1872 में बने इंडियन एविडेंस कोड को अब भारतीय साक्ष्य संहिता के नाम से जाना जाएगा। कुल 313 धाराएं बदली गई हैं। इनमें चार धाराएं सबसे ज्यादा असरकारी साबित होंगी। एक, राजद्रोह कानून से राजद्रोह शब्द विलोपित कर दिया जाएगा। नए प्रारूप में धारा 150 के तहत आरोपी को सात साल की सजा से लेकर उम्रकैद तक की सजा दी जा सकती है। दो, मॉब लिंचिंग यानी उन्मादी भीड़ द्वारा हत्या और हिंसा के लिए अलग से सजा का प्रावधान किया गया है। इसे पंथ निरपेक्ष रखा गया है। क्योंकि कभी-कभी चोर को भी भीड़ मार देती है। कई क्षेत्रों में महिलाओं को डायन बताकर समूह मार देता है। इन हत्याओं पर अब मॉब लिंचिंग कानून लागू होगा। तीन, नाबालिग से दुष्कर्म या पहचान छिपाकर किए गए दुष्कर्म के आरोप में 20 साल का कारावास या मृत्युदंड का प्रावधान किया गया है। विरोध नहीं करने के अर्थ का आशय सहमति नहीं निकाला जाएगा। मौजूदा स्थिति में नाबालिग से दुष्कर्म पर न्यूनतम सजा में सात साल की व्यवस्था है। इसी तरह राज्यों को अब असली पहचान छिपाकर संबंध बनाने वाले अपराधियों के लिए लव जिहाद जैसा पृथक कानून बनाने की जरूरत नहीं। प्रस्तावित कानून में गलत पहचान बताकर नौकरी, पदोन्नति और अन्य प्रलोभन दिलाने के झूठे वादे कर दुष्कर्म के अंजाम को सजा के दायरे में लाया गया है।

# विकसित भारत के संकल्प

**सुरेश सेठ**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विकसित भारत के संकल्प के लिए जागरण, उद्यम और मेहनत के महत्व को बताया है। यह भी कि कर्तव्य पथ पर निरंतर चलने के बाद ही एक-चौथाई सदी के बाद देश विकसित हो सकेगा। अब अपनी इस सोच को बदलना होगा कि हम सदियों से अल्पविकसित देश हैं या पौन सदी से विकासशील हैं। बल्कि यह मानिए कि हम विकसित हैं और भविष्य में और विकसित होंगे। जब विकसित भारत की भावना लोगों के मन में आ जाएगी और उन्हें उनके लिये बनायी सभी योजनाओं की जानकारी मिल जाएगी तो वे भी संकल्प करेंगे कि राष्ट्र निर्माण के लिए वे भी अपना योगदान दें।

यह वह समय है जब हमने आजादी का अमृत महोत्सव मना लिया। अब वह समय आ गया है जब हम कर्तव्य पथ पर निरंतर चलते रहें। उस मूलभूत आर्थिक ढांचे की सहायता से चलें, जिसकी स्थापना अब हमारे बजटों का लक्ष्य है। आंकड़े गवाही देते हैं कि कोर उद्योगों में हमें गति प्राप्त हो रही है। देश में विनिर्माण की ओर भी जड़ें गहरी हो रही हैं। अब तो खेतीबाड़ी के विकास के लिए भी सहकारिता को एक अलग उद्योग के रूप में स्थापित कर दिया गया है। फिर अब नहीं तो कब अपनाएंगे उस विकसित भारत संकल्प यात्रा को, जो 2047 में खत्म होनी है।

प्रधानमंत्री ने कहा है कि हमने पिछले दस वर्षों में विश्वभर में दसवीं आर्थिक शक्ति से तरक्की करके पांचवीं आर्थिक शक्ति का मुकाम हासिल कर लिया। वह वादा करते हैं कि अपनी तीसरी शासन पारी में वह देश को दुनिया की तीसरी बड़ी आर्थिक शक्ति बना देंगे। इस दिशा में केवल संकल्प ही नहीं, कुछ नये कदम भी उठाए




जा रहे हैं। इसके लिए एक देश एक कर अर्थात जी.एस.टी. का सफलतापूर्वक लागू होना, अपने पहले लक्ष्य एक लाख करोड़ को पार करके 1.60 लाख करोड़ तक पहुंच जाना और उसके करदाताओं की संख्या का बढ़कर 1.40 करोड़ हो जाना। यही नहीं, आत्मनिर्भरता का आह्वान भी हमें सफल होता नजर आ रहा है।

आज हमारी सेना आयुध के लिए दूसरे देशों पर निर्भर नहीं बल्कि हम हथियारों के आयातक की जगह निर्यातक बन गए हैं। कोविड के साथ हम सफलतापूर्वक निपटे हैं। हमारी मौद्रिक नीति ने बढ़ती कीमतों के सैलाब को रोक दिया है। युवा पीढ़ी में बढ़ती हुई बेरोजगारी की समस्या से खुले हाथों निपटने के लिए स्वरोजगार या स्टार्टअप उद्योगों की भावना को विकसित किया गया है। नौजवानों को संदेश है कि वे नौकरी के लिए हाथ फैलाने वाले नहीं, नौकरी देने वाले बनें। इसके लिए उन्हें कृत्रिम मेधा और इंटरनेट शक्ति की सहायता से विकसित देशों के मुकाबले में खड़ा किया जाए।

भारत ने दुनिया के अन्य देशों के मुकाबले आगे बढ़कर कोरोना की लहरों का मुकाबला किया। उसके द्वारा ईजाद किए गए टीके आज दुनिया के छोटे-बड़े देशों में निर्यात हो रहे हैं। नई शिक्षा नीति आ गई है। यह जितनी रोजगारपरक होगी, उतना ही नौजवानों का पलायन अपने देश से दूसरे देशों की ओर रुक जाएगा। लेकिन इस उम्मीद भरे वातावरण में आर.बी.आई. के पूर्व गवर्नर रघुराम राजन ने इस रास्ते में खड़े हो सकने वाले अवरोधों और कमजोरियों का संज्ञान लेने की ताकीद की है। उनका कहना है कि अगर देश की विकास दर सालाना औसतन 6 फीसदी ही रहती है तो देश 2047 तक भी विकसित अर्थव्यवस्था नहीं बल्कि मध्यम आय वाला देश ही बना रहेगा, क्योंकि भारत की कराधान नीति ऐसी है और भारत में निजी क्षेत्र को सार्वजनिक क्षेत्र के मुकाबले इस प्रकार वरीयता दी जा रही है कि भारत की इस विकसित भारत संकल्प यात्रा के उद्देश्य और लक्ष्य अवरोधित होने लगते हैं।

रघुराम राजन ने तो यह भी कहा कि यही हाल रहा तो 2047 तक आज जो युवा देश की युवा शक्ति का लाभ देश को प्राप्त हो रहा है, वह भी खत्म हो जाएगा। हम अमीर होने से पहले ही वृद्ध हो जाएंगे। देश पर बड़ी उम्र की आबादी का बोझ बढ़ रहा है। औसत आयु बढ़ने के साथ-साथ यह देश भी अपने पड़ोसी देशों चीन और जापान की तरह एक वृद्ध देश बन जाएगा, जिससे इसको सस्ती श्रम लागत से मिलने वाले लाभ भी खत्म होते जाएंगे। आज भी यह हाल है कि वर्तमान विकास दर अगर 7 प्रतिशत तक चली जाए, तो भी श्रम की भागीदारी इसमें काफी कम है। देश डिजिटल हो रहा है। स्वचालित मशीनों का युग है जहां शारीरिक श्रम की आवश्यकता कम है।

भारत में महिलाओं की भागीदारी अन्य देशों के मुकाबले कम है। जहां तक युवा शक्ति का संबंध है, उनके लिए कोई उचित कार्य या उद्यम नीति तो सामने आ नहीं रही और उन्हें सरल रास्ता यही लगता है कि वे देश छोड़ डॉलर और पौंड देशों की ओर पलायन कर जाएं। महिला कामगारों की उपेक्षा आदि कुछ ऐसे कारण हैं जो विकसित होने की इस संकल्प यात्रा की रुकावट बन सकते हैं। महिला श्रम शक्ति ऐसी शक्ति है जिसके उचित इस्तेमाल की नीति तत्काल सामने आनी चाहिए।

# आसान नहीं है ट्रम्प की अदालती राह

**पुष्परंजन**

सिटीजन्स फॉर रिस्पॉन्सिबिलिटी एंड एथिक्स इन वाशिंगटन (संक्षेप में इसे क्रू बोलते हैं) एक कानूनी वकालत समूह है, जिसका रिमोट कंट्रोल चुनावी रणनीतिकार डेविड ब्रूक के हाथों में है। यह समूह स्वयं को पक्षपात रहित होने का दावा करता रहा है। ये सिटीजन्स फॉर रिस्पॉन्सिबिलिटी के लोग ही थे, जिन्होंने कोलोराडो सुप्रीम कोर्ट के एक फैसले के जरिये डोनाल्ड ट्रंप को उस राज्य में राष्ट्रपति के रूप में चुनाव लड़ने से अयोग्य घोषित करवाया है। ट्रंप के खिलाफ मुकदमेबाजी में सीआरईडब्ल्यू के रणनीतिकार रेस के घोड़े की तरह आगे-आगे दिखते रहे हैं। लेकिन फॉक्स न्यूज ने खबर ब्रेक की है कि डेविड ब्रॉक ने 2017 में जो बाइडेन के लिए लॉबिंग की थी। अर्थात क्रू निष्पक्ष नहीं है।

वर्ष 2017 से 2021 के बीच सिटीजन्स फॉर रिस्पॉन्सिबिलिटी के दो प्रमुख दिग्गजों जार्ज सोरेस और डेविड ब्रूक ने 2.85 मिलियन डॉलर का इंतजाम जो बाइडेन विक्टरी फंड के लिए किया था। यदि फॉक्स न्यूज की ब्रेकिंग स्टोरी सही है, तो मानकर चलिये कि ट्रंप के खिलाफ कोलोराडो कोर्ट के फैसले में बहुत सारे झोल हैं, और उसे निष्पक्ष नहीं कहा जा सकता। जॉर्ज वाशिंगटन विश्वविद्यालय के पूर्व काउंसिल जनरल बेथ नोलन, जिन्होंने पूर्व राष्ट्रपति बिल क्लिंटन के वकील के रूप में भी काम किया था, क्रू बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स के अध्यक्ष की भूमिका में रहे हैं। संघीय चुनाव आयोग के रिकॉर्ड के अनुसार, नोलन ने 2020 में जो बाइडेन विजय अभियान के लिए 2,800 डॉलर, और जो बाइडेन विक्टरी फंड के लिए 3,000 डॉलर भेजे थे। नोलन के अलावा, क्रू के उपाध्यक्ष, वेन जॉर्डन ने 2020 में जो बाइडेन विक्ट्री फंड में 300,000 डॉलर का ट्रांसफर कराया था। जॉर्डन ने डेमोक्रेट मेगाडोनर क्विन डेलाने से शादी की है, जिन्होंने पिछले चुनाव के दौरान जो बाइडेन विजय निधि में 650,000 डॉलर जोड़े थे।

कोलोराडो अमेरिका के मध्य-पश्चिम में अवस्थित राज्य है। क्षेत्रफल की दृष्टि से यह अमेरिका का 8वां और जनसंख्या के आधार पर 22वां सबसे बड़ा राज्य है। 20 दिसंबर, 2023 को कोलोराडो सुप्रीम कोर्ट (इसे हाईकोर्ट समझा जाए) ने डोनाल्ड ट्रंप को अपने राज्य में चुनाव के लिए अयोग्य घोषित कर दिया है। कोलोराडो सुप्रीम कोर्ट ने उस जिला अदालत के फैसले को पलटा है, जिसमें कहा गया था कि ट्रंप ने 6 जनवरी, 2021 को कैपिटल हिल पर दंगे-फसाद में उपद्रवियों को हमले के लिए उकसाया था, लेकिन उन्हें राष्ट्रपति चुनाव से बाहर नहीं किया जा सकता। जिला अदालत ने अपने फैसले में कहा था, यह स्पष्ट नहीं है कि कानूनी प्रावधान राष्ट्रपति चुनाव पर लागू होते हैं या नहीं, इसलिए ट्रंप को संदेह का लाभ दिया जा सकता है।

सवाल है, कोलोराडो सुप्रीम कोर्ट के फैसले से क्या ट्रंप अमेरिकी चुनाव से बाहर हो जाएंगे? अधिकारियों का कहना है कि 5 जनवरी, 2024 तक इस मामले पर देश की सर्वोच्च अदालत फेडरल सुप्रीम कोर्ट का फैसला आना जरूरी है, क्योंकि राष्ट्रपति चुनाव के लिए प्राइमरी बैलट छापने की वह अंतिम तारीख है। कोलोराडो कोर्ट के इस अहम फैसले का मतलब यह होता है कि ट्रंप केवल कोलोराडो राज्य में राष्ट्रपति चुनाव के उम्मीदवार नहीं हो सकते। कोलोराडो सुप्रीम कोर्ट के आदेश से राज्य के प्राइमरी बैलट से ट्रंप का नाम हटा दिया है। ऐसा पहली बार हुआ कि अमेरिकी संविधान में हुए 14वें संशोधन की धारा 3 के तहत किसी राष्ट्रपति उम्मीदवार को अयोग्य करार किया गया है।

कोलोराडो सुप्रीम कोर्ट में सात जजों की बेंच में तीन जजों ने इस निर्णय पर असहमति जताई, लेकिन चार के बहुमत से यह अहम फैसला हुआ था। कोर्ट ने अपने फैसले में कहा, अदालत ने बहुमत से यह पाया है कि 14वें संशोधन की धारा 3 के तहत ट्रंप राष्ट्रपति कार्यालय के लिए अयोग्य हैं। कोलोराडो सुप्रीम कोर्ट के जजों ने टिप्पणी की कि हमें कानून के प्रति अपनी जिम्मेदारी का भी अहसास है। जनता की प्रतिक्रिया से प्रभावित हुए बिना, किसी डर या पक्षपात के बगैर हम इस फैसले पर पहुंचे हैं।

लेकिन इससे अलग ट्रंप की पार्टी ने अपने ईमेल में कोर्ट के फैसले की आलोचना की है। मेल में इसे निरंकुश निर्णय बताया गया। कोलोराडो कोर्ट का फैसला आने के बाद मंगलवार को ट्रंप ने एक रैली को संबोधित किया था। लेकिन आयोवा प्रांत के वॉटरलू में हुई रैली में उन्होंने फैसले का कोई जिक्र नहीं किया था। एक बात और, 2020 में जब राष्ट्रपति चुनाव हुए थे, तो कोलोराडो में ट्रंप की 13 फीसदी मतों से हार हुई थी। बावजूद इसके, ट्रंप उस राज्य में राष्ट्रपति चुनाव जीत गए थे। इसलिए यह कह सकते हैं कि देश की सर्वोच्च अदालत 2016 का चुनाव लड़ने का आदेश ट्रंप को यदि दे देती है, तो कोलोराडो के मतों की जरूरत शायद उन्हें न पड़े।

यों, डोनाल्ड ट्रम्प रिपब्लिकन-झुकाव वाले 52 फीसद स्वतंत्र पंजीकृत मतदाताओं की पहली पसंद हैं। जब इसकी रायशुमारी हुई, रॉन डीसेंटिस को 14 प्रतिशत, निक्की हेली को 11 प्रतिशत, विवेक रामास्वामी को तीन फीसद और क्रिस क्रिस्टी को केवल एक प्रतिशत स्वतंत्र पंजीकृत मतदाताओं ने क्रमवार पसंद किया था। इसलिए ट्रंप पर संघीय सुप्रीम कोर्ट की गाज यदि गिरती है, तो रॉन डीसेंटिस और निक्की हेली का नंबर क्रमशः आता है। लेकिन ये दोनों रिपब्लिकन के कमजोर प्रत्याशी साबित होंगे। डेमोक्रेट ऐसा ही चाह रहे हैं, ताकि 2024 के चुनाव में अब तक के सबसे बुजुर्ग प्रत्याशी जो बाइडेन दोबारा से ताज हासिल कर लें।

वैसे, पीईडब्ल्यू रिसर्च सेंटर का एक सर्वे दिलचस्प है, जिसमें पता चला कि हाई स्कूल या उससे कम शिक्षा वाले 66 प्रतिशत रिपब्लिकन मतदाता डोनाल्ड ट्रम्प का समर्थन करते हैं, जबकि हाई स्कूल की डिग्रियों वाले 53 फीसद, चार साल की कॉलेज उच्च डिग्री वाले 37 प्रतिशत और स्नातकोत्तर डिग्री वाले 34 फीसद मतदाता डोनाल्ड ट्रम्प का समर्थन करते हैं। यानी, उच्च शिक्षित लोग ट्रम्प को उतना पसंद नहीं करते।

सबके बावजूद, साल 2024 ट्रम्प के लिए सहज नहीं है। ट्रम्प के खिलाफ शुरू होने वाले मुकदमों में वो फैमिली बिजनेस है, जिसमें उनके बेटे धोखाधड़ी के मामले में संलिप्त पाये गये थे। फैमिली बिजनेस वाले गड़बड़झाले में ट्रम्प भी शामिल हैं। ट्रम्प के विरुद्ध 2020 चुनाव हारने के दौरान गुंडई करने, यौन उत्पीड़न और मानहानि का मुकदमा भी है। न्यायाधीश ने निष्कर्ष निकाला कि ट्रम्प ने महिला स्तंभकार के साथ अनुचित संबंध बनाए और फिर इससे इनकार किया। वर्ष 2024 के मुकदमे में यह तय होना है कि ट्रंप को लेखिका को बदनाम करने के लिए कितना भुगतान करना होगा। सबके बावजूद ट्रम्प को भारत का एक बड़ा हिस्सा पसंद करता है। उसकी वजह है, हाउडी मोदी।

# लोकतंत्र के मंदिर में पुनः स्थापित हो संसदीय गरिमा

**राजेश रामचंद्रन**

सांसदों के बिना संसद गोमाता विहीन गोशाला सरीखी है या बिन मूर्ति के मंदिर समान! इससे पहले कि मेरे इन शब्दों को माननीय सदस्यों या पूजनीय गोमाता की बेइज्जती करने की धृष्टता मानकर भीड़ मेरी मॉब लिंचिंग पर उतारू हो, कृपया नोट करें कि मैंने सांसदों का जिक्र नहीं किया। मूर्ति यहां संसदीय विमर्श है तो मंत्र है, आपसी बहसझ्र ताकि वाद-विवाद से विचारों का आदान-प्रदान हो। संसद की उपमा को मंदिर के रूप में आगे बढ़ाते हुए, वास्तव में लोकतंत्र की इस देवी की आराधना मुख्य पुजारी बिना नहीं हो सकती और यह भूमिका होती है विपक्ष की।

तो, संसद के वर्तमान शीतकालीन सत्र की समाप्ति मुख्य पुजारी की बाहर बैठकर धूप सेंकने, अध्यक्षता करते माननीय अर्थात राज्य सभा अध्यक्ष, जो कि देश के उप-राष्ट्रपति भी हैं, की नकल करने से हुई। जब आप धूप सेंक रहे हों एवं करने को कुछ और न हो, और मोबाइल फोन पास हो, तो सेल्फी लेने या एक-दूजे की चुहलबाजी और अभिनय की रिकॉर्डिंग के अलावा और क्या काम। तथापि, एकल-पार्टी-आधिपत्य वाली सरकार के मानकों के मुताबिक भी, 146 विपक्षी सांसदों की बर्खास्तगी संसदीय बहस की रिवायत को बहुत बड़ा आघात है।

यदि संसद का मतलब केवल सरकारी कामकाज चलाना और नए कानून पारित करने के पहले विपक्षियों को निकाल बाहर करना ताकि पीछे बचें, बेंच बजाकर समर्थन करने वाले सत्ता पक्ष के सदस्य, तो क्या यह मंजर हमारे लोकतंत्र के लिए सही है? फिर किस मुंह से विदेशी प्रेस और विदेशी धन प्राप्त टिप्पणीकारों को दोष दे सकते हैं, जब वे मेड इन इंडिया पार्लियामेंट 2.0 को एक ढकोसला करार देते हैं? विपक्ष के कटाक्ष और टोटा-टाकी, शब्द-वाण, वॉक-आउट और कार्रवाई स्थगन, यह सब कानून बनाने की प्रक्रिया को वैधता प्रदान करते हैं। जब कभी कोई कानून तीखी बहसों, एतराजों के बाद अंततः पारित होता है, तो उससे देश की वैधानिक गांभीर्य जुड़ जाता है। बेशक कानून बनाने वाली संसद अब नए भवन में है, लेकिन कानून-निर्माण की नई प्रक्रिया को अधिक दक्ष बनाने और वर्तमान चलन के नाम पर इसकी लोकतांत्रिक भावना की भव्यता नहीं छीन सकती, जो कि इसकी काबिलियत है।

वैसे भी हमने देख लिया कि कैसे नए भवन की सुरक्षा व्यवस्था, एक घुसपैठिए को जूते के तले में स्मोक-कैनिस्टर छिपाकर लाने और फिर दर्शकदीर्घा से सदन में छलांग लगाने से रोकने में अक्षम सिद्ध हुई है। यह हमारे लोकतंत्र के गर्भ-गृह पर हमला था। यह लेखक 13 दिसम्बर, 2001 के दिन संसद भवन में मौजूद था, जब आतंकी हमला हुआ। भीषण मुठभेड़ में सभी हमलावरों को मार गिराने के बाद, जिसमें हमारे आठ वीर जवान और एक आम नागरिक शहीद हुए, तत्कालीन गृह मंत्री एलके आडवाणी और कानून मंत्री अरुण जेतली ने स्थिति का जायजा लेने के लिए परिसर का चक्कर लगाया था और तब सुरक्षा में सेंध को लेकर उनसे की गई जवाबतलबी याद आ रही है।

इस पर आडवाणी ने 18 दिसम्बर, 2001 को लोकसभा में वक्तव्य दिया था (हालांकि शुक्रवार को द ट्रिब्यून के स्तंभकार और सुपरकॉप जुलियो रिबैरो ने अपने लेख में आडवाणी को भूलवश तत्कालीन नेता-प्रतिपक्ष बताया है)। आडवाणी ने अपने बयान में भारतीय संसद पर हमले का इल्जाम देश के भितरघातियों और पाकिस्तान बैठे योजनाकारों पर लगाया। इस बार भी, विपक्ष ने उसी प्रकार बयान की मांग की थी। बेशक यहां पर दोनों हमलों के बीच सीधी तुलना नहीं हो सकती क्योंकि जहां एक में संसद परिसर के अंदर पांच आतंकी मारे गए थे वहीं दूसरे प्रसंग में घुसपैठिए ने केवल स्मोक कैनिस्टर का उपयोग किया है। यदि इसे पुनरावृत्ति ही कहा जाए तो इतिहास प्रतीक-प्रहसन के रूप में दोहराया गया।

लेकिन फिर यह भी हो सकता है कि स्मोक कैनिस्टर में मारक गैस होती, जिससे देश के शीर्षस्थ नेतृत्व की सुरक्षा को एकमुश्त गंभीर खतरा बन सकता था। यह सोचना भयावह है लेकिन सरकार द्वारा इस विषय पर विश्वास स्थापना विमर्श करवाए बिना, इस कयास को खारिज नहीं किया जा सकता। विपक्ष द्वारा सुरक्षा चूक पर विस्तृत जानकारी और संभावित सुधारक उपायों पर चर्चा की मांग करना जायज है। संसद उनकी भी उतनी ही है। इसकी बजाय, उन सांसदों को एक के बाद एक कर निलंबित कर दिया गया। यहीं पर राज-व्यवस्था में आया आमूल परिवर्तन साफ दिखाई देता है। पूर्व में संसदीय प्रक्रिया चलाने को सही मायने में चलाने और दिशा देने में विपक्ष का बहुत बड़ा योगदान रहा है।

एक अखबार में किया गया रहस्योद्घाटन विपक्ष के लिए संसद में स्थगन के लिए दबाव बनाने में काफी होता है। किसी पत्रकार के लिए उसके काम की इससे बढ़कर कोई मान्यता नहीं हो सकती कि उसकी लिखी खबर के परिणामवश सदन में बहस के बाद कामकाज स्थगित करना पड़े। इस लेख का लेखक तीन मौकों पर अपनी रहस्योद्घाटन खबरों से संसदीय कामकाज स्थगित होने को अपना सबसे बड़ा सम्मान पदक मानता है, यह किसी भी पत्रकारिता सम्मान से कहीं बढ़कर है। जब पूरा विपक्ष एकजुट होकर, किसी अखबार की प्रति हाथ में लेकर, सदन में खड़ा होकर नारेबाजी करने लगे, और लाचार होकर अध्यक्ष सदन स्थगित कर दे, तो यह घटना पुनः अगले दिन की मुख्य सुर्खियां बनती है। जितना अधिक विपक्ष का दबाव होगा, उतना ही अधिक सत्तापक्ष को समझौताकारी होना पड़ेगा, जो कि संयुक्त संसदीय जांच कमेटी बनाने पर राजी होने जितना बड़ा हो सकता है।

चाहे तो विपक्ष के इन पैंतरों को संसदीय मोल-भाव कहिए या ब्लैकमेल। किसी सरकार को अपना विधायी कामकाज चलाना है, तो विपक्ष की मांगों पर ध्यान देना पड़ेगा। इस प्रकार, प्रत्येक रहस्योद्घाटन (कई मर्तबा खुद सरकार अथवा किसी कॉर्पोरेट लॉबीकर्ता द्वारा नियोजित) या फिर कोई भी घटना हो, उसका अपना एक जीवनकाल होता है, जो अकसर सरकार को कमजोर, लड़खड़ाई और लगातार बचाव की मुद्रा में ला देता है। लेकिन अब यह बदल चुका है। विपक्ष के दबावों के सामने झुकने और उसको संसदीय एजेंडा को हर लेने का मौका देने की बजाय सरकार ने रोधक पैंतरा घड़ लिया है झ्र नारे लगाने वाले सांसदों का निलंबन।

वास्तव में, विपक्षी सांसदों का निलंबन सरकार के लिए शर्मिंदगी की वजह है और लोकतांत्रिक छवि को कमजोर बनाता है। लेकिन लगता है इस सरकार ने दो किस्म की किरकिरीझ्र स्थगन एवं निलंबन झ्र के नफा-नुकसान का आकलन करने के बाद, स्थगन से बचने को निलंबन रूपी विकल्प को चुनने का फैसला कर लिया है। स्थगन से सरकार के दोषी होने का अहसास होता है जबकि निलंबन इसको दबंग किंतु मजबूत (बल्कि आज यह भयावह रूप से है) पेश करता है और इसमें ज्यादा दिमाग लगाने की जरूरत नहीं कि मौजूदा सत्ताधारियों को अपनी ऐसी छवि से परहेज नहीं है या इन विशेषणों के अभ्यस्त हो चुके हैं या फिर इन्हें रोजमर्रा की आलोचना की तरह लेते हैं।

हालांकि, सुरक्षा में सेंध एक अवसर था कि सरकार अपनी व्यवस्था की गलतियां स्वीकार करती कि कैसे संसद की सुरक्षा संभाल रहे लापरवाह कर्मी ने बैठे-बैठे आगंतुक की रस्मी जामा-तलाशी ली (अपनी यह पुरानी आदत नहीं बदलते)। अफसोस, एक मजबूत सरकार को अपवाद स्वरूप ही सही, अपने अभेद्य कवच में किसी दरार को कबूलना गवारा नहीं। सरकार को लोकतंत्र के मंदिर में संसदीय विमर्श रूपी देवी की पुनर्स्थापना हेतु अपने संसदीय पैंतरों पर पुनर्विचार की जरूरत है।

# संकल्प यात्रा के जरिये लोगों को लेना होगा संकल्प : महेंद्र नाथ पांडेय



प्रखर पिंडरा वाराणसी। केंद्रीय मंत्री महेंद्र नाथ पांडेय ने कहाकि पीएम ने विकसित संकल्प यात्रा के जरिये समाज को जो गति देने का काम किया वह संकल्प सभी के सहयोग से 2047 तक पूर्ण होगा। उक्त बातें सोमवार को पिंडरा महोत्सव के दौरान बतौर मुख्यातिथि कही। उन्होंने कहाकि पीएम मोदी को पार्ट वन व पार्ट टू में जिस तरह समर्थन मिला उसे पार्ट थ्री में दिखाने की जरूरत है। मोदी संकल्प को जन जन के सहभागी बनने पर ही पूर्ण होगा। , नौजवानों बेटी व विकसित करने का जो संकल्प लिया उसके लिए सभी को सारथी बनना पड़ेगा। गोरखपुर के सांसद व अभिनेता रवि किशन ने कहाकि इसी माटी से पल बढ़कर आज देश में उपलब्धि हासिल किया है। उन्होंने पीएम मोदी को बेटियों व बहनों से धन्यवाद देने का आह्वान किया कि अब आप भी पीएम के साथ संसद में बैठ सकती है। लोकसभा में महिला आरक्षण बिल पास होने से महिलाओं को बराबरी का हिस्सा मिला है। आजमगढ़ के सांसद व भोजपुरी गायक व अभिनेता दिनेश लाल यादव निरहुआ ने कहाकि अब कोई दलित , पिछड़ा व शोषित या सम्प्रदाय को डरने की जरूरत नही है। पीएम मोदी व सीएम योगी का नेतृत्व समाज के सर्व विकास की अवधारणा को पूरा कर रहे हैं। आज प्रदेश का नेतृत्व एक दार्शनिक कर रहा है। जब एक दार्शनिक शासन करता है तो प्रशासन को खुली छूट मिल जाती हैं।

इसके पूर्व केंद्रीय मंत्री व सांसद द्वय ने दीप प्रज्वलित कर दूसरे दिन के कार्यक्रम का आगाज किया। कार्यक्रम के दौरान मंच पर कलाकारों को सम्मानित किया। स्वागत सांसद वीपी सरोज, संचालन आशुतोष पांडेय व धन्यवाद ज्ञापन विधायक डॉ अवधेश सिंह ने किया। इस दौरान वाराणसी के मेयर अशोक तिवारी, डीएम एस राजलिंगम, एमएलसी हंसराज विश्वकर्मा, डॉ दिनेश पांडेय, प्रभुनाथ दाढ़ी, बबलू मिश्रा , प्रभात सिंह मिंटू, शैलेश पांडेय, प्रवीण तिवारी, रजनीकांत राय, विजय सिंह डब्बू, रमाकांत सिंह समेत अनेक गणमान्य लोग रहे।

## आयुष्मान आपके द्वार कार्यक्रम आज से, बनवा लें आयुष्मान कार्ड

प्रखर कुशीनगर। आयुष्मान भव कार्यक्रम के तहत आयुष्मान आपके के द्वार कार्यक्रम 26 दिसम्बर से शुरू होगा, जो 10 तनवरी 2024 तक चलेगा। ऐसे में सीएमओ ने पात्र जन सामान्य से अपील है कि वह अपने नजदीक के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पर जाकर अपना आयुष्मान कार्ड बनवा लें। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुरेश पटारिया ने बताया कि एक अभियान के तहत 26 दिसम्बर से नगरीय क्षेत्र आए आयुष्मान भारत योजना के लाभार्थियों का आयुष्मान कार्ड बनेगा।



पांच से अधिक संख्या वाले पात्र गृहस्थी कार्ड धारकों के परिवार वालों तथा 60 वर्ष से अधिक आयु के पात्र सीनियर सिटीजन का भी कार्ड बनाया जाएगा। इस कार्ड के माध्यम से प्रति वर्ष प्रति परिवार पांच लाख रुपए तक का निःशुल्क इलाज की सुविधा प्राप्त कर सकेगा। पात्र लाभार्थी आयुष्मान कार्ड बनाकर सरकारी की महत्वाकांक्षी योजनाओं का लाभ उठा सकते हैं। सीएमओ ने यह भी अपील की है कि जिन परिवार के किसी एक सदस्य का आयुष्मान कार्ड बन गया है उस परिवार के बाकी सदस्य छूट गए हो वह लोग भी अपना कार्ड जरूर बनवा लें। ताकि योजना का लाभ प्राप्त कर सकें। सीएमओ ने कहा कि नगरीय क्षेत्र के 888 परिवार आयुष्मान भारत योजना के तहत चिन्हित किए गए हैं। इन सभी परिवारों से अपील है कि वह अपने नजदीक के पीएचसी, सीएचसी पर जाकर कार्ड जरूर बनवा लें। अवसर न चुकें।

# विकसित भारत में युवाओं की भूमिका संगोष्ठी का आयोजन

नगरा बलिया। श्री नरहेजी महाविद्यालय नरही में विकसित भारत में युवाओं की भुमिका विषयक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी का शुभारंभ मुख्य अतिथि देवेंद्र पीजी कॉलेज बेल्थरारोड के असिस्टेंट प्रोफेसर डा समरजीत सिंह एवं जेएनसीयू बलिया के एनएसएस के समन्वयक डा कृष्ण कुमार सिंह ने मां सरस्वती के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित कर किया। अपने संबोधन में डा समरजीत सिंह ने कहा कि यदि अतित में झांककर देखे तो हम विश्वगुरु थे। और न जानें किन कारणों से अपनी सभ्यता एवं संस्कृति को त्यागकर पश्चिमी संस्कृति का



अनुकरण करते हुए पिछड़ गए। हमे पुनः अपनी सोच को बरकरार रखते हुए अग्रणी भूमिका अदा करने के लिए तैयार रहना होगा। डा कृष्ण कुमार सिंह ने कहा कि हमारा देश हर तरह से विकसित होगा। इसके सभी सोपानों को पूर्ण होंगे। तभी यह पूर्ण रूपेण विकसित होगा। इसमें युवाओं की बड़ी भुमिका होगी। युवाओं को इसके लिए तन मन से तत्पर रहना होगी क्योंकि कोई भी भूमि या धरा बलिदान मांगती है। डा सुशील सिंह ने वेद मंत्रों का हवाला देते हुए कहा कि पुनर चेतना की जरूरत है, तभी देश खुशहाल एवं समृद्ध होगा।

## श्री राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के प्रदेश अध्यक्ष राकेश सिंह रघुवंशी के हाथों पिंडदान एवं अन्य कर्मकांड कराया गया सम्पन्न

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार भारत माता के वीर सपूत, महान विभूति एवं सर्व समाज के रक्षक ठाकुर सुखदेव सिंह गोगामेडी का अस्थि कलश लेकर श्री राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के प्रदेश अध्यक्ष राकेश सिंह रघुवंशी वाराणसी में लहुराबीर स्थित आजाद पार्क पहुंचे जहां पहले से करणी सैनिकों के नेतृत्व में सर्व समाज की भारी भीड़ ठाकुर गोगामेडी को श्रद्धांजलि देने एवं उनकी अस्थि कलश यात्रा में शामिल होने लिए सुबह से ही जुटना शुरू हो गए थे। आजाद पार्क में श्रद्धांजलि सभा के पश्चात अस्थि कलश यात्रा प्रारंभ हुई जो की दोपहर दशाश्वमेध घाट पहुंची जहां विद्वान कर्मकांडी ब्राह्मणों के द्वारा प्रदेश अध्यक्ष राकेश सिंह रघुवंशी के हाथों पिंडदान एवं अन्य कर्मकांड आदि संपन्न कराया गया।



कार्यक्रम में वाराणसी के अलावा प्रदेश के अन्य जनपदों जैसे जौनपुर, गाजीपुर, चंदौली, मिजार्पुर, आजमगढ़, प्रयागराज, भदोही, सोनभद्र आदि जनपदों से करणी सैनिक एवं सामान्य जनमानस सम्मिलित हुए ` श्री राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के वाराणसी जनपद के उपाध्यक्ष एवं इस कार्यक्रम हेतु नामित अध्यक्ष प्रेम सिंह द्वारा कार्यक्रम में सम्मिलित सभी लोगों का आभार व्यक्त किया गया एवं जिलाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह द्वारा धन्यवाद ज्ञापित किया गया। कार्यक्रम जिला प्रभारी गणेश सिंह की देखरेख में कार्यक्रम संपन्न हुआ। मुख्य रूप से डॉ. अशोक सिंह (सिंह मेडिकल), मुरलीधर सिंह (सेंट्रल बार अध्यक्ष),डॉ एम एन सिंह,भानु प्रताप सिंह व अन्य संगठन के पदाधिकारी उपस्थित थें।

# श्रेष्ठ भारत के स्वप्न द्रष्टा थे महामना - मेयर अशोक कुमार तिवारी



प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। महामना मदनमोहन मालवीय ने श्रेष्ठ भारत का स्वप्न देखा था और उसे साकार करने के लिए आजीवन यत्न किया यह कहना है मेयर अशोक कुमार तिवारी का सोमवार को महामना की 163वीं जयंती के मौके पर सेवाज्ञ संस्थानम् की ओर से आयोजित पंद्रह दिवसीय महामना महोत्सव के उद्घाटन समारोह को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे` नई सड़क स्थित सनातन धर्म इंटर कॉलेज में आयोजित समारोह में मेयर ने कहा कि महामना ने समाज की दशा और दिशा बदलने के लिए मूल्यपरक शिक्षा की सुलभता को जरूरी समझा। काशी हिन्दू विश्वविद्यालय की स्थापना कर देश को ऐसे स्नातकों की मालिका दी जो विश्व में भारतीय संस्कृति के दूत बने ,मुख्य वक्ता बीएचयू के प्रो. अवधेश प्रधान ने कहा कि मालवीय जी ने राष्ट्रीय आंदोलन को नई दिशा दी। महामना के विचार अनुकरणीय है` अध्यक्षता कर रहे उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा चयन बोर्ड के पूर्व सदस्य डॉ हरेंद्र कुमार राय ने कहा कि महामना का उद्देश्य देश के नौजवानों को भारतीय संस्कृति में निहित मूल्यों से परिचित कराकर सुनहरे भारत का निर्माण था` इस मौके पर प्रधानाचार्य डॉ जयप्रकाश पांडेय, डॉ. प्रतिभा यादव, चारुचंद्रराम त्रिपाठी ने विचार व्यक्त किए प्रारंभ में अतिथियों ने महामना मदनमोहन मालवीय और पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया। संचालन डॉ लोकेंद्र चंद्र ने किया महानगर संयोजक भावेश उपाध्याय ने बताया की महामना महोत्सव के अंतर्गत 6 जनवरी तक जिले के 10 इंटर कॉलेजो में 10 प्रतियोगिताएं होंगी, दूसरे दिन मंगलवार को महमूरगंज स्थित निवेदिता शिक्षा सदन में 21वीं सदी का भारत और महामना की दृष्टि विषयक संभाषण प्रतियोगिता होंगी इसमें 50 इंटर कॉलेज के विद्यार्थी हिस्सा लेंगे।

## राज्य स्तरीय डायमंड क्रिकेट प्रतियोगिता दस जनवरी से



नगरा बलिया। डायमंड क्रिकेट क्लब की एक आवश्यक बैठक जनता इंटर कॉलेज नगरा के क्रीडांगन में शुक्रवार को सायंकाल सम्पन्न हुई। बैठक में सर्व सम्मति से ओके जायसवाल संयोजक,डा संजय सिंह अध्यक्ष, चुलबुल पाण्डेय व इरफान अहमद उपाध्यक्ष, दिलीप सिंह सचिव, पिंकू गुप्ता व धर्मपाल कोषाध्यक्ष चुने गए। इसके आलावा मो आरिफ, शिवलाल यादव, सदाकत अली, कृष्णा यादव व जुगनू सिंह को व्यवस्थापक चूना गया। बैठक में 10 जनवरी 2024 से राज्य स्तरीय डायमंड क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन करने का निर्णय लिया गया।प्रतियोगिता में पटना, लखनऊ, फैजाबाद, बक्सर, भदोही, प्रयागराज, वाराणसी, आजमगढ़ व भदोही आदि की टीमों को बुलाने पर विस्तृत विचार विमर्श किया गया। बैठक में प्रो समरजीत बहादुर सिंह, बशीर शाह, अयान इश्तेयाक, मो आसिफ, अब्दुल्लाह शाह, शमशाद आदि मौजूद रहे।

## अटल बिहारी वाजपेई व पंडित मदन मोहन मालवीय का जन्म दिवस तथा क्रिसमस कार्यक्रम धूमधाम से मनाया

प्रखर रामनगर वाराणसी। डोमरी पड़ाव वाराणसी स्थित बाल विद्यालय माध्यमिक स्कूल में भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई जी एवं भारत रत्न, काशी हिंदू विश्वविद्यालय के संस्थापक पंडित मदन मोहन मालवीय जी का जन्म दिवस तथा क्रिसमस (बड़ा दिन) का कार्यक्रम धूमधाम से मनाया गया। सर्वप्रथम विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती नीता त्रिपाठी ने दोनों महापुरुषों के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।



तत्पश्चात विद्यालय के नन्हे मुन्ने बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया। बच्चों ने सांता क्लाज का रूप धर के एक दूसरे को टॉफी, चॉकलेट तथा अन्य प्रकार के गिफ्ट वितरित किए। विद्यालय की प्रधानाचार्या ने दोनों महापुरुषों को नमन किया तथा बच्चों से उनके आदर्शों पर चलने को कहा। कार्यक्रम में मोहन यादव, सोनिया त्रिपाठी, अनीता पांडेय, श्वेता पांडेय, किरण शर्मा, पीयूष दुबे, हरेंद्र पांडेय, दीपक मिश्रा आदि अध्यापक अध्यापिकाए मौजूद रहे।

# सन् 2047 तक गाँव का हर व्यक्ति होगा खुशहाल देश बनेगा विकसित - प्रमोद वर्मा



प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। आज जखनिया विकास खंड के मुड़ीयारी व कौला जखनिया ग्राम सभा में विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मां वीणा वादिनी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर दीप प्रज्वलित करके किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष प्रमोद वर्मा ने कहा कि यह देश का यह अमृत काल चल रहा है, देश के जन सेवक सबके दुख सुख के साथी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश का किसान, नौजवान, गरीब, शोषित, वंचित आदिवासी, माताओ, बहनों, छोटे उद्यमियों के जन कल्याण के लिए भारत सरकार द्वारा कई कल्याणकारी योजनाएं संचालित की जा रही हैं, जिनका लाभ करोड़ों करोड़ों लोगों को मिल रहा है। वर्मा ने दावे के साथ कहा कि जितना पक्का आवास, हर घर शौचालय, आयुष्मान कार्ड द्वारा लोगों का इलाज, हर गांव घर बिजली और छोटे उद्यमी को मोदी के गारंटी पर रोजगार करने के लिए पैसा किसानों को सम्मान निधि मिला है पूर्व की किसी सरकार ने इतना काम कभी नहीं किया है। वर्मा ने कहा भारत की आत्मा देश के गांव में बसती है, जब तक गांव का हर व्यक्ति खुशहाल नहीं होगा देश विकसित नहीं हो सकता। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 2014 में शपथ लेते ही अपना पूरा जीवन देश की जनता और गरीबों को समर्पित कर दिया। आज उनकी देन है देश गरीबों का उत्थान करते हुए प्रगति की राह पर चल पड़ा है। आज मोदी के नेतृत्व में देश खुशहाल हुआ है, भय, भ्रष्टाचार, आतंकवाद खत्म हुआ है और देश नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में जी-20 की अध्यक्षता कर रहा है। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सपना है की आजादी के 100 वर्ष 2047 में पूरे होने जा रहे हैं, अपना देश विकसित देश बने और विश्व का सबसे मजबूत शक्तिशाली देश बने, और यह तभी सम्भव है जब सबका साथ मिलेगा, सबका विकास होगा। विशिष्ट अतिथि भाजयुमो प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश राजभर ने कहा किसानों नौजवानों की बात सबसे करते थे पर उनके जीवन में परिवर्तन लाने का काम नरेंद्र मोदी ने किया है।

आज सरकार की सारी योजनाएं शत प्रतिशत लोगों तक पहुंच रही हैं। जो योजना जानकारी के अभाव में नहीं पहुंच पा रही है तो यह मोदी की गाड़ी आई है इन योजनाओं से अवगत हो और जो भी अपने भाई उसके पात्र हैं इन योजनाओं का लाभ उठाएं। वक्ताओं ने इस अवसर पर दोहे भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई व पंडित मदन मोहन मालवीय को भी उनके जन्म दिवस पर नमन किया। और उनके सुशासन तथा शिक्षा पर किए गए कार्यों से लोगों को अवगत कराया। इस मौके खंड विकास अधिकारी संजय गुप्ता, कौला जखनिया ग्राम प्रधान किरण देवी, मुड़ीयारी ग्राम प्रधान सविता यादव, भाजपा मंडल अध्यक्ष उमाशंकर यादव, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि वीरेंद्र यादव, मंडल महामंत्री धर्मवीर राजभर, वरिष्ठ भाजपा नेता इंद्रदेव कुशवाहा, पंकज सिन्हा, नंदलाल प्रजापति, संतोष सिह गप्पू, सुनील कुमार गुप्ता, अशोक यादव, शिवाकांत सिंह, मनोज गुप्ता, अजय विक्रम सिंह, लालजी चौहान, दीपक शर्मा, वरुण यादव, रामधारी यादव सहित ग्राम सभा के प्रमुख लोग सभी विभागों के कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अध्यक्षता भूतपूर्व प्रधानाचार्य विहस्पति पांडेय व संचालन भाजपा युवा मोर्चा के मंडल अध्यक्ष प्रशांत सिंह ने किया।

# संक्षिप्त खबरें

## मार्क्सवादी कम्यूनिस्ट पार्टी की बैठक सम्पन्न, पिछले कार्यवाहियों पर हुई समीक्षा

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। भारत की कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी माकपा की जिला कमेटी की बैठक अष्टभुजी कॉलोनी गाजीपुर में राव वीरेंद्र की अध्यक्षता में संपन्न हुई पार्टी के जिला सचिव जिला कमेटी के सदस्यों को संबोधित करते हुए पार्टी के जिला मंत्री विजय बहादुर सिंह ने पिछली करवाई और कामकाज की समीक्षा करते हुए कहां की जो भी फैसला पिछली कमेटी द्वारा लिया गया था उसे पार्टी के सदस्यों ने गड़बड़ कर हिस्सा लेकर सफल बनाया और भाविक कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पार्टी सदस्यों की भर्ती कर इन्हें पार्टी का पूर्ण सदस्य बनाए और इंडिया गठबंधन को मजबूत करें हर हाल में संविधान लोकतंत्र धर्मनिरपेक्ष की रक्षा करें और समाजवादी विचार व्यवस्था को मजबूत करते हुए आज आजादी क्रांति की तरफ आगे बढ़े और विचार विमर्श में कामरेड आर्यन राय अफजल जोगिंदर यादव मारकंडे प्रसाद एसके राय नसरुद्दीन सहित अन्य सदस्य गढ़ शामिल रहे।

## दानगंज से मार्कण्डेय महादेव तक श्रीराम की भव्य शोभायात्रा निकाली गई



प्रखर दानगंज वाराणसी। सैकड़ों वर्षों बाद राम अयोध्या में विराजमान होने जा रहे हैं। जिससे पूरे विश्व में हर्षोल्लास का माहौल है। जगह-जगह पर राम के प्राण प्रतिष्ठा के पूर्व शोभायात्रा निकालकर राम के प्रति लोग अपनी आस्था दिखा रहे हैं। इसी क्रम में दानगंज से चोलापुर होते हुए धरसौना बेला मुनारी चौबेपुर के रास्ते कैथी मारकंडेय महादेव तक श्रीराम की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। बतादे कि भगवान श्रीराम के जन्म भूमि अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा के पूर्व वाराणसी के चोलापुर, दानगंज क्षेत्र में भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया। बता दें कि श्रीराम की भव्य शोभायात्रा विश्व हिंदू परिषद व संघ के तत्वाधान में निकाली गई। वर्षों बाद राम अयोध्या में विराजमान हो रहे हैं, इसी को लेकर पूरे देश में हर्षोल्लास का माहौल है। उसी क्रम में चोलापुर क्षेत्र के युवाओं ने भव्य शोभायात्रा निकालकर अपनी आस्था राम के प्रति जाहिर की। श्री राम की भव्य शोभा यात्रा में मनोज पांडे जिला संपर्क प्रमुख विहिप, संपूर्णा नंद त्रिपाठी सह जिला संपर्क प्रमुख विहिप, सुजीत सिंह, आशुतोष सिंह खंड कार्यवाह चोलापुर आरएसएस, धीरज सिंह, दिग्विजय सिंह, राजीव पाण्डेय, राहुल चौबे, अभिनव चौबे, सुशील चौबे, व अखिलेश चौबे सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

## हादसा : ट्रेन की चपेट में आने से युवक की दर्दनाक मौत, शव की हुई पहचान

प्रखर खेतासराय जौनपुर। मानी कला हाल्ट के पास ट्रेन की चपेट में आने से एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर अंत्यपरीक्षण के लिए भेजा दिया । मृतक की शिनाख्त 28 वर्षीय राजमन गौतम पुत्र नगई राम निवासी ग्राम अर्जनपुर के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार वह शाम को गुरैनी के लिए निकला था । घटना की सूचना खेतासराय स्टेशन मास्टर सुरेश कुमार यादव ने स्थानीय थाने को दी।

## क्रिसमस पर रोटरी क्लब ने मलिन बस्ती में बांटा ठंड से बचाव की सामग्री



कुशीनगर। क्रिसमस पर सोमवार को अंतर्राष्ट्रीय सामाजिक संगठन रोटरी क्लब कुशीनगर के द्वारा प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी मलिन बस्ती में ठंड से बचाव संबंधित सामग्री को वितरित किया गया। नेशनल हाईवे 28, कसया स्थित मलिन बस्ती में बुजुर्गों, बच्चों एवं महिलाओं के मध्य कंबल, स्वेटर, ऊलेन टोपी, कॉपी, पेन, चिप्स, चॉकलेट इत्यादि का वितरण किया गया। इस अवसर पर रोटरी के अध्यक्ष वाहिद अली ने कहा कि रोटरी द्वारा प्रत्येक धार्मिक और राष्ट्रीय पर्व पर समाज के जरूरतमन्दों के बीच पहुँचकर उनके सहयोग का प्रयास किया जाता है। इस अवसर पर रोटरी के अध्यक्ष वाहिद अली, वरिष्ठ उपाध्यक्ष विजय कुमार गुप्ता, उपाध्यक्ष संदीप रौनियार, कोषाध्यक्ष दुर्गेश चतुवेर्दी, पूर्व अध्यक्ष अनिल जायसवाल, संयुक्त कोषाध्यक्ष सदरे आलम, निदेशक अमित श्रीवास्तव, निदेशक अंकुर तुलस्यान, रक्तदान संयोजक विजय कृष्ण द्विवेदी, अरूण कुमार वर्मा, राजीव तिवारी एवं आदिल खान उपस्थित रहे।

## उमेश हत्याकाण्ड मामले में कार्रवाई को लेकर सौंपा ज्ञापन



प्रखर जौनपुर। फतेहगंज निवासी उमेश चन्द्र सेठ की हत्या के संदर्भ में निम्न मांगों को लेकर जौनपुर सरार्फा एसोसिएशन एवं सोनार नरहरि सेना के पदाधिकारियों ने एसपी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में उन्होंने मांग किया है कि घटना में शामिल बदमाशों को दो दिनों के अंदर गिरफ्तार कर कठोर से कठोर कार्रवाई करते हुए फांसी की सजा का पैरवी किया जाए। पीड़ित परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी व पीड़ित परिवार को एक करोड़ रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान की कराया जाए। परिवार को शस्त्र लाइसेंस प्रदान कराया जाए। पीड़ित परिवार के घर व दुकान पर सुरक्षाकर्मी को तुरन्त तैनात किया जाए। इस घटना की किसी जांच एजेंसी की टीम गठित करके जांच कराया जाए। ज्ञापन सौंपने वालों में जौनपुर सरार्फा एसोसिएशन के अध्यक्ष अमर जौहरी, सुजीत वर्मा जिलाध्यक्ष सोनार नरहरि सेना, शुभम सोनी, राजा सेठ, सूरज सोनी आदि मौजूद रहे।




**आईएनएस इंफाल**

- **ऊंचाई:** 57 फीट
- **लंबाई:** 535 फीट
- **वजन:** 7,400 टन
- **रफ्तार:** 56 किमी प्रति घंटा
- **क्षमता:** 42 दिन तक युद्ध लड़ने में सक्षम
- **तैनात:** 300 सैनिक की हो सकती है तैनाती

**ताकत**

- 32 बराक आठ मिसाइल
- 16 ब्रह्मोस एंटी शिप मिसाइल
- 04 टॉरपिडो ट्यूब्स
- 02 एंटी-सबमरीन रॉकेट लांचर्स
- 02 ध्रुव और सी किंग हैलिकॉप्टर तैनात

### सबसे कम समय में बनकर तैयार हुआ

फाल के बनाने और उसके टेस्टिंग में लगा समय किसी भी भारतीय डिस्ट्रॉयर वॉरशिप के बनने में लगा सबसे कम वक्त है। इंफाल की आधारशिला 19 मई 2017 को रखी गई थी और जहाज को 20 अप्रैल 2019 को पानी में उतारा गया था। इंफाल 28 अप्रैल 2023 को अपने पहले समुद्री परीक्षण के लिए रवाना हुआ था। छह महीने की रिकॉर्ड समय सीमा के भीतर 20 अक्टूबर 2023 को इसकी डिलीवरी हो गई। इसके पहले भारतीय नौसेना में प्रोजेक्ट 15बी के तहत बने आईएनएस विशाखापट्टनम को 21 नवंबर 2021 और आईएनएस मरमुगाओ को 18 दिसंबर 2022 को कमीशन किया गया था।

## आईएनएस इंफाल
# 26 दिसंबर को कमीशन होगा

**ब्रह्मोस व आधुनिक हथियारों से लैस भारतीय नौसेना का पहला वॉरशिप जिसका नाम नॉर्थ-ईस्ट से जुड़ा**

**मुंबई।** हिंद महासागर में चीन की बढ़ती घुसपैठ के बीच भारतीय नौसेना अपनी समुद्री क्षमता को बढ़ावा देने के लिए आईएनएस इंफाल को 26 दिसंबर को कमीशन करने जा रही है।

आईएनएस इंफाल को मुंबई डॉकयार्ड में कमीशन किया जाएगा। इस दौरान रक्षामंत्री राजनाथ सिंह मौजूद रहेंगे। इसके बाद वॉरशिप पश्चिमी नौसेना कमान में शामिल हो जाएगा। इस वॉरशिप को बंदरगाह और समुद्र में टेस्टिंग के बाद 20 अक्टूबर 2023 को भारतीय नौसेना को सौंप दिया गया था। इंफाल पहला वॉरशिप है, जिसका नाम नॉर्थ ईस्ट के एक शहर पर रखा गया है। इसके लिए राष्ट्रपति ने 16 अप्रैल 2019 को मंजूरी दी थी। यह डिस्ट्रॉयर वॉरशिप सतह से सतह पर मार करने वाली ब्रह्मोस, एंटीशिप सेंसर्ड मिसाइल, आधुनिक हथियारों, सर्विलांस रडार, 76 एमएमए रैपिड माउंट गन, एंटी सबमरीन और टॉरपीडो से लैस है। रक्षा मंत्रालय के मुंबई स्थित शिपयार्ड मझगांव डॉकशिप बिल्डर्स लिमिटेड (एमडीएल) ने इंफाल को बनाया है।

### 75 फीसदी हिस्सा पूर्णत स्वदेशी

इसके निर्माण में स्वदेशी स्टील डीएमआर 249-ए का इस्तेमाल किया गया है, यानी इसका 75 फीसदी हिस्सा पूरी तरह स्वदेशी है। आईएनएस इंफाल विशाखापतनम कैटेगरी के 4 डिस्ट्रॉयर वॉरशिप में से तीसरा है, जिसे भारतीय नौसेना के इन-हाउस ऑर्गनाइजेशन वॉरशिप डिजाइन ब्यूरो ने डिजाइन किया है। आईएनएस इंफाल को भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में मणिपुर के बलिदान और योगदान के लिए श्रद्धांजलि कहा गया है।

## कश्मीर में सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारी की गोली मार हत्या



**श्रीनगर।** जम्मू कश्मीर के बारामूला जिले में रविवार तड़के आतंकियों ने एक सेवानिवृत्त पुलिस अधीक्षक की गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस सूत्रों ने यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि आतंकवादियों ने मस्जिद में अजान पढ़ते समय गैंटमुल्ला पर गोली चलाई, जिससे उनकी मौत हो गयी। हमले के लिए जिम्मेदार अपराधियों को पकड़ने के लिए इलाके की घेराबंदी कर दी गई है। सेवानिवृत्त अधिकारी की पहचान मोहम्मद शफ़ी के रूप में हुई है। वह लगभग एक दशक पहले सेवानिवृत्त हो गए थे।

## बांके बिहारी मंदिर में दो महिलाओं की मौत



**वृंदावन।** उत्तरप्रदेश के वृंदावन स्थित बांके बिहारी मंदिर में रविवार को 2 महिलाओं की मौत हो गई। वे मंदिर में बांके बिहारी के दर्शन के लिए लाइन में लगी थीं। पुलिस के मुताबिक दोनों महिलाएं बीमार थीं। परिजन बिना पोस्टमॉर्टम करवाए ही उनके शव ले गए, जिसकी वजह से मौत की वजह पता नहीं चल पाई।

## मां को बिजली के खंभे से बांधा फिर बेरहमी से कर दी पिटाई



**क्योंझर।** ओडिशा के क्योंझर जिले से एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है7। एक शख्स ने कथित तौर पर अपनी 70 साल की मां की क्रूरता से पिटाई कर दी। क्योंकि, उन्होंने उसके (बेटे) खेत से फूलगोभी तोड़ ली थी।

### डीएमके सांसद दयानिधि बोले- अंग्रेजी बोलने वालों को आईटी कंपनियों में नौकरी मिलती है
# उत्तरप्रदेश और बिहार के हिंदी भाषी तमिलनाडु में टॉयलेट साफ करते हैं

**चेन्नई।** तमिलनाडु के डीएमके सांसद दयानिधि मारन ने कहा है कि यूपी-बिहार के हिंदी बोलने वाले लोग हमारे राज्य में आकर टॉयलेट और सड़क साफ करते हैं। वे सिर्फ हिंदी सीखते हैं। उन्हें अंग्रेजी बोलनी नहीं आती। जो अंग्रेजी सीखते हैं, वे आईटी कंपनियों में अच्छी नौकरी करते हैं। बीजेपी नेता शहजाद पूनावाला ने डीएमके सांसद का यह बयान देते हुए वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर किया है। हालांकि, ये वीडियो कब का है, इसकी जानकारी नहीं है। बीजेपी ने कहा- हिंदुओं और सनातन को गाली देना, लोगों को बांटकर राजनीति करना इंडिया में शामिल पार्टियों के डीएनए में है। ये पहला मामला नहीं है, जब डीएमके के किसी नेता ने हिंदी भाषी राज्यों पर बयान दिया है। हाल ही में संसद के शीतकालीन सत्र के दौरान डीएमके सांसद डॉ. सेंथिल कुमार ने हिंदी भाषी राज्यों को गोमूत्र स्टेट्स बताया था। लोकसभा में भाषण देते हुए सेंथिल ने 5 दिसंबर को कहा- बीजेपी की ताकत केवल हिंदी बेल्ट के उन राज्यों को जीतने में ही है, जिन्हें हम आमतौर पर गोमूत्र राज्य कहते हैं। दक्षिण के राज्यों में भाजपा को घुसने नहीं दिया गया है। सेंथिल कुमार ने राजस्थान, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव में बीजेपी की जीत के खिलाफ यह बयान दिया था। तेलंगाना में कांग्रेस की जीत हुई थी। मिजोरम सहित इन 5 राज्यों में विधानसभा चुनाव के नतीजे 3 दिसंबर को आए थे।



### तमिलनाडु सीएम बोले- हम हिंदी के गुलाम नहीं

गृह मंत्री अमित शाह ने 4 अगस्त को एक बैठक में कहा था कि सभी राज्यों को हिंदी स्वीकार करनी चाहिए। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने इस पर आपत्ति जताते हुए 5 अगस्त को एक ट्वीट किया। उन्होंने लिखा- अमित शाह गैर-हिंदी राज्यों पर जबरदस्ती हिंदी थोप रहे हैं। तमिलनाडु इसे स्वीकार नहीं करेगा, हम हिंदी के गुलाम नहीं बनेंगे। कर्नाटक और पश्चिम बंगाल जैसे और स्टेट भी इसका विरोध कर रहे हैं।

### तमिलनाडु में हिंदी का विरोध 88 साल पुराना

तमिलनाडु के सरकारी स्कूलों में हिंदी नहीं पढ़ाई जाती है। वहां 90 के दशक तक इन स्कूलों में हिंदी के शिक्षक होते थे। बाद में इस विषय को हटा लिया गया। हालांकि, भाषा विकल्प के रूप में हिंदी आज भी है। केंद्र सरकार नई शिक्षा नीति लाने जा रही है, जिसमें तीन भाषाओं को सीखने का प्रावधान है। तमिलनाडु की छस्त्र्य सरकार इसका भी विरोध कर रही है।

# भारत को अमेरिका दे रहा था प्रवचन अब खुद अपने कृत्य पर है शर्मिंदा

## अमेरिका के दोहरे रवैये की खुल गई पोल

● **वाशिंगटन**



कैलिफोर्निया में एक हिंदू पर हमले की खबर को लेकर अमेरिका ने निंदा की है। इसके अलावा देश ने कहा कि पुलिस जवाबदेह लोगों की ढूंढ रही है। दरअसल कैलिफोर्निया के नेवार्क में श्री स्वामीनारायण मंदिर की दीवारों पर भारत विरोधी नारे लिखे गए थे। इसके अलावा मंदिर को क्षति पहुंचाने की भी कोशिश की गई।

यह सब तब घट रहा था जब अमेरिका की एजेंसी यूएस कमीशन फॉर इंटरनेशनल रिलीजियस फ्रीडम में भारत के भीतर धार्मिक स्वतंत्रता को लेकर चर्चा चल रही है। अमेरिका के भीतर हिंदू मंदिर में इस घटना ने अमेरिका को दोहरे रवैये की पोल खोल दी है।

हिंदूओं की परेशान किए जाने की घटना पर अमेरिकी विदेश मंत्रालय के दक्षिण और मध्य एशियाई मामलों के डेस्क ने एक्स पर लिखा, हम कैलिफोर्निया में श्री स्वामीनारायण मंदिर को नुकसान पहुंचाए जाने की निंदा करते हैं।

### यूएस कमीशन फॉर इंटरनेशनल रिलीजियस फ्रीडम में भारत के भीतर धार्मिक स्वतंत्रता को लेकर चर्चा जारी

**भारतीय दूतावास ने लताड़ा:** अमेरिका के सैन फ्रांसिस्को में स्थित भारतीय दूतावास ने एक्स पर अमेरिका को फटकार लगाते हुए लिखा कि हम कैलिफोर्निया के नेवार्क में एसएमवीएस श्री स्वामीनारायण मंदिर की दीवारों पर भारत विरोधी नारे लिखे जाने की कड़ी निंदा करते हैं। इस घटना से भारतीय समुदाय की भावनाओं को ठेस पहुंची है। दूतावास ने लिखा कि हम अमेरिकी अधिकारियों से इस मामले में त्वरित जांच करने की मांग करते हैं।

# इजरायल-हमास युद्ध में अब तक 21 हजार लोगों की मौत

**यरुशलेम/गाजा।** इजरायल और फिलीस्तीनी कट्टरपंथी समूह हमास के बीच जारी युद्ध में अब तक 21,000 लोगों की मौत हो चुकी है।

स्थानीय मीडिया के मुताबिक गत सात अक्टूबर से जारी युद्ध में अब तक 20,258 फिलीस्तीनी मारे जा चुके हैं जबकि हमास की ओर से शुरु किए गए हमले में करीब साढ़े 12 सौ इजराइली मारे जा चुके हैं।

इजराइल रक्षा बल (आईडीएफ) ने रविवार को कहा कि फिलिस्तीनी आंदोलन हमास के साथ संघर्ष में वृद्धि में मारे गए इजरायली सैनिकों की संख्या 485 तक पहुंच गई है। आईडीएफ ने कहा कि शनिवार को आठ और सैनिक मारे गए। सेना ने कहा कि युद्ध शुरू होने से अब तक 1996 सैन्यकर्मी घायल हुए हैं, जिनमें से 321 को गंभीर चोटों के कारण अस्पताल में भर्ती कराया गया है। गौरतलब है कि गत सात अक्टूबर को, हमास ने गाजा पट्टी से इजरायल के खिलाफ बड़े पैमाने पर रॉकेट हमला किया, जबकि उसके लड़ाकों ने सीमा का उल्लंघन किया।



### पिछले 24 घंटों में 200 गाजा नागरिकों की मौत : हमास

हमास ने कहा कि गाजा पर इजरायल का हमला जारी है और पिछले 24 घंटों में गाजा में 201 से ज्यादा लोग मारे गए हैं। अल जजीरा ने गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय के हवाले से रविवार को रिपोर्ट में यह जानकारी दी। रिपोर्ट के मुताबिक इजरायली सेना वेस्ट बैंक में रात की छापेमारी के बीच बेथलहम शहर पर हमला कर रही है। इस बीच इंटरनेशनल फेडरेशन ऑफ जर्नलिस्ट्स के उप महासचिव टिम डॉसन ने कहा कि फिलिस्तीनी पत्रकारों को धमकी भरे कॉल प्राप्त हो रहे हैं, जबकि गाजा मीडिया कार्यालय के अनुसार गाजा में 100 वें पत्रकार की हत्या कर दी गई है।

## गुड न्यूज: कटरा से दिल्ली के बीच चलेगी वंदे भारत

**नई दिल्ली, (एजेंसी)।** देशभर में एक के बाद एक वंदे भारत ट्रेनों की लॉन्चिंग हो रही है। 2019 में पहली वंदे भारत ट्रेन नई दिल्ली से वाराणसी के बीच शुरू हुई थी। अब हाल में एक बार फिर से इसी रूट पर वंदे भारत लॉन्च की गई है। अब पीएम मोदी 30 दिसंबर को एक साथ छह वंदे भारत ट्रेनों को लॉन्च करने जा रहे हैं। इसी में एक ट्रेन कटरा से दिल्ली के बीच चलेगी। मालूम हो कि पहले भी दिल्ली से कटरा के बीच एक वंदे भारत ट्रेन चल रही है, जिससे मां वैष्णो देवी के भक्तों को काफी फायदा मिल रहा है।

# ड्रग तस्करी करते 15 हजार लोग हिरासत में



**कोलंबो।** श्रीलंका ने ड्रग्स की तस्करी के मामले में ऑपरेशन चलाकर 15 हजार लोगों को हिरासत में लिया गया है। इस दौरान करीब 440 किलो नशीले पदार्थ जब्त किए गए हैं। इनमें से 272 किलो भांग, 35 किलो गांजा और 9 किलो हेरोइन शामिल है। गिरफ्तार लोगों में से 13,666 तस्करी के मामले में संदिग्ध हैं, जबकि करीब 1100 लोग ऐसे हैं, जिन्हें लत लगी हुई है। इन्हें मिलिट्री फैसेलिटी में लत छुड़ाने के लिए भेजा गया है। दरअसल, श्रीलंका में ड्रग तस्करों पर लगाम लगाने के लिए इसी महीने युक्तिया (अर्थ- न्याय) नाम का स्पेशल ऑपरेशन शुरू किया गया था। पुलिस ने बताया कि क्रिसमस को देखते हुए रेड को कुछ दिनों के लिए रोका जाएगा। भारतीय एनसीबी ने श्रीलंका-मालदीव के साथ मिलकर ड्रग्स तस्करों के खिलाफ अभियान चलाया।

# फ्रांस में रोके गए 300 भारतीयों की सुनवाई शुरू, इनमें 11 नाबालिग

**पेरिस।** फ्रांस में शुक्रवार रात यूएई से निकारागुआ जा रहे एक प्लेन को मानव तस्करी के शक में रोक लिया गया। इसमें 303 भारतीय मौजूद थे, जो फिलहाल फ्रांस की हिरासत में हैं। मामले की 4 जजों के सामने सुनवाई शुरू हो गई है, जो 2 दिन तक चलेगी। इसके बाद अदालत फैसला करेगी कि उन्हें आजाद किया जाएगा या फिर हिरासत को आगे बढ़ाया जाना है।

एजेंसी की रिपोर्ट के मुताबिक, 303 में से 11 भारतीय नाबालिग हैं, जिनके माता-पिता उनके साथ नहीं हैं। वहीं, रिपोर्ट के मुताबिक प्लेन में सवार ज्यादातर भारतीय पंजाब और गुजरात के बताए गए हैं। ये लोग निकारागुआ से अमेरिका में घुसना चाहते थे। मामले को लेकर एक रिपोर्ट भारत सरकार को भेजी गई है। रविवार रात न्यूज एजेंसी एएफपी ने सूत्रों के हवाले से दावा किया कि रोके गए पैसेंजर्स को सोमवार 25 दिसंबर को आगे के सफर की मंजूरी मिल सकती है। हालांकि, वो कहां जाएंगे, इसकी जानकारी फ्रेंच अथॉरिटीज ने नहीं दी है।

**जज करेंगे फैसला:** रिपोर्ट के मुताबिक- सोमवार शाम तक सभी 303 लोगों से बातचीत पूरी हो जाएगी। इसके बाद चार जजों का पैनल सरकार के नुमाइंदों से बातचीत करेगा। फिर यह तय किया जाएगा कि इन लोगों को कब यात्रा की मंजूरी दी जा सकती है।

### 25 दिसंबर को आगे सफर की मंजूरी मिल सकती है

### एयरपोर्ट पर रोजाना लोगों से मुलाकात कर रहे भारतीय अधिकारी

फ्रांस ने सभी लोगों के लिए एयरपोर्ट पर ही रहने और खाने की व्यवस्था की है। बच्चों की पढ़ाई के लिए एड-होक ट्यूटर रखे गए हैं। यहां रोज भारत के अधिकारी उनसे मुलाकात कर रहे हैं। फ्रांस में विदेशी नागरिकों को 4 दिन से ज्यादा हिरासत में नहीं रख सकते हैं। इसके लिए जज से परमिशन लेनी पड़ती है, जो उनकी हिरासत को 8 दिन बढ़ा सकते हैं। हालांकि गंभीर मामलों में हिरासत का वक्त 24 दिन भी किया जा सकता है। वहीं, फ्रांस ने फ्लाइट ऑपरेट कर रहे प्राइवेट जेट के क्रू मेंबर्स से भी पूछताछ की है।

## आज का इतिहास

- 1763: भरतपुर के महाराजा सूरजमल की हत्या।
- 1771: मुगल शासक शाह आलम द्वितीय मराठों के संरक्षण में दिल्ली के सिंहासन पर बैठे।
- 1861: महान स्वतंत्रता सेनानी एवं समाज सुधारक मदन मोहन मालवीय का जन्म।
- 1872: संस्कृत भाषा के प्रकाण्ड पंडित गंगानाथ झा का जन्म।
- 1876: पाकिस्तान के संस्थापक मोहम्मद अली जिन्ना का जन्म।
- 1924: पहला अभा कम्युनिस्ट कांफ्रेंस कानपुर में संपन्न हुआ।
- 1878: डॉक्टर चार्ल्स ड्राईस्डेल ने एक लेख लिखकर सबसे पहले तंबाकू से होने वाले नुकसान के बारे में बताया।
- 1924: पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी का जन्म हुआ।
- 1946: ताईवान में संविधान को अंगीकार किया गया।

# अलवर में तीन कांस्टेबलों ने एक साल तक महिला से किया रेप

**अलवर।** राजस्थान के अलवर में 18 साल की एक महिला के साथ रेप के मामले में तीन पुलिस कांस्टेबलों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है, इसकी जानकारी खुद पुलिस अधिकारी ने दी है. अधिकारी ने रविवार को कहा कि राजस्थान के अलवर जिले में 18 साल की एक महिला के साथ एक साल से अधिक समय तक बलात्कार करने के मामले में ये केस दर्ज किया गया है।

पुलिस अधीक्षक शर्मा ने बताया कि महिला ने शनिवार शाम को उन्हें तीन पुलिसकर्मियों के खिलाफ शिकायत दी थी। अधिकारी ने कहा, उसने यह भी दावा किया कि आरोपी ने मामले की शिकायत करने पर उसके भाई को झूठे मामले में फंसाने की धमकी दी थी।

अधिकारियों ने बताया कि पुलिसकर्मियों को उनके तैनाती वाले स्थानों से वापस बुला लिया गया है और पुलिस लाइन भेज दिया गया है। उन्होंने कहा कि रेनी पुलिस स्टेशन में 376-डी (सामूहिक बलात्कार) और यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम सहित भारतीय दंड संहिता की धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है।

# महिलाओं ने गरबा में बनाया विश्व रिकार्ड

**द्वारका।** गुजरात में द्वारका के नागेश्वचर रोड पर रूक्मणि मंदिर के पास नंदगांव में अहीर समाज की महिलाओं ने अखिल भारतीय महारास संगठन के कार्यक्रम में रिकार्ड बनाया। रविवार सुबह 37 हजार से अधिक महिलाओं ने पारंपरिक वस्त्रों में सज-धज कर अहीराणी महारास किया। देश-विदेश के हजारों लोग इस अनोखे कार्यक्रम में शामिल हुए। सबसे पहले ब्रह्म कुमारी दीदी ने व्याख्यान दिया गया। इसके बाद ग्राउंड में धर्म ध्वजा और तिरंगा फहराया गया। समाज की 37 हजार से अधिक महिलाओं ने पारंपरिक पोशाक, सिर पर नवलखी चुंदड़ी और गले में सोने के आभूषण पहनकर अहीर, अनिरुद्ध अहीर, सभी बेन अहीर, मैक्स अहीर, भावेश अहीर की धुन पर रास किया।



### कार्यक्रम में कई देशों के लोग पहुंचे

रास सुबह 8 बजे शुरू हुआ जो लगातार डेढ़ घंटे तक 10.30 बजे तक चला जिसके बाद रुक्षमणि मंदिर से जगत मंदिर तक विश्व शांति रैली शुरू हुई। इस अनूठे कार्यक्रम में शामिल होने के लिए अमेरिका, कनाडा, ऑस्ट्रेलिया, दक्षिण अफीका और दुबई तक से अहीर समाज की महिलाएं पहुंची थीं। द्वारका में बना रिकॉर्ड: अहीर समाज की महिलाओं ने महारास गरबा कर रास स्वरूप द्वारकाधीश भगवान श्रीकृष्ण के चरणों में अर्पित किया। दावा किया गया है कि द्वारका के आंगन में यह विश्व रिकॉर्ड है।

# पांच साल में आए ट्रिपल तलाक के 13 लाख केस

**मुंबई।** देश में ट्रिपल तलाक अवैध घोषित हुए 5 साल से अधिक समय हो गया है। फिर भी इसके मामले थम नहीं रहे। कानून मंत्रालय के अनुसार इस साल भी 1,57,725 मुस्लिम महिलाएं इसका शिकार हुईं। अधिकांश गरीब परिवारों की थीं। 19 सितंबर 2018 को कानून लागू होने के बाद ट्रिपल तलाक की 13.07 लाख शिकायतें दर्ज हुई हैं। 2019 में तीन तलाक की 2.69 लाख शिकायतें आई थीं। 2020 में यह संख्या घटकर 95 हजार रह गई। लेकिन, 2021 में 5.41 लाख पहुंच गई और 2022 में कुल 2.45 लाख केस आए। ये वे मामले हैं, जिनमें महिलाओं को विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से कानूनी सहायता दी गई। एक्सपर्ट बोले, जागरूकता की कमी: सुप्रीम कोर्ट के रिटायर्ड जस्टिस बीएस चौहान ने बताया कि मुस्लिम समुदाय के बड़े नेता जागरूकता फैलाएं। सेक्शन 7 जैसे सख्त प्रावधान के बारे में बताएं।

### 2018 में लग चुकी रोक, 2023 में 1.5 लाख मुस्लिम महिलाएं इसका शिकार

# म्यूचुअल फंड उद्योग का संपत्ति आधार नौ लाख करोड़ बढ़ा

■ साल 2023 में एक बार फिर पटरी पर लौटा यह उद्योग ■ अगले साल भी यही रफ्तार बनी रहने की जताई गई उम्मीद

**नई दिल्ली (भाषा)।**

म्यूचुअल फंड उद्योग ने पिछले साल के निराशाजनक प्रदर्शन से उबरते हुए इस साल जोरदार वापसी की है और इसके परिसंपत्ति आधार में नौ लाख करोड़ रुपये की उल्लेखनीय वृद्धि हुई है।

विशेषज्ञों का मानना है कि यह वृद्धि एक उत्साही शेयर बाजार, स्थिर ब्याज दरों और मजबूत आर्थिक विस्तार से प्रेरित है। उन्होंने कहा कि सकारात्मक गति अगले वर्ष भी जारी रहनी चाहिए।

म्यूचुअल फंड निकाय एम्फी के आंकड़ों के अनुसार, पर्याप्त वृद्धि के साथ इस वर्ष कुल निवेश 3.15 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गया है, साथ ही निवेशकों की संख्या में दो करोड़ से अधिक की वृद्धि हुई है। इसे व्यवस्थित निवेश योजना (एसआईपी) की बढती लोकप्रियता से समर्थन मिला, जिसमें 1.66 लाख करोड़ रुपये का निवेश हुआ।

एसोसिएशन ऑफ म्युचुअल फंड्स इन इंडिया (एम्फी) के आंकड़ों से पता चलता है कि इस प्रवाह ने 2023 में म्यूचुअल फंड उद्योग की प्रबंधन-अधीन संपत्ति (एयूएम) को 23 प्रतिशत यानी नौ लाख करोड़ रुपये तक बढ़ा दिया है।

यह 2022 के दौरान एयूएम में देखी गई सात प्रतिशत वृद्धि और 2.65 लाख करोड़ रुपये की वृद्धि के साथ-साथ 2021 में परिसंपत्ति आधार में लगभग 22 प्रतिशत वृद्धि और लगभग सात लाख करोड़ रुपये की वृद्धि से कहीं अधिक थी। इस तरह पिछले तीन साल में उद्योग ने सामूहिक रूप से अपने एयूएम में 18 लाख करोड़ रुपये जोड़े हैं।

आंकड़ों के अनुसार, म्यूचुअल फंड उद्योग का एयूएम दिसम्बर, 2022 के अंत में 40 लाख करोड़ रुपये से बढ़कर 2023 में नवम्बर के अंत तक 49 लाख करोड़ रुपये के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया।

दिसम्बर, 2021 के अंत में परिसंपत्ति आधार 37.72 लाख करोड़ रुपये और दिसम्बर 2020 में 31 लाख करोड़ रुपये था। उद्योग के एयूएम में लगातार 11वीं वार्षिक वृद्धि हुई है।

### सेंसेक्स ने दिया 19 फीसद रिटर्न

नई दिल्ली (भाषा)। इस वर्ष शेयर बाजार में निवेशकों को खूब कमाई हुई। वर्ष 2023 के दौरान सेंसेक्स ने निवेशकों को 19 प्रतिशत तक का बढ़िया रिटर्न दिया है। वहीं, बीएसई मिडकैप ने 45 प्रतिशत और बीएसई स्मालकैप सूचकांक ने 47 प्रतिशत का रिटर्न दिया है।



## संक्षिप्त खबरें

### इन्फोसिस का अनुबंध रद्द



नई दिल्ली। आईटी सेवा प्रदाता कंपनी इन्फोसिस ने कहा है कि एक वैश्विक कंपनी ने उसके साथ 1.5 अरब डालर का एक बहुवर्षीय अनुबंध रद्द करने का निर्णय लिया है। इन्फोसिस ने 14 सितम्बर को इन्फोसिस मंचों और एआई (कृत्रिम मेधा) समाधानों की मदद से आधुनिकीकरण और कारोबार परिचालन सेवाओं के साथ उन्नत डिजिटल अनुभव प्रदान करने के लिए इस वैश्विक कंपनी के साथ करार की घोषणा की थी। आईटी कंपनी ने शनिवार को शेयर बाजार को दी गई सूचना में कहा कि वैश्विक कंपनी ने अब समझौता ज्ञापन (एमओयू) को रद्द करने का फैसला किया है और दोनों पक्ष व्यापक समझौते का पालन नहीं करेंगे।

### पीपीएल की तैयारी

नई दिल्ली। फोनोग्राफिक परफोर्मेन्स लिमिटेड (पीपीएल इंडिया) अपने 70 लाख गीतों की व्यापक कैटलॉग को सुरक्षित करने के लिए तैयार है। दिल्ली उच्च न्यायालय ने कापीराईट उल्लंघन के खिलाफ़ फैसला सुनाया है, जिसके तहत संस्थाएं आवश्यक लाइसेंस के बिना पीपीएल द्वारा नियंत्रित कापीराइट गीतों को नहीं बजा सकतीं। पीपीएल इंडिया 400 से अधिक म्यूज़िक लेबल्स की ओर से गीतों की व्यापक रेंज का प्रबन्धन करती है। इसमें उद्योग जगत के दिग्गजों जैसे टी-सीरीज़, सारेगामा, सोनी म्यूज़िक, युनिवर्सल म्युजिक, वार्नर म्युज़िक, टाइम्स म्युज़िक, स्पीड रिकार्ड्स आदि के गीत शामिल हैं।

### स्मार्ट ईवी पार्क बनेगा

मुंबई। अतुल्य मित्तल द्वारा स्थापित इलेक्ट्रिक मोबिलिटी फर्म नेक्सज़ू मोबिलिटी ने गुजरात में एक स्मार्ट ईवी पार्क स्थापित करने का प्रस्ताव रखा है और उसने इस परियोजना में अगले 10 साल में 5,000 करोड़ रुपये का निवेश करने की योजना बनाई है। कंपनी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। नेक्सज़ू मोबिलिटी ने कहा कि उसने इस उद्देश्य के लिए राज्य सरकार के साथ एक शुरुआती समझौते (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। कंपनी ने कहा कि जमीन आवंटित होने के बाद प्रस्तावित परियोजना पर काम अगले साल शुरू हो जाएगा। कंपनी ने कहा, 'नेक्सज़ू मोबिलिटी गुजरात में स्मार्ट ईवी पार्क स्थापित करने के लिए अगले 10 साल में 5,000 करोड़ रुपये का निवेश करेगी, जिससे 5,000 से अधिक लोगों के लिए रोजगार पैदा होने की उम्मीद है।'

## अक्टूबर-दिसम्बर में कार्यस्थलों की मांग 92 प्रतिशत तक बढ़ी

**नई दिल्ली (भाषा)।**

कंपनियों और सह-कार्यस्थल परिचालकों की तरफ से मांग बढने से छह प्रमुख शहरों में अक्टूबर-दिसम्बर की अवधि में कार्यस्थलों की मांग 92 प्रतिशत तक बढ़ गई। संपत्ति सलाहकार कंपनी कोलियर्स इंडिया ने एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी है।

इस रिपोर्ट के मुताबिक, कैलेंडर वर्ष 2023 की चौथी तिमाही में कार्यस्थल का सकल पट्टा 2.02 करोड़ वर्ग फुट रहा, जो पिछले साल समान अवधि में 1.05 करोड़ वर्ग फुट था। दिसंबर तिमाही में भारी मांग आने से 2023 की समूची अवधि में कुल कार्यस्थल पट्टा 16 प्रतिशत बढ़कर 5.82 करोड़ वर्ग फुट हो गया।

# तेल के लिए रुपए में पेमेंट लेने को कोई देश नहीं तैयार

■ वर्ष 2022-23 के दौरान रुपये में नहीं किया जा सका कोई भी भुगतान

**नई दिल्ली (भाषा)।**

कच्चे तेल के आयात पर रुपये में भुगतान करने की भारत की पहल को अब तक खास कामयाबी नहीं मिल पाई है। तेल मंत्रालय ने संसद की एक स्थायी समिति को यह जानकारी देते हुए कहा है कि आपूर्तिकर्ताओं ने धन के प्रत्यावर्तन और लेनदेन की ऊंची लागत को लेकर चिंता जताई है।



अंतरराष्ट्रीय व्यापार परंपरा के तहत कच्चे तेल के आयात के सभी अनुबंधों के भुगतान की प्रचलित मुद्रा अमेरिकी डालर है। हालांकि भारतीय रिजर्व बैंक ने भारतीय मुद्रा का अंतरराष्ट्रीयकरण करने के लिए 11 जुलाई, 2022 को आयातकों और निर्यातकों को रुपये में लेनदेन करने की अनुमति दी थी। इस पहल के तहत कुछ चुनिंदा देशों के साथ गैर-तेल व्यापार में कुछ सफलता मिली है, लेकिन तेल निर्यातकों की रुपये से दूरी जारी है। पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने विभाग से संबंधित संसदीय समिति को बताया है कि वित्त वर्ष 2022-23 के दौरान सार्वजनिक पेट्रोलियम कंपनियों ने कच्चे तेल के आयात के लिए कोई भी भुगतान भारतीय रुपये में नहीं किया।

कच्चे तेल की आपूर्ति करने वाले देशों ने धन को पसंदीदा मुद्रा में बदलने, इससे जुड़ी उच्च लेनदेन लागत और विनिमय दर के जोखिमों पर अपनी चिंता जताई है। पिछले सप्ताह संसद में पेश की गई समिति की रिपोर्ट में मंत्रालय के इस पक्ष का उल्लेख है। इसके मुताबिक सार्वजनिक क्षेत्र की इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन (आईओसी) ने कहा है कि उसे उच्च लेनदेन लागत का सामना करना पड़ा है, क्योंकि कच्चे तेल के आपूर्तिकर्ता अतिरिक्त लेनदेन लागत का भार आईओसी पर डालते हैं। मंत्रालय ने कहा, 'कच्चे तेल के लिए भुगतान भारतीय रुपये में किया जा सकता है, बशर्ते आपूर्तिकर्ता इस संबंध में नियामकीय दिशानिर्देशों का पालन करें।'

मंत्रालय ने कहा है कि इस समय रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड और सार्वजनिक क्षेत्र की पेट्रोलियम कंपनियों ने कच्चे तेल की आपूर्ति के लिए भारतीय मुद्रा में खरीदारी करने के लिए कोई भी समझौता नहीं किया है।

## फिच रेटिंग्स ने कहा भारत की आर्थिक वृद्धि से बढ़ेगी कारपोरेट मांग

**कोलकाता (भाषा)।**

क्रेडिट रेटिंग फर्म फिच रेटिंग्स ने अनुमान जताया है कि भारत की लचीली आर्थिक वृद्धि से कारपोरेट जगत से आने वाली मांग बढ़ेगी। फिच ने अपनी ताजा शोध रिपोर्ट 'इंडिया कॉरपोरेट : क्षेत्र का रुझान 2024' में कहा कि यह 2023 में कॉरपोरेट क्षेत्र के मजबूत प्रदर्शन की अगली कड़ी है और इससे प्रमुख विदेशी बाजारों में धीमी वृद्धि से आने वाली कमजोरी की भरपाई हो सकेगी।

फिच ने कहा कि बढ़ती मांग और लागत दबाव कम होने से अगले वित्त वर्ष में कंपनियों के मार्जिन में बढ़ोतरी होनी चाहिए। रेटिंग एजेंसी के मुताबिक मजबूत घरेलू मांग के साथ उम्मीद है कि भारत वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान 6.5 प्रतिशत की जीडीपी वृद्धि के साथ दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ने वाली प्रमुख अर्थव्यवस्था होगा।

रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत चुनौतीपूर्ण वैश्विक पृष्ठभूमि और हालिया मौद्रिक सख्ती के बावजूद ऐसा करने की स्थिति में होगा।

# निर्यात बढ़ाना, आयात घटाना देशभक्ति का नया रास्ता

**पणजी (भाषा)।**

केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने रविवार को कहा कि निर्यात बढ़ाना और आयात कम करना देशभक्ति और स्वदेशी को अपनाने की दिशा में आगे बढ़ने का नया रास्ता है।



वह दिन भारत के लिए नई आजादी की तरह होगा, जब देश पेट्रोल या डीजल की एक बूंद भी आयात नहीं करेगा।

उन्होंने कहा कि वह दिन भारत के लिए नई आजादी की तरह होगा, जब देश पेट्रोल या डीजल की एक बूंद भी आयात नहीं करेगा। केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री ने साप्ताहिक पत्रिका 'पांचजन्य' के कार्यक्रम 'सागर मंथन 2.0' में कहा कि पेट्रोल और डीजल के आयात को रोकना दुनिया में आतंकवाद को रोकने से जुड़ा हुआ है। उन्होंने कहा, 'जब तक यह आयात बंद नहीं होगा, दुनिया भर में आतंकवाद नहीं रुकेगा। मेरे जीवन का मकसद पेट्रोल और डीजल के आयात को रोकना है। मैं उस दिन को भारत के लिए एक नई आजादी मानता हूं, जब देश में पेट्रोल और डीजल की एक बूंद भी आयात नहीं की जाएगी।'

गडकरी ने कहा, 'पेट्रोल और डीजल का आयात बिल इस समय 16 लाख करोड़ रुपये है। अगर हम इस आयात को कम करते हैं, तो हम जो पैसा बचाएंगे, वह गरीबों के पास जाएगा। यही कारण है कि हमने जैव ईंधन जैसे वैकल्पिक ईंधन पेश किए हैं। आयात में कमी और निर्यात में वृद्धि देशभक्ति और स्वदेशी को अपनाने की दिशा में आगे बढने का रास्ता है।' गडकरी ने कहा कि जब उन्होंने (2014 में) कार्यभार संभाला था, तब भारत में वाहन उद्योग का आकार सात लाख करोड़ रुपये था।

# इस्पात उत्पादन 11% बढ़ा



**नई दिल्ली (भाषा)।** भारत में कच्चे इस्पात का उत्पादन इस साल नवम्बर में 11.4 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 1.17 करोड़ टन रहा है। विश्व इस्पात संघ (वर्ल्डस्टील) ने एक बयान में यह जानकारी दी है। वर्ल्डस्टील की हालिया रिपोर्ट के अनुसार, जनवरी से नवम्बर तक देश का इस्पात उत्पादन 12.1 प्रतिशत सालाना वृद्धि के साथ 12.82 करोड़ टन रहा है।

वर्ल्डस्टील ने कहा कि नवम्बर में वैश्विक इस्पात उत्पादन 14.55 करोड़ टन था, जो पिछले साल के समान महीने से 3.3 प्रतिशत अधिक है। जनवरी से नवम्बर तक वैश्विक उत्पादन सिर्फ 0.5 प्रतिशत बढ़कर 171.51 करोड़ टन हो गया। चीन में इस्पात उत्पादन नवम्बर में 7.61 करोड़ टन हुआ, जो पिछले साल की समान अवधि से 0.4 प्रतिशत ज्यादा है। उसने जनवरी से नवम्बर तक 95.21 करोड़ टन इस्पात उत्पादन किया जो एक साल पहले की समान अवधि से 1.5 प्रतिशत अधिक है। जापान का इस्पात उत्पादन 0.9 प्रतिशत गिरकर 71 लाख टन रहा, वहीं इस दौरान जनवरी से नवम्बर तक कुल उत्पादन 2.8 प्रतिशत गिरकर आठ करोड़ टन रह गया। अमेरिका में नवंबर में 66 लाख टन इस्पात उत्पादन हुआ।

## बुनियादी परियोजनाओं की लागत 4.40 लाख करोड़ रुपए बढ़ी

**नई दिल्ली (भाषा)।**

नवम्बर में 150 करोड़ रुपये से अधिक निवेश वाली 421 बुनियादी ढांचा परियोजनाओं की लागत 4.40 लाख करोड़ रुपये से अधिक बढ गई। एक आधिकारिक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है।

सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय की इस रिपोर्ट के मुताबिक, उसकी निगरानी में शामिल 150 करोड़ रुपये और उससे अधिक निवेश की 1,831 बुनियादी ढांचा परियोजनाओं में से 421 परियोजनाओं की लागत बढ़ गई है जबकि 845 परियोजनाएं विलंब से चल रही है।

# IIT मुंबई को 57 करोड़ का गिफ्ट

■ संस्थान को पूर्व छात्रों ने दिया है यह तोहफा

**नई दिल्ली (भाषा)।**

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी)-मुंबई की 1998 की कक्षा के विद्यार्थियों ने रजत जयंती पुनर्मिलन समारोह पर अपनी मातृ संस्था को 57 करोड़ रुपये उपहार में दिए। यह किसी एक कक्षा द्वारा दिया गया सर्वाधिक संयुक्त योगदान है।



दान देने वालों में निजी इक्विटी फर्म सिल्वर लेक के प्रबंध निदेशक (एमडी) अपूर्व सक्सेना और पीक-एक्सवी के प्रबंध निदेशक शैलेन्द्र सिंह जैसे लोग शामिल हैं। इस कक्षा ने स्वर्ण जयंती समारोह में 1971 की कक्षा द्वारा दिए गए 41 करोड़ रुपये के पिछले रिकार्ड को तोड़ा है। एक बयान में छात्रों ने कहा कि यह योगदान 200 से अधिक पूर्व छात्रों द्वारा किया गया है। इसमें शीर्ष वैश्विक अधिकारियों वेक्टर कैपिटल के एमडी अनुपम बनर्जी, एआई रिसर्च के दिलीप जॉर्ज, गूगल डीपमाइंड, ग्रेट लर्निंग के सीईओ मोहन लकहमराजू, कोलोपास्ट एसवीपी मनु वर्मा, सिलिकॉन वैली के उद्यमी सुंदर अय्यर, इंडोवेंस के सह-संस्थापक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) संदीप जोशी, और एचसीएल अमेरिका में मुख्य विकास अधिकारी श्रीकांत शेट्टी शामिल हैं।

आईआईटी-मुंबई के निदेशक सुभाशीष चौधरी ने कहा कि 1998 के कक्षा के योगदान से आईआईटी-मुंबई की वृद्धि को गति मिलेगी और उत्कृष्टता के हमारे साझा लक्ष्य में मदद मिलेगी।

## कारपोरेटनामा

### केनरा बैंक ने कस्टमर मीट आयोजित की



**नई दिल्ली (वि.)।** केनरा बैंक, क्षेत्रीय कार्यालय, उत्तरी दिल्ली ने क्षेत्रीय प्रमुख के नेतृत्व में दिनांक 15.12.2023 को दोपहर 3.00 बजे अपने परिसर के सम्मेलन कक्ष में अपनी 54 शाखाओं के ग्राहक सेवा समिति के अंतर्गत ग्राहक बैठक का आयोजन किया । क्षेत्रीय प्रमुख, श्री सजल समीर एवं मंडल प्रबंधक, श्री विजय प्रताप सिंह ग्राहक सेवा समिति बैठक के अध्यक्ष रहे । उत्तरी दिल्ली क्षेत्र की विभिन्न शाखाओं से ग्राहकों को आमंत्रित किया गया था जिसमें उन्होंने काफी उत्साह के साथ भाग लिया । ग्राहक सेवा समिति बैठक के दौरान ग्राहकों ने क्षेत्रीय प्रमुख एवं मडल प्रबंधक से विषयों पर चर्चा की । सभी ग्राहकों ने क्षेत्रीय प्रमुख के सामने अपने सुझाव दिये जिसमें क्षेत्रीय प्रमुख श्री सजल समीर ने बैठक में स्थित सभी ग्राहकों को सर्वोत्तम बैंक सेवाओं को प्रदान करने का आश्वासन दिया ।

### जेएसपीएल का आरआईएनएल से गठजोड़

**नई दिल्ली (भाषा)।** जिंदल स्टील पावर लिमिटेड ने राष्ट्रीय इस्पात निगम लिमिटेड (आरआईएनएल) के साथ साझेदारी की है। इससे कंपनी को ओडिशा के अंगुल में उसकी आगामी हॉट स्ट्रिप मिल को तरल स्टील की आपूर्ति सुनिश्चित होगी। कंपनी ने शनिवार को यह जानकारी दी। जेएसपीएल ने एक बयान में कहा कि इसने आरआईएनएल के ब्लास्ट फर्नेस-3 (बीएफ-3) के संचालन के लिए उसके साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। उसने कहा, 'आरआईएनएल के साथ गठजोड़ से अंगुल में जेएसपीएल की आगामी अत्याधुनिक हॉट स्ट्रिप मिल से स्लैब कास्टिंग और हॉट रोल्ड कॉइल्स में रोलिंग के लिए अतिरिक्त तरल इस्पात जारी किया जाएगा। यह जल्द ही चालू होने वाला है।' विशाखापत्तनम में आरआईएनएल संयंत्र में ब्लास्ट फर्नेस बीएफ-3, जनवरी, 2021 से बंद है। प्रति माह दो लाख टन गर्म धातु की क्षमता पर बीएफ-3 को 30 दिसम्बर, 2023 को फिर से शुरू करने की योजना है। जेएसपीएल के प्रबंध निदेशक बिमलेंद्र झा ने कहा, 'हम इस साझेदारी को शुरू करने के लिए आरआईएनएल के प्रबंधन और कर्मचारियों को शुभकामनाएं देते हैं।' आरआईएनएल ने शुक्रवार को कहा कि जेएसपीएल कंपनियों के बीच हस्ताक्षरित समझौते के तहत 800-900 करोड़ रुपये की कार्यशील पूंजी सहायता या कच्चे माल की आपूर्ति प्रदान करेगी।

### सेंचुरी प्लाई का लकड़ी पैनल विनिर्माण संयंत्र

**कोलकाता (भाषा)।** सेंचुरी प्लाईबोर्ड्स (इंडिया) लिमिटेड ने शनिवार को आंध्र प्रदेश के बड़वेल में देश के सबसे बड़े एकीकृत लकड़ी पैनल विनिर्माण संयंत्र का उद्घाटन किया। कंपनी ने एक बयान में कहा, 'सौ एकड़ में फैले इस संयंत्र में दूसरे चरण में कुल 1,000 करोड़ रुपये का निवेश होगा और अगले पांच साल में प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से 2,000 लोगों को रोजगार मिलने की उम्मीद है।' पहले चरण में 950 करोड़ रुपये का निवेश हुआ है। संयंत्र का उद्घाटन आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री वाई एस जगन मोहन रेड्डी ने सेंचुरी प्लाई के चेयरमैन सज्जन भजंका और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की मौजूदगी में किया। भजंका ने एक बयान में कहा, 'वाईएसआर कड़पा जिला अपने मूल्यवान संसाधनों के भंडार के लिए आंध्र प्रदेश के औद्योगिक मानचित्र पर महत्वपूर्ण स्थान रखता है।' उन्होंने कहा, 'चूंकि सरकार ने इस क्षेत्र को एक संभावित कृषि-उद्योग केंद्र के रूप में चिह्नित किया है इसलिए सेंचुरी प्लाई की यह पहल अन्य औद्योगिक संस्थाओं के निवेश की एक श्रृंखला की शुरुआत का प्रतीक है, जो अंततः इसे पूरे देश के लिए फर्नीचर का एक महत्वपूर्ण केंद्र बना देगी।' संयंत्र में दो बड़े आकार के लेमिनेट प्रेस शामिल हैं, जो पहले से ही चालू हैं। एमडीएफ (मध्यम घनत्व फाइबर) और पीवीसी (पॉलीविनाइल क्लोराइड) इकाइयां शुरू होने वाली हैं।

### आईपीओ के लिए शेयर मूल्य तय

**नई दिल्ली (भाषा)।** पाइप बनाने वाली कंपनी एआइकि पाइप्स एंड पॉलीमर्स ने 26 दिसम्बर को खुलने वाले अपने आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के लिए 89 रुपये प्रति शेयर का मूल्य तय किया है। कंपनी ने रविवार को एक बयान में कहा कि 28 दिसम्बर को बंद होने वाले इस निर्गम में 16.88 लाख नए शेयर जारी किए जाएंगे। इस निर्गम से कंपनी को 15.02 करोड़ रुपये जुटाने की उम्मीद है। जयपुर स्थित एआइकि पाइप्स ने कहा कि निर्गम के बाद उसके शेयरों को बीएसई के एसएमई मंच पर सूचीबद्ध किया जाएगा। निर्गम से मिली राशि का इस्तेमाल पूंजीगत व्यय, कार्यशील पूंजी की जरूरतों को पूरा करने और सामान्य कामकाजी खर्चों के लिए किया जाएगा।

### ईटीओ मोटर्स को मिले 12.45 करोड़ रुपए

**नई दिल्ली (भाषा)।** भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक (सिडबी) ने इलेक्ट्रिक तिपहिया वाहनों के लिए ईटीओ मोटर्स को 12.45 करोड़ रुपये की मंजूरी दी है। इस वित्तीय सहायता से कंपनी यात्रियों को अंतिम छोर तक सुविधा प्रदान करने के मकसद से दिल्ली और हैदराबाद में 300 इलेक्ट्रिक तिपहिया वाहनों का परिचालन करेगी। ईटीओ मोटर्स ने शनिवार को जारी बयान में कहा कि कंपनी वित्तीय सहायता के तहत हैदराबाद और दिल्ली में 300 इलेक्ट्रिक तिपहिया वाहनों के परिचालन को बढ़ावा देने के लिए ईवी चार्जिंग बुनियादी ढांचा भी स्थापित करेगी। इलेक्ट्रिक वाहन क्षेत्र की कंपनी ईटीओ मोटर्स को वित्तीय सहायता सिडबी के मिशन 50,000-ईवी4इको के तहत दी गयी है।'

### मैक्सफोर्ट स्कूल का वार्षिक समारोह

**नई दिल्ली (वि.)।** मैक्सफोर्ट स्कूल द्वारका ने अपना वार्षिक समारोह प्लेऑन-2023 बड़ी जीवंतता और उत्साह के साथ मनाया। इस अवसर पर डीडीई क्षेत्र 21 के गणेश प्रसाद और लोकसभा सांसद प्रिंस राज क्रमशः मुख्य अतिथि और सम्मानित अतिथि के रूप में उपस्थित थे। इसी कड़ी में दूसरे दिन एनसीईआरटी के पूर्व डीन अकादमिक एनआईई प्रोफेसर डा. हुकुम सिंह जी ने मुख्य अतिथि और प्रवेश साहिब सिंह वर्मा की पत्नी सुश्री स्वाति वर्मा ने सम्मानित अतिथि के रूप में विद्यार्थियों को आशीर्वाद प्रदान किया। सम्मानित अतिथियों और प्रबंधन के सदस्यों द्वारा औपचारिक दीप प्रज्ज्वलन के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई। विद्यालय प्रमुख सुश्री दीपिका शर्मा ने उपस्थित लोगों का स्वागत करते हुए उद्घाटन भाषण प्रस्तुत किया तथा वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए शैक्षणिक वर्ष की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला।




# नववर्ष में IPO बाजार में रहेगा तेजी का तूफान

■ 2023 में आईपीओ से जुटाए गए ₹52 हजार करोड़

**नई दिल्ली (भाषा)।**

ब्याज दरों में बढ़ोतरी और भू-राजनीतिक जोखिमों के कारण वर्ष 2023 में प्रारंभिक सार्वजनिक निर्गमों (आईपीओ) के जरिये जुटाई जाने वाली राशि सालाना आधार पर मामूली रूप से घटकर 52,000 करोड़ रुपये रही। हालांकि, इस दौरान निर्गमों की संख्या में वृद्धि दर्ज की गई। विशेषज्ञों के मुताबिक वर्ष 2024 में भी आईपीओ बाजार में तेजी का तूफान बना रहेगा।




वर्ष 2022 में एलआईसी के 20,557 करोड़ रुपये के मेगा आईपीओ को छोड़ दें तो इस साल सार्वजनिक निर्गमों के जरिए जुटाई गई राशि 36 प्रतिशत अधिक है। बाजार में उतार-चढ़ाव के बीच इस साल छोटी और मझोली कंपनियों का प्रदर्शन बेहतर रहा। पैंटोमैथ कैपिटल एडवाइजर्स के प्रबंध निदेशक महावीर लूणावत ने कहा, 'आईपीओ के प्रति दिलचस्पी की वजह लाभप्रदता और निर्गम का उचित मूल्य निर्धारण है। इसके अलावा भारतीय बाजार में मजबूत और कुशल नियामक ढांचे से भी निवेशकों का भरोसा बढ़ा है।' आनंद राठी एडवाइजर्स के निदेशक और प्रमुख (ईसीएम, निवेश बैंकिंग) वी. प्रशांत राव का मानना है कि 2023 की गति 2024 में भी जारी रहेगी और यह साल भारतीय प्राथमिक बाजारों के लिए स्वर्णिम हो सकता है। जेएम फाइनेंशियल में प्रबंध निदेशक और प्रमुख (इक्विटी पूंजी बाजार) नेहा अग्रवाल ने कहा, 'हमारा अनुमान है कि 2024 में आईपीओ बाजार में मजबूत तेजी रहेगी।

# टेस्ट इतिहास में कंगारुओं के खिलाफ भारतीय महिलाओं ने दर्ज की पहली जीत

## एकमात्र महिला टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया को 8 विकेट से दी करारी शिकस्त



**मुबंई,(एजेंसी)।** स्नेह राणा चार विकेट, राजेश्वरी और हरमनप्रीत के दो-दो विकेट के बाद स्मृति मांधना की नाबाद 38 रनों की पारी की बदौलत भारत ने ऑस्ट्रेलिया को एकमात्र टेस्ट में 8 विकेट से हराकर इतिहास रच दिया। महिला टीम की टेस्ट क्रिकेट इतिहास में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ यह पहली जीत है। इससे पहले दोनों टीमों के बीच कुल 11 मैच खेले गए थे जिसमें कंगारू टीम 4 मैच जीतने में सफल रही थी, वहीं 6 मुकाबले ड्रॉ रहे थे।

इस टेस्ट मैच को जीतने के लिए भारत को मात्र 75 रनों का लक्ष्य मिला था। स्मृति मंधाना 38 की शानदार पारी के दम पर भारत ने बड़ी जीत दर्ज की। यह जीत लंबे समय तक याद रखी जाएगी। चौथे दिन की शुरुआत ऑस्ट्रेलिया ने 5 विकेट के नुकसान पर 233 रनों से की थी, भारत ने शानदार गेंदबाजी के दम पर अगले 28 रनों के अंदर ऑस्ट्रेलियाई पारी को 261 रनों पर समेट दिया। 75 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए टीम इंडिया ने 4 के स्कोर पर अपना पहला विकेट शेफाली वर्मा के रूप में खोया। वह किम गार्थ का शिकार बनीं। इसके बाद ऋचा 13 के निजी स्कोर पर आउट हुईं। अंत में मंधाना के साथ रोड्रिग्स 12 रन बनाकर नाबाद रही। मैन ऑफ द मैच स्नेह राणा ने कुल सात विकेट झटके।



### 24 दिसंबर को ही ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पुरुष टीम को मिली थी पहली टेस्ट जीत

भारतीय महिला टीम ने 24 दिसंबर को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट प्रारूप में पहली जीत दर्ज कर इस दिन को क्रिकेट इतिहास में सुनहरे शब्दों में दर्ज किया। लेकिन क्या आप जानते हैं पुरुष टीम ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अपनी पहली टेस्ट जीत 24 दिसंबर 1959 को ही मिली थी, भारतीय पुरुष टीम को भी ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहली जीत मिली थी। गुलाबराय रामचंद की अगुआई में भारत ने 1959 में ऑस्ट्रेलिया को पहली बार टेस्ट क्रिकेट में 119 रनों से शिकस्त दी थी। जसुभाई पटेल ने इस दौरान कुल 14 विकेट चटकाए थे। वह भारत की जीत के हीरो बने थे।

### स्कोर बोर्ड

ऑस्ट्रेलिया महिला: पहली पारी 219/10
भारत महिला: पहली पारी 406/10

| ऑस्ट्रेलिया महिला दूसरी पारी (233/5 रन से आगे) | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| ऐनाबेल सदरलैंड कै. भाटिया बो. राणा | 27 | 102 | 3/0 |
| एश्ली गार्डनर पगबाधा पूजा | 07 | 27 | 1/0 |
| जेस जॉनासन बो. राजेश्वरी | 09 | 42 | 1/0 |
| अलाना किंग बो. राणा | 00 | 01 | 0/0 |
| किम गार्थ बो. राजेश्वरी | 04 | 08 | 1/0 |
| लॉरेन चीटल नाबाद | 00 | 04 | 0/0 |

**अतिरिक्त**: 13, **कुल**: 105.4 ओवर में 261 रन, **विकेट पतन**: 1-49, 2-56, 3-140, 4-206, 5-221, 6-233, 7-251, 8-251, 9-260, 10-261, **गेंदबाजी**: रेणुका सिंह 11-4-32-0, पूजा वस्त्राकर 11-1-40-1, स्नेह राणा 22-5-63-4, दीप्ति शर्मा 22-7-35-0, राजेश्वरी गायकवाड़ 28.4-11-42-2, जेमिमाह रॉड्रिग्स 2-0-13-0, हरमनप्रीत कौर 9-0-23-2.

| भारत महिला दूसरी पारी | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| शेफाली वर्मा कै. हीली बो. गार्थ | 04 | 04 | 1/0 |
| स्मृति मांधना नाबाद | 38 | 61 | 6/0 |
| ऋचा घोष कै. मैकग्रा बो. गार्डनर | 13 | 32 | 3/0 |
| जेमिमाह रॉड्रिग्स नाबाद | 12 | 15 | 2/0 |

**अतिरिक्त**: 8, **कुल**: 18. 4 ओवर में 2 विकेट पर 75 रन, **विकेट पतन**: 1-4, 2-55, **गेंदबाजी**: किम गार्थ 5-1-19-1, एश्ली गार्डनर 9-2-18-1,तालिया मैक्ग्रा 2-0-14-0, जेस जॉनासन 2.4-0-16-0.

### ट्रॉफी के साथ टीम इंडिया की फोटो खींचती दिखीं ऑस्ट्रेलियाई कप्तान




भारतीय महिला टीम की ऑस्ट्रेलिया पर टेस्ट में पहली जीत के बाद मैदान पर गजब का नजारा देखने को मिला। ऑस्ट्रेलिया महिला क्रिकेट टीम की कप्तान एलिसा हीली भारत की इस ऐतिहासिक जीत को कैमरे में कैद करती हुई नजर आईं और ट्रॉफी के साथ जश्न मना रही भारतीय टीम की फोटो खींची।

- इस मैच की पहली पारी में भारत ने 406 रन बनाए थे, लेकिन कोई भी भारतीय खिलाड़ी शतक नहीं लगा पाया था। बिना कोई शतक लगाए, महिला टेस्ट में यह दूसरा सबसे बड़ा स्कोर है। इससे पहले इंग्लैंड के इसी महीने भारत ने 428 रन बनाए थे।
- ऋचा घोष छठी ऐसी भारतीय खिलाड़ी हैं, जिन्होंने अपने डेब्यू टेस्ट मैच में अर्धशतक लगाया है। 2021 के बाद से 11 खिलाड़ियों ने भारतीय महिला टीम के लिए टेस्ट डेब्यू किया है। शेफाली, दीप्ति और स्नेह राणा ने 2021 में ब्रिस्टल में पदार्पण करते हुए अर्धशतक बनाया था, जबकि सतीश शुभा और जेमिमाह रॉड्रिग्स ने भारत के पिछले टेस्ट में डेब्यू करते हुए अर्धशतक बनाया था।

# विराट कोहली व रोहित शर्मा ने नेट्स पर बहाया पसीना

## कल से शुरु होगा दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ बॉक्सिंग-डे टेस्ट



**सेंचुरियन,(एजेंसी)।** भारतीय कप्तान रोहित शर्मा और स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ शुरू होने वाली दो मैच की टेस्ट सीरीज से पहले रविवार को अभ्यास सत्र में जमकर पसीना बहाया।

भारतीय क्रिकेट टीम 31 साल से दक्षिण अफ्रीका में टेस्ट सीरीज नहीं जीत सकी है और अपने करियर के अंतिम पड़ाव में कोहली और रोहित वो ही हासिल करना चाहेंगे जो कोई अन्य भारतीय टीम नहीं कर सकी है। कोहली परिवार के साथ छोटे ब्रेक के बाद लंदन से यहां पहुंचे हैं और रोहित विश्व कप के बाद तीन हफ्ते तक खुद को मीडिया से दूर रखने के बाद अभ्यास के दौरान थोड़े सहज दिखे। दोनों ने अलग-अलग नेट और मध्य पिच पर अभ्यास किया। दोनो खिलाडियों ने एक घंटे से ज्यादा समय तक थ्रोडाउन का सामना भी किया। दोनों खिलाड़ियों के बीच कोई बातचीत नहीं हुई जबकि दोनों ने बीच बीच में छोटे ब्रेक भी लिए। यह सब विश्वकप के दौरान अभ्यास सत्र से काफी अलग था क्योंकि तब ध्यान अपने अभ्यास और हंसी मजाक पर भी लगा होता था। सुपरस्पोर्ट पार्क में सभी खिलाड़ियों ने तीन घंटे तक कड़ा अभ्यास किया। रोहित और जायसवाल सबसे पहले नेट पर पहुंचे, उन्होंने बारी बारी जसप्रीत बुमराह, शार्दुल ठाकुर की गेंदों का सामना किया। भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच 26 दिसंबर से सेंचूरियन में बॉक्सिंग डे टेस्ट के साथ सीरीज की शुरुआत होगी।

### भारतीय टीम से जुड़े कोहली

पूर्व भारतीय कप्तान विराट कोहली दो मैच की टेस्ट सीरीज से पहले वापस टीम के साथ जुड़ गए हैं। पिछले दिनों खबर आई थी कि कोहली फैमिली इमरजेंसी के चलते अचानक टीम का साथ छोड़ लंदन रवाना हो गए हैं, इस वजह से तीन दिन तक चलने वाला इंट्रा स्क्वॉड मैच भी उन्होंने मिस किया। हालांकि अब उनकी इस लंदन ट्रिप पर बड़ा खुलासा हुआ है। रिपोर्ट के अनुसार विराट कोहली किसी फैमिली इमरजेंसी के चलते लंदन नहीं गए थे, बल्कि यह उनकी एक प्लान्ड ट्रिप थी जिसके बारे में बीसीसीआई समेत भारतीय टीम मैनेजमेंट को पहले से ही पता था।

### विकेटकीपर की भूमिका निभाएंगे केएल राहुल

भारत के मुख्य कोच राहुल द्रविड़ ने रविवार को कहा कि केएल राहुल टेस्ट क्रिकेट में विकेटकीपिंग को लेकर आश्वस्त हैं। वह टी-20 और वनडे के बाद अब दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टेस्ट मैच में भी भारतीय टीम के विकेटकीपर की भूमिका निभाएंगे। केएल की तुलना में केएस भरत की बल्लेबाजी कमजोर है। वहीं इशान किशन ने मानसिक स्वास्थ्य पर ध्यान देने के लिए आराम लिया हैं। ऐसे में भारतीय टीम प्रबंधन के पास राहुल ही सर्वश्रेष्ठ विकल्प हैं। द्रविड़ ने अभ्यास सत्र के बाद कहा, मैं इसे रोमांचक चुनौती के रूप में देखता हूं। यह निश्चित तौर पर उनके पास राहुल के पास अलग करने का मौका है। हमारे पास चयन के लिए दो विकेटकीपर हैं और राहुल उनमें से एक है। राहुल अपेक्षाओं पर खरे उतरेंगे क्योंकि 50 ओवरों के प्रारूप में उन्होंने यह भूमिका अच्छी तरह से निभाई है। हम जानते हैं कि उन्होंने टेस्ट क्रिकेट में अक्सर विकेटकीपिंग नहीं की है लेकिन वह 50 ओवर की क्रिकेट में लगातार ऐसा करते रहे हैं। पिछले पांच-छह महीनों में उन्होंने अच्छी तरह से तैयारी की है। उन्होंने इस बीच काफी विकेटकीपिंग की है।

### वर्ल्डकप फाइनल में मिली हार से उबरी भारतीय टीम

सेंचुरियन में भारतीय टीम के ट्रेनिंग सेशन के बाद मीडिया से बातचीत में मुख्य कोच राहुल द्रविड़ ने बताया कि वनडे विश्वकप फाइनल में मिली हार से भारतीय टीम के खिलाड़ी और सहयोगी स्टाफ के सदस्य निराश थे और उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि टीम के आगे बढ़ने का समय आ गया है। राहुल द्रविड़ ने कहा, ये पहले हो चुका है। हां ये निराश करने वाला है। लेकिन हम उससे आगे बढ़ गए हैं। अब आपके सामने एक चीज है। खिलाड़ी इसमें (आगे बढ़ने में) माहिर है। जब आप आउट होते हैं तो आप निराश होते हैं। आपको दूसरी पारी भी खेलनी होती है।

# ओलंपिक 2036 की मेजबानी कर सकता है अहमदाबाद

## मोदी स्टेडियम के पास एक खेल परिसर का निर्माण जारी

**नई दिल्ली,(एजेंसी)।** भारत 2036 ओलंपिक की मेजबानी को लेकर लंबे समय से तैयारी कर रहा है। समय के साथ देश में ओलंपिक के आयोजन की आशा भी बढ़ती जा रही है। अब केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने ऐसी उम्मीदों को नए पंख दिए हैं। उन्होंने रविवार को कहा कि अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी क्रिकेट स्टेडियम के पास स्थित सरदार पटेल कॉम्प्लेक्स 2036 ओलंपिक की मेजबानी कर सकता है।

गृहमंत्री शाह ने आशा जताते हुए कहा कि गुजरात में नरेंद्र मोदी स्टेडियम के पास एक खेल परिसर बन रहा है। यह 2036 ओलंपिक की मेजबानी करेगा। इससे पहले अक्तूबर में प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने मुंबई में एक कार्यक्रम के दौरान 2036 में ओलंपिक की मेजबानी के लिए बोली लगाने की बात कही थी। ओलंपिक की मेजबानी के लिए देश को सक्षम बनाने के लिए गुजरात सरकार ने काफी प्रयास किए हैं। गुजरात सरकार ने ऐसा भव्य आयोजन करने में सक्षम खेल बुनियादी ढांचे को विकसित करने के लिए शीर्ष कंपनियों के साथ सहयोग किया है। अपने गांधीनगर लोकसभा क्षेत्र में आयोजित एक खेल कार्यक्रम, सांसद खेल प्रतियोगिता के उद्घाटन पर बोलते हुए, शाह ने कहा कि मोदी ने सभी सांसदों से अपने क्षेत्रों में खेलों को बढ़ावा देने के लिए कहा था। उन्होंने सांसद खेल प्रतियोगिता पर कहा यह प्रतियोगिता डेढ़ महीने तक चलेगी। फाइनल के बाद मैं आपसे जुड़ूंगा। खेल हमारे अंदर खेल भावना पैदा करता है। शान से हारना और जीतने की आदत रखना जरूरी है। जो लोग खेल या राजनीति में खराब खेलते हैं। उनके अंदर खेल भावना की कमी है। उन्होंने ओलंपिक की मेजबानी को लेकर कहा गुजरात में नरेंद्र मोदी स्टेडियम के रूप में दुनिया का सबसे बड़ा क्रिकेट मैदान है और इसके पास एक खेल परिसर बन रहा। सरकार ने सरदार पटेल खेल परिसर के लिए 4600 करोड़ रुपए और नवरंगपुरा खेल परिसर के लिए 600 करोड़ रुपए आवंटित किए हैं।

# टी-20 वर्ल्डकप के लिए इंग्लैंड के कोचिंग स्टाफ में शामिल होंगे पोलार्ड

**लंदन,(एजेंसी)।** वेस्टइंडीज के पूर्व कप्तान किरोन पोलार्ड अगले साल कैरेबियाई सरजमीं और अमेरिका में होने वाले टी-20 वर्ल्डकप के लिए इंग्लैंड के कोचिंग स्टाफ में शामिल होंगे। इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट (ईसीबी) ने रविवार को इसकी घोषणा की। पोलार्ड ने अप्रैल 2022 में क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास ले लिया था। वह 2012 टी-20 विश्व कप विजेता वेस्टइंडीज टीम का हिस्सा थे। उन्होंने अपने करियर में 637 टी20 मैच खेले हैं। ईसीबी ने कहा, पोलार्ड टी20 विश्वकप के लिए इंग्लैंड पुरुष टीम में सहायक कोच के तौर पर जुड़ेंगे और स्थानीय हालात की जानकारी मुहैया करायेंगे। पोलार्ड ने 63 टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में वेस्टइंडीज की कप्तानी की है। उन्होंने 101 मैच में 1569 रन बनाये और 42 विकेट झटके। यह आल राउंडर मुंबई इंडियंस टीम का भी अहम हिस्सा था जिसने रोहित शर्मा की कप्तानी में पांच इंडियन प्रीमियर लीग खिताब जीते थे।



# स्पेनिश लीग में एटलेटिको ने सेविला को हराया



**बार्सीलोना, (एजेंसी)।** एटलेटिको मैड्रिड ने दस खिलाड़ियों के साथ खेलते हुए सेविला को स्पेनिश लीग फुटबॉल टूर्नामेंट में 1-0 से हराया यह मुकाबला स्पेन की राजधानी में शुरुआत में सितंबर में होना था लेकिन खराब मौसम की भविष्यवाणी के कारण इसे स्थगित किया गया। मैच का एकमात्र गोल मार्कोस लोरेंटे ने दूसरे हाफ के पहले ही मिनट में दागा। वह मध्यांतर के बाद स्थानापन्न खिलाड़ी के रूप में उतरे थे। केगलार सोयुन्सु को लाल कार्ड दिखाए जाने के बाद अंतिम 20 मिनट 10 खिलाड़ियों के साथ खेलने के बावजूद एटलेटिको ने अपनी बढ़त बरकरार रखते हुए जीत दर्ज की। एटलेटिको की टीम 18 मैच में 38 अंक के साथ तीसरे स्थान पर है। रीयाल मैड्रिड और गिरोना के समान 45 अंक हैं। रीयाल मैड्रिड की टीम हालांकि बेहतर गोल अंतर के कारण शीर्ष है।

# बीबीएल ने टॉम कुरेन की अपील की खारिज

**सिडनी,(एजेंसी)।** बिग बैश लीग (बीबीएल) ने अंपायर को डराने-धमकाने के मामले में सिडनी सिक्सर्स की टॉम कुरेन पर चार मैचों के प्रतिबंध को हटाने की अपील को खारिज कर दिया है। बीबीएल ने रविवार को कहा कि इंग्लैंड के हरफनमौला खिलाड़ी टॉम करेन की चार मैचों की सजा के खिलाफ सिडनी सिक्सर्स की अपील को मूल मंजूरी के साथ खारिज कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि टॉम पर प्रतिबंध बरकरार रहेगा और वह मेलबर्न स्टार्स, सिडनी थंडर और ब्रिस्बेन हीट के खिलाफ सिक्सर्स के अगले तीन मैचों में नहीं खेल पाएंगे। बीबीएल के बयान के अनुसार अंपायर क्रिकेट की जीवनधारा का हिस्सा हैं और यह आवश्यक है कि खेल के सभी स्तरों पर खिलाड़ियों द्वारा उनका सम्मान और सराहना की जाए, हम अपील के बाद टॉम द्वारा दिखाए गए पश्चाताप को स्वीकार करते हैं और उसे सिक्सर्स रंगों में वापस देखने के लिए उत्सुक हैं। बिग बैश लीग के क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के महाप्रबंधक एलिस्टेयर डॉब्सन ने कहा, टॉम बीबीएल में लंबे समय से योगदानकर्ता रहे हैं और एक स्पष्ट प्रशंसक-पसंदीदा व्यक्ति हैं और हमें उम्मीद है कि प्रतियोगिता को आगे बढ़ाने में एक अभिन्न भूमिका निभाते रहेंगे।

# चिराग-तन्वी राष्ट्रीय बैडमिंटन चैंपियनशिप के फाइनल में

**गुवाहाटी,(एजेंसी)।** चिराग सेन ने दूसरी वरीयता प्राप्त किरण जॉर्ज को हराकर शनिवार को यहां 85वीं सीनियर राष्ट्रीय बैडमिंटन चैंपियनशिप के पुरुष एकल के फाइनल में प्रवेश किया। राष्ट्रमंडल खेलों के स्वर्ण पदक विजेता लक्ष्य सेन के बड़े भाई चिराग ने 21-18, 21-18 से जीत हासिल की। फाइनल में उनका मुकाबला चौथी वरीयता प्राप्त थारुन एम से होगा जिन्होंने एक अन्य सेमीफाइनल में भरत राघव को 21-11, 16-21, 21-19 से हराया। महिला एकल के सेमीफाइनल में तन्वी शर्मा ने आठवीं वरीयता प्राप्त इशरानी बरुआ को 21-15, 20-22, 21-14 से जबकि हरियाणा की अनमोल खरब ने दूसरी वरीयता प्राप्त स्थानीय खिलाड़ी अश्मिता चालिहा को 21-17, 21-19 से हराया। ओडिशा मास्टर्स के चैंपियन ध्रुव कपिला और तनीषा क्रैस्टो ने दीप रामभिया और अक्षय वारंग पर 21-11, 21-13 की आसान जीत के साथ मिश्रित युगल फाइनल में प्रवेश किया, जहां उनका सामना नितिन कुमार और नवधा मंगलम की जोड़ी से होगा, जिन्होंने एचवी नितिन और मनीषा के को 10-21, 21-18, 21-19 से पराजित किया। महिला युगल में महाराष्ट्र की रितिका ठाकर और सिमरन सिंघी ने पी अमृता और प्रांजल प्रभु चिमुलकर को 21-11, 21-11 से हराकर फाइनल में जगह बनाई जहां उनका मुकाबला प्रिया देवी कोन्जेंगबाम और श्रुति मिश्रा की तीसरी वरीयता प्राप्त जोड़ी से होगा, जिन्होंने मृण्मयी देशपांडे और प्रेरणा अल्वेकर पर 21-13, 21-11 से जीत दर्ज की।

# अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को प्राथमिकता देने से मिली सफलता: स्टार्क



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलिया के सीनियर तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क ने स्वीकार किया कि उन्होंने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को प्राथमिकता देने के लिए अतीत में इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की लुभावनी पेशकश ठुकराईं जिससे उन्हें अपने खेल में सुधार करने में मदद मिली। पिछले हफ्ते हुई नीलामी में दो बार की चैंपियन कोलकाता नाइट राइडर्स ने स्टार्क को 24 करोड़ 75 लाख रुपए में अपने साथ जोड़ा और यह 2015 के बाद पहली बार है जब वह आईपीएल का हिस्सा बनेंगे। स्टार्क ने कहा कि आईपीएल के दौरान ब्रेक से उन्हें तरोताजा होने और अंतरराष्ट्रीय मुकाबलों के लिए फिट रहने में मदद मिली। स्टार्क ने कहा, एक तरह के क्रिकेट कार्यक्रम को व्यवस्थित करना ही काफी कठिन है, एक साथ दो की बात तो छोड़ ही दो। इसलिए मैंने हमेशा क्रिकेट से दूर एलिसा के साथ समय बिताया है या परिवार के साथ समय बिताया है। ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट के लिए तैयार और फिट रहने के लिए अपने शरीर को तरोताजा रखा। उन्होंने कहा, मुझे इसका कोई अफसोस नहीं है। मुझे लगता है कि इससे निश्चित रूप से मेरे टेस्ट क्रिकेट को मदद मिली है। पैसा हमेशा अच्छा होता है और निश्चित रूप से इस साल भी था लेकिन मैंने हमेशा अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को प्राथमिकता दी है और मुझे लगता है कि इससे मेरे खेल को मदद मिली है।

## सिटी स्पोर्ट्स

# जैतवारा ने जीता टेनिस बॉल टूर्नामेंट

## उप मुख्यमंत्री ने खिलाड़ियों को सौंपी ट्रॉफी



**भोपाल, (खेसं)।** पंडित भैयालाल शुक्ल की स्मृति में विश्वविद्यालय स्टेडियम में आयोजित टेनिस बॉल टूर्नामेंट के समापन पर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने प्ले इंडिया सुपर किंग्स जैतवारा टीम को विजेता ट्रॉफी एवं एक लाख रूपए का पुरस्कार प्रदान किया। टूनामेंट में कोनिया इलेवन त्योंथर की टीम उप विजेता रही। टेनिस बाल क्रिकेट टूर्नामेंट के समापन अवसर पर मुख्य अतिथि के तौर पर अपने उद्बोधन में उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि सामाजिक एकता और भाई चारा बनाने के माध्यम खेल होते हैं। खेल एक ऐसी विधा है जिसमें हारने वाला व्यक्ति भी जीतने वाले को गर्मजोशी से बधाई देता है। उन्होंने खिलाड़ियों को आश्वस्त किया कि आप खेले हम सुविधाएं देने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ेंगे। उन्होंने कहा कि रीवा में खेलों का माहौल है। यहां के खिलाड़ी विभिन्न खेलों में देश एवं अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर अपना नाम रोशन कर रहे हैं। तेजी से बढ़ते रीवा में वह दिन दूर नहीं जब यहां भी क्रिकेट के आईपीएल के मैच हो सकेंगे। रीवा से लगे भांटी में अन्तर्राष्ट्रीय स्तर का क्रिकेट ग्राउंड बन गया तथा फरवरी से रीवा से हवाई सेवा भी शुरू हो जाएंगी।

# नरसिंहगढ़ ने नजीराबाद टीम को 5 रन से हराया



**भोपाल,(खेसं)।** भोपल जिले के ग्राम सिंधोड़ा में हर वर्ष की तरह इस बार भी लगातार 16 वां टेनिस बॉल क्रिकेट टूर्नामिंट का आयोजन किया जा रहा हैं। जिसका समापन 6 जनवरी को होगा। उद्घघाटन मैच में नरसिंहगढ़ टीम ने आखिरी ओवर की लास्ट बॉल पर नजीराबाद टीम को 5 रन से हराया। वहीं दूसरे मैच में सरस्वती इलेवन ने सूरजपुरा को हराया। टूर्नामिंट में भोपाल सहित अन्य जिले की लगभग 32 टीमें भाग ले रही हैं। टूर्नामिंट में विजेता टीम के लिए इनाम राशि 51 हजार रुपए व उपविजेता टीम के लिए 25 हजार रुपए रखी गई हैं।

# मास्टर्स कप में अरेरा अकादमी और सेंट्रल स्ट्राइकर इंदौर जीते

**भोपाल,(खेसं)।** स्पोर्ट्स क्लब ऑफ भोपाल द्वारा आयोजित मास्टर्स एवं सीनियर्स कप क्रिकेट प्रतियोगिता में अरेरा क्रिकेट अकादमी ने अकीरा क्रिकेट अकादमी को 6 रन से और सेंट्रल स्ट्राइकर इंदौर ने भोपाल मास्टर्स को 76 रन से हराया। दिन के पहले मुकाबले में अकीरा के खिलाफ पहले बल्लेबाजी करते हुए अरेरा क्रिकेट अकादमी ने 20 ओवर में 9 विकेट पर 144 रन बनाए। जिसमें अयान ने 44 रन की पारी खेली। अकीरा अकादमी की तरफ से गौरव धाकड़ ने 3 विकेट लिए।

जवाबी पारी खेलने उतरी अकीरा अकादमी की टीम 19.5 ओवर में 138 रन पर ऑलआउट हो गई। अकीरा अकादमी की तरफ से शुभम शर्मा ने 35 रन बनाए। अरेरा अकादमी की तरफ से नमन और तनिष्क यादव ने 2-2 विकेट लिए। नमन प्रजापति को मैन ऑफ द मैच चुना गया। वहीं दूसरे मैच में मास्टर्स ग्रुप में भोपाल मास्टर्स के खिलाफ सेंट्रल स्ट्राइकर ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 18 ओवर में 6 विकेट पर 179 रन बनाए। जिसमें जितेंद्र लिखर ने 66 रन और अक्षय श्रीवास्तव ने 44 रन बनाए। भोपाल मास्टर्स की तरफ से लक्ष्मण सोनकर ने तीन विकेट लिए। जवाबी पारी खेलने उतरी भोपाल मास्टर्स की पूरी टीम 17.1 ओवर मे 103 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। देवेंद्र सिंह परिहार ने 21 रन का योगदान दिया। सेंट्रल स्ट्राइकर की तरफ से शेख सादिक ने तीन और तन्मय ने दो विकेट लिए। जितेंद्र लिखर जो मेन ऑफ द मैच चुना गया।

# मोहन द्विवेदी भारतीय दिव्यांग क्रिकेट टीम के मैनेजर नियुक्त



**भोपाल,(खेसं)।** पिछले तीन सालों से दिव्यांग क्रिकेटरों को प्रोत्साहित कर रहे सीनियर क्रिकेटर मोहन द्विवेदी को भारतीय दिव्यांग क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने भारत नेपाल क्रिकेट सीरीज के लिए भारतीय टीम का मैनेजर नियुक्त किया है। उनकी यह नियुक्ति बोर्ड के सचिव हारून राशिद ने आगरा में हुई एक बैठक के दौरान की। मोहन द्विवेदी भारत-नेपाल के बीच एक टेस्ट मैच और तीन टी-20 मैचों में भारतीय दिव्यांग क्रिकेट टीम के प्रबंधक का कार्य संभालेंगे। टी-20 मैचों की सीरीज 25 से 31 दिसंबर तक भारत में खेली जाएगी। मोहन द्विवेदी 24 दिसंबर को भारतीय दिव्यांग क्रिकेट टीम से जुड़ेंगे। भारतीया दिव्यांग क्रिकेट बोर्ड ने उन्हें इस पद पर चुने जाने के लिए बधाई और शुभकामनाएं दी है।

# BP निदान में बड़ी सफलता

सिडनी (आईएएनएस)। शोधकर्ताओं की एक टीम ने यह अनुमान लगाने का एक तरीका खोजा है कि शरीर में सोडियम को कम करने के लिए ब्लड प्रेशर के उपचार पर कौन प्रतिक्रिया देगा। ऑस्ट्रेलिया में द हंटर मेडिकल रिसर्च इंस्टीट्यूट और न्यूकैसल विश्वविद्यालय की टीम ने यह पता लगाया कि इलाज की जानकारी के लिए प्रत्येक व्यक्ति के जेनेटिक्स का उपयोग कैसे किया जाए। उनके निष्कर्ष प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय कार्डियोलॉजी जर्नल





सर्कुलेशन में प्रकाशित हुए। जर्नल सर्कुलेशन में प्रकाशित एक पेपर में प्रोफेसर मरे केर्न्स ने कहा, हाई ब्लड प्रेशर या हाईपरटेंशन से संबंधित बीमारी लगभग 20 प्रतिशत लोगों को मार देती है।

कम से कम 30 प्रतिशत वयस्क आबादी को यह बीमारी है - यानी तीन ऑस्ट्रेलियाई वयस्कों में से एक - और उनमें से केवल 30 प्रतिशत लोग ही इसे नियंत्रण में रख पाते हैं। केर्न्स ने बताया, लोगों का नशीली दवाओं के प्रति प्रतिक्रिया करने का तरीका अलग-अलग है। हम फिजियोलोजिकल सिस्टम के संबंध में किसी व्यक्ति के हाई ब्लड प्रेशर के जेनेटिक्स जोखिम को माप सकते हैं - जिसमें गुर्दे, हृदय या मांसपेशियां शामिल हैं - और फिर दवाओं को सटीक रूप से टारगेट कर सकते हैं। हाईपरटेंशन की कुछ दवाएं शरीर में सोडियम - और बाद में रक्त की मात्रा - को कम करने का काम करती हैं। केर्न्स का कहना है कि कई लोगों में हाई ब्लड प्रेशर की आनुवंशिक प्रवृत्ति होती है जो उच्च नमक वाले आहार से शुरू होती है या बढ़ जाती है, वे सोडियम को कम करने वाले उपचार के प्रति अच्छी प्रतिक्रिया देंगे। कुछ लोगों के लिए, नमक उनके उच्च रक्तचाप का एक महत्वपूर्ण कारक नहीं है, इसलिए उन्हें उन उपचारों से अधिक लाभ हो सकता है जो उनके आनुवंशिक जोखिम के अन्य जैविक पहलुओं को लक्षित करते हैं। 80 प्रतिशत लोग किसी न किसी प्रकार की पुरानी बीमारी से पीड़ित हैं, और 20 प्रतिशत लोग दो या दो से अधिक बीमारियों से पीड़ित हैं। सही चिकित्सा से वैश्विक स्वास्थ्य पर व्यापक प्रभाव पड़ सकता है। सोडियम से जुड़े आनुवंशिक स्कोर, सोडियम स्तर और रक्तचाप के बीच परस्पर क्रिया को मापने के लिए टीम ने यूके बायोबैंक से वास्तविक विश्व डेटा का उपयोग किया।

# दोहरे गर्भाशय वाली महिला ने दिया जुड़वां बच्चियों को जन्म

वाशिंगटन (वार्ता)। अमेरिका में अलबामा प्रांत की दो गर्भाशयों वाली 32 वर्षीय महिला ने दोनों गर्भाशय में अलग-अलग दिनों में जुड़वां बच्चियों को जन्म दिया है। महिला का नाम केल्सी हैचर है, जिन्होंने इंस्टाग्राम अकाउंट 'डबल्यूहैचलिंग्स' पर इसकी जानकारी दी। मसाज थेरेपिस्ट केल्सी ने अपने पोस्ट में लिखा, 'हमारे चमत्कारिक बच्चे पैदा हुए।' उनकी पहली बेटी रॉक्सी लैला का जन्म मंगलवार की रात को हुआ और दूसरे रेबेल लेकन का बुधवार की सुबह को हुआ। प्रत्येक का वजन सात पाउंड (3.2 किलोग्राम) से



अधिक था। डॉक्टरों ने क्रिसमस के दिन बच्चे के पैदा होने की तारीख का अनुमान लगाया था, लेकिन 39 सप्ताह में दोनों बच्चो का जन्म हुआ। मां और बेटियों को अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है। केल्सी ने आगामी दिनों प्रसव के बारे में विवरण साझा करने का वादा किया है। उन्होंने कहा कि उन्हें 17 साल की उम्र से पता था कि उसे दुर्लभ जन्मजाम 'गर्भाशय डिडेल्फ़िस' है, एक दुर्लभ जन्मजात स्थिति जो लगभग 0.3 प्रतिशत महिलाओं को प्रभावित करती है। ऐसे मामलों में प्रत्येक गर्भाशय में केवल एक अंडाशय और एक फैलोपियन ट्यूब होता है। गत मई में आठ सप्ताह की नियमित अल्ट्रासाउंड यात्रा के दौरान केल्सी को पता चला कि इस बार उसके दोनों गर्भाशय में एक-एक भ्रूण मौजूद है।

# हरिकथा, और चादरपोशी से शुरू हुआ 'तानसेन समारोह'

ग्वालियर (वार्ता)। भारतीय शास्त्रीय संगीत के क्षेत्र में देश के सर्वाधिक प्रतिष्ठापूर्ण महोत्सव 'तानसेन समारोह' की यहां आज सुबह पारंपरिक ढंग से शुरुआत हो गयी। यहां हजीरा स्थित तानसेन समाधि स्थल पर शहनाई वादन, हरिकथा, मिलाद, चादरपोशी और कव्वाली गायन हुआ। सुर सम्राट तानसेन की स्मृति में आयोजित होने वाले तानसेन समारोह का इस साल 99वां वर्ष है। तानसेन समारोह का औपचारिक शुभारंभ आज सायं हजीरा स्थित तानसेन समाधि परिसर में ऐतिहासिक मान सिंह तोमर महल की थीम पर बने भव्य एवं आकर्षक मंच पर होगा। इसी मंच पर बैठकर देश और दुनियां के ब्रम्हनाद के शीर्षस्थ साधक सुर सम्राट तानसेन को स्वरांजलि अर्पित करेंगे।




सुबह की बेला में तानसेन समाधि स्थल पर परंपरागत ढंग से उस्ताद मजीद खां एवं साथियों ने रागमय शहनाई वादन किया। इसके बाद ढोलीबुआ महाराज नाथपंथी संत श्री सच्चिदानंद नाथ जी ने संगीतमय आध्यात्मिक प्रवचन देते हुए ईश्वर और मनुष्य के रिश्तो को उजागर किया। उनके प्रवचन का सार था कि परहित से बढ़कर कोई धर्म नहीं। अल्लाह और ईश्वर, राम और रहीम, कृष्ण और करीम, खुदा और देव सब एक हैं। हर मनुष्य में ईश्वर विद्यमान है। हम सब ईश्वर की सन्तान है तथा ईश्वर के अंश भी है। सभी मतों का एक ही है संदेश है कि सभी नेकी के मार्ग पर चलें।

उन्होंने कहा सुर ही धर्म है जो निर्विकार भाव से गाता है वही भक्त है। ढोली बुआ महाराज ने राग 'बैरागी' में तुलसीदास जी द्वारा रचित भजन प्रस्तुत किया। भजन के बोल थे 'भजन बिन तीनों पन बिगड़े'। उन्होंने प्रिय भजन 'रघुपति राघव राजाराम पतित पावन सीताराम' का गायन भी किया। इसके अलावा उन्होंने विभिन्न रागों में पिरोकर अन्य भजन भी गए। ढोलीबुआ महाराज की हरिकथा के बाद मुस्लिम समुदाय से मौलाना इकबाल लश्कर कादिरी ने इस्लामी कायदे के अनुसार मिलाद शरीफ की तकरीर सुनायी। उन्होंने कहा सबसे बड़ी भक्ति मोहब्बत है। उनके द्वारा प्रस्तुत कलाम के बोल थे 'तू ही जलवानुमा है मैं नहीं हूँ'। अंत में हजरत मौहम्मद गौस व तानसेन की मजार पर राज्य सरकार की ओर से सैयद जियाउल हसन सज्जादा नसीन जी द्वारा परंपरागत ढंग से चादरपोशी की गई। इससे पहले जनाब फरीद खानूनी व जनाब भोलू झनकार एवं उनके साथी कब्बाली गाते हुये चादर लेकर पहुंचे। कव्वाली के बोल थे 'खास दरबार-ए-मौहम्मद से ये आई चादर'। तानसेन समाधि पर परंपरागत ढंग से आयोजित हुए इस कार्यक्रम में कलेक्टर अक्षय कुमार सिंह, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजेश चंदेल, संचालक संस्कृति विभाग अदिति कुमार त्रिपाठी, जिला पंचायत के सीईओ विवेक कुमार, उस्ताद अलाउद्दीन खां कला एवं संगीत अकादमी के निदेशक जयंत माधव भिसे, ध्रुपद गुरू अभिजीत सुखदाने सहित अन्य कलारसिक, उस्ताद अलाउद्दीन खाँ कला एवं संगीत अकादमी के अधिकारी और गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

# 'मैड्रिड मेट्रो' के 104 साल पूरे



नयी दिल्ली (भाषा)। प्रथम विश्व युद्ध और स्पेनिश फ्लू जैसे चुनौतीपूर्ण समय के दौरान निर्मित मैड्रिड मेट्रो ने अपने उतार-चढ़ाव से भरे सफर के 104 वर्ष पूरे कर लिए हैं। मैड्रिड मेट्रो के एक शीर्ष अधिकारी ने बताया कि जब 1919 में इसकी शुरुआत हुई तो इसे इंजीनियरिंग के लिहाज से एक बड़ी उपलब्धि और चमत्कार माना जा रहा था क्योंकि स्पेन की इस पहली मेट्रो को सिर्फ दो से तीन वर्षों के भीतर बनाया गया था। मैड्रिड मेट्रो के 'एक्सेसिबिलिटी, एक्सटीरियर और साइनेज' के समन्वयक एंटोनियो लेरास हाल ही में केंद्रीय शहरी एवं आवास मामलों के मंत्रालय द्वारा आयोजित शहरी भारत गतिशीलता सम्मेलन 2023 में भाग लेने के लिए दिल्ली में मौजूद थे। उन्होंने कहा कि मैड्रिड मेट्रो (मेट्रो डी मैड्रिड) का निर्माण प्रथम विश्व युद्ध के वक्त और एक ऐसे समय में हुआ, जब दुनिया स्पेनिश फ्लू नाम की महामारी की गिरफ्त में थी। स्पेनिश फ्लू 1918 में फैला था। अधिकारी ने कहा कि कोविड महामारी की ही तरह स्पेनिश फ्लू ने भी भारी तबाही मचाई थी और बड़ी संख्या में लोगों ने अपनी जान गंवाई थी। उस दौरान भी लोगों की आवाजाही प्रभावित हुई थी।

उन्होंने कहा, 'निस्संदेह ये (स्पेनिश फ्लू) शहर के लिए एक बड़ी समस्या था। वह आज के समय में कोविड की तरह था और प्रथम विश्व युद्ध भी चल रहा था, जिसमें स्पेन ने भाग नहीं लिया था। बहुत से लोगों की मौत हुई थी।' अधिकारी ने बताया कि 31 अक्टूबर 1919 को मेट्रो मैड्रिड ने यात्री सेवा शुरू की थी, जिसका 3.48 किलोमीटर का एक छोटा सा गलियारा था, जो इस सौ साल के सफर के दौरान बढ़कर 295 किलोमीटर और 303 स्टेशन का लंबा-चौड़ा नेटवर्क बन गया है।

# अधिकांश यूजर्स 2025 तक छोड़ सकते हैं सोशल मीडिया

नई दिल्ली (आईएएनएस)। 2025 तक 50 प्रतिशत से ज्यादा उपभोक्ता सोशल मीडिया को या तो छोड़ देंगे या इसका उपयोग सीमित कर देंगे। इसका कारण गलत सूचना का प्रसार, हानिकारक यूजर आधार और बॉट्स का प्रचलन है। गार्टनर के एक सर्वे में खुलासा हुआ है कि 53 प्रतिशत उपभोक्ताओं का मानना है कि सोशल मीडिया की वर्तमान स्थिति पिछले साल या पांच साल पहले की तुलना में खराब हो गई है। सोशल मीडिया में अपेक्षित जेनएआई उपयोग के प्रभाव के बारे में चिंता अधिक है और 10 में से 7 से अधिक उपभोक्ता इस बात से सहमत हैं कि सोशल मीडिया में जेनएआई के अधिक एकीकरण से यूजर्स अनुभव को नुकसान होगा। गार्टनर मार्केटिंग प्रैक्टिस के वरिष्ठ प्रमुख शोधकर्ता एमिली वीस ने कहा, डिजिटल मार्केटिंग के लिए सोशल मीडिया टॉप निवेश चैनल बना हुआ है, लेकिन उपभोक्ता एक्टिव रूप से इसके उपयोग को सीमित करने की कोशिश कर रहे हैं।

उन्होंने आगे कहा कि एक महत्वपूर्ण हिस्सा यह कहता है कि कुछ साल पहले की तुलना में वे अपनी खुद की लाइफ और कंटेंट को कम साझा कर रहे हैं। जैसे-जैसे सोशल मीडिया के उपयोग का प्रकृति और प्लेटफ़ॉर्म का अनुभव बदलता है, सीएमओ को प्रतिक्रिया में अपने ग्राहक अधिग्रहण और वफादारी प्रतिधारण रणनीतियों पर फिर से ध्यान केंद्रित करना चाहिए। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) की क्षमता में विश्वास की कमी कुछ उपभोक्ताओं को एआई-मुक्त ब्रांड और इंटरैक्शन की तलाश करने के लिए प्रेरित करेगी। ब्रांडों का एक उपवर्ग एआई को छोड़ देगा और अधिक मानवीय स्थिति को प्राथमिकता देगा। साल 2028 तक ब्रांडों के ऑर्गेनिक सर्च ट्रैफ़िक में 50 प्रतिशत या उससे अधिक की कमी आएगी क्योंकि उपभोक्ता जेनरेटिव एआई-संचालित सर्च को अपनाएंगे। सर्च इंजनों में जेनएआई को तेजी से अपनाने से बिक्री बढ़ाने के लिए जैविक सर्च का उपयोग करने की सीएमओ की क्षमता में काफी बाधा आएगी। एमिली वीस ने कहा, सीएमओ को उस व्यवधान के लिए तैयार रहना चाहिए जो जेनएआई-समर्थित सर्च उनकी जैविक सर्च रणनीतियों में लाएगी।




**इसका कारण गलत सूचना का प्रसार, हानिकारक यूजर आधार और बॉट्स का प्रचलन है। गार्टनर के एक सर्वे में खुलासा हुआ है कि ५३ प्रतिशत उपभोक्ताओं का मानना है कि सोशल मीडिया की वर्तमान स्थिति पिछले साल या पांच साल पहले की तुलना में खराब हो गई है।**

# 'बेबी' के रीमेक में काम चाहते हैं स्टार-किड्स

मुंबई (आईएएनएस)। 'बेबी' इस साल की सबसे सफल टॉलीवुड फिल्मों में से एक है। फिल्म को दर्शकों, फिल्म निर्माताओं और मशहूर हस्तियों ने काफी पसंद किया है। फिल्म निर्माता साई राजेश द्वारा निर्देशित इस फिल्म ने बॉक्स-ऑफिस के सभी रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। इस प्रेम कहानी में आनंद देवरकोंडा, वैष्णवी चैतन्य और विराज अश्विन मुख्य भूमिका में हैं।




देवरकोंडा को उनकी भूमिका के लिए काफी सराहना मिली, जिससे वह बॉक्स ऑफिस पर 100 करोड़ रुपए की कमाई करने वाले क्लब में शामिल हो गए। 'बेबी' ने आनंद के भाई विजय देवराकोंडा अभिनीत एक अन्य कल्ट हिट 'अर्जुन रेड्डी' की तुलना में दोगुना कलेक्शन किया। अब इस फिल्म का हिंदी रीमेक बनने की काफी चर्चा हो रही है। इसकी पुष्टि करते हुए, फिल्म के निर्माता, श्रीनिवास कुमार, जिन्हें तेलुगु उद्योग में एसकेएन के नाम से भी जाना जाता है, ने बताया, हां, 'बेबी' न केवल हिंदी में बल्कि तमिल में भी बनाई जाएगी। दोनों संस्करणों के लिए कलाकार नए चेहरे होंगे, नए कलाकार या फिर ऐसे कलाकार जो कुछ समय पहले ही उद्योग में आए हैं। निर्माता ऐसे कलाकारों को चुनकर वही जादू फिर से क्रिएट करना चाहते हैं। एसकेएन ने कहा, आनंद देवरकोंडा और वैष्णवी चैतन्य दोनों अपेक्षाकृत नए चेहरे थे। उनके पास फिल्मों का काफी कम अनुभव था, आनंद को मुख्य रूप से विजय देवरकोंडा के भाई के रूप में पहचाना गया था, और वैष्णवी के काम को ज्यादा मान्यता नहीं मिली थी।

निर्माता ने खुलासा किया कि निर्माताओं की कोशिश इसी तरह के अभिनेताओं को पर्दे पर लाना है। लेकिन रिपोर्ट से पता चलता है कि बॉलीवुड के कुछ स्टार-किड्स ने 'बेबी' के हिंदी रीमेक का हिस्सा बनने में रुचि दिखाई है। यह कोई आश्चर्य की बात नहीं है, यह देखते हुए कि फिल्म ने टॉलीवुड में जबरदस्त सफलता हासिल की थी, जिसने कलाकारों और निर्माता-निर्देशकों के करियर को काफी ऊंचा उठा दिया था।

## 'डर' मेरे करियर की सबसे महत्वपूर्ण फिल्म

# जूही चावला



मुंबई (आईएएनएस)। फिल्म 'डर' ने अपने 30 साल पूरे कर लिए हैं। इसको लेकर अभिनेत्री जूही चावला ने कहा कि फिल्म में सुपरस्टार शाहरुख खान का होना कितना खास था और क्यों यह उनके करियर की अब तक की सबसे महत्वपूर्ण फिल्म थी। जूही ने कहा, फिल्म 'डर' मेरे करियर की सबसे महत्वपूर्ण फिल्मों में से एक है। 'डर' से पहले मैंने यश चोपड़ा जी के साथ 'चांदनी' में काम किया था और यह बस एक छोटा सा हिस्सा था। उस समय मैं बिल्कुल नई थी लेकिन फिर भी उन्होंने मुझे विनोद खन्ना जी के अपोजिट कास्ट किया और मेरी वह छोटी सी गेस्ट भूमिका थी। उन्होंने कहा, वह पहली बार था जब मैंने कैमरे का सामना किया और यश जी मुझे निर्देशित कर रहे थे, जो सिर्फ ढाई दिन का काम था। उन्होंने आगे कहा, उसके बाद मैंने फिल्म 'आइना' में काम किया। आइना में पहली बार मुझे हनी जी के घर बुलाया गया था, जिन्होंने मुझे बैठाया और मेरे साथ पूरी स्क्रिप्ट पढ़ी। अभिनेत्री ने कहा, मैं बस आश्चर्यचकित थी क्योंकि मैं एक उभरती हुई कलाकार थी, जो अभी भी अपने पैर जमा रही थी और यहां एक महान निर्देशक थे जिनकी फिल्में मैंने एक बच्चे के रूप में देखी थीं, और फिर जब मैं एक अभिनेत्री बन गई, तो मैं उनके सामने बैठी थी। उन्होंने कहा, यश जी के साथ मैंने जो दोनों फिल्में कीं, चाहे वह आईना हो या डर, उन्होंने मुझे पूरी स्क्रिप्ट सुनाई, यह अद्भुत था। मेरे पास यश जी के साथ काम करने की अद्भुत यादें हैं। यश चोपड़ा जी की नायिका बनना और उनके द्वारा निर्देशित होना मेरे लिए बहुत बड़ा क्षण था। जूही ने कहा कि वह यह सुनकर रोमांचित थीं कि शाहरुख खान 'डर' में एंटी-हीरो की भूमिका निभाएंगे। उन्होंने कहा, जब मैंने सुना कि यश जी आमिर को उस भूमिका के लिए कास्ट करने जा रहे हैं जो शाहरुख ने की थी, तो मैं बहुत खुश हुई, क्योंकि आप जानते हैं कि मैंने अपनी शुरुआती फिल्मों में आमिर के साथ काम किया है और उनके साथ मैं बहुत सहज हूं।

## 67 वर्ष के हुए

# अनिल कपूर

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड के जानेमाने अभिनेता अनिल कपूर आज 67 वर्ष के हो गए। 24 दिसम्बर 1959 को मुंबई के चेंबूर इलाके की छोटी सी बस्ती में जन्मे अनिल कपूर के पिता सुरेन्द्र कपूर फिल्म निर्माता थे। घर में फिल्मी माहौल में रहने के कारण वह अक्सर अपने पिता के साथ शूटिंग देखने चले जाते और अभिनेता बनने का सपना देखा करते। अनिल कपूर के पिता ने फिल्मों के प्रति उनके बढ़ते रूझान को पहचान लिया और उन्हें इस रास्तें पर चलने के लिये प्रेरित किया। अनिल कपूर ने अपने सिने कैरियर की शुरूआत वर्ष 1979 में प्रदर्शित फिल्म 'हमारे तुम्हारे' से की लेकिन कमजोर पटकथा और निर्देशन के कारण फिल्म बॉक्स ऑफिस पर बुरी तरह से नकार दी गई। वर्ष 1982 में उन्हें दिलीप कुमार और अमिताभ बच्चन के साथ फिल्म 'शक्ति' में काम करने का मौका मिला लेकिन इससे उन्हें कुछ खास फायदा नहीं पहुंचा। वर्ष 1983 में अनिल कपूर को अपने पिता के बैनर तले बनी फिल्म 'वो सात दिन' में काम करने का अवसर मिला। इस फिल्म में उनके सामने कला फिल्मों के महारथी नसीरूद्दीन शाह थे लेकिन अनिल अपने दमदार अभिनय से दर्शकों का दिल जीतने में सफल रहे। फिल्म की सफलता के बाद वह कुछ हद तक अपनी पहचान बनाने में सफल रहे। वर्ष 1985 मे अनिल कपूर को यश चोपड़ा की फिल्म 'मशाल' में काम करने का अवसर मिला। यूं तो पूरी फिल्म अभिनेता दिलीप कुमार के इर्द गिर्द घूमती थी लेकिन अनिल कपूर ने फिल्म में अपनी छोटी सी भूमिका में दर्शकों का दिल जीत लिया। इस फिल्म में दमदार अभिनय के लिये उन्हें सहायक अभिनेता का फिल्म फेयर अवार्ड भी मिला। वर्ष 1987 में प्रदर्शित फिल्म 'मिस्टर इंडिया' अनिल कपूर के सिने कैरियर की सबसे कामयाब फिल्म साबित हुई। शेखर कपूर के निर्देशन में बनी इस फिल्म में अनिल कपूर ने एक ऐसे युवक की भूमिका निभाई जिसे एक चमत्कारी शक्तियां मिल जाता है जिसके सहारे वह गायब हो सकता है। बाद में अपने देश को बर्बादी से बचाने के लिये वह खलनायक से मुकाबला करता है और उसे हराकर विजयी बनता है।



वर्ष 1988 में अनिल कपूर के सिने कैरियर की एक और अहम फिल्म 'तेजाब' प्रदर्शित हुई। एन चंद्रा के बैनर तले बनी इस फिल्म में अनिल कपूर ने एक सीधे सादे नौजवान की भूमिका निभाई जो देश और समाज के प्रति समर्पित है लेकिन समाज के फैले भ्रष्टाचार की वजह से वह लोगो की नजर में तेजाब बन जाता है जो सारे समाज को जलाकर खाक कर देना चाहता है।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम के तहत ग्राम पंचायत नौआ डीह में कार्यक्रम का हुआ आयोजन

प्रखर संतकबीरनगर। विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम के तहत ग्राम पंचायत नौवा डीह में कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उदयराज तिवारी ने मोबाइल वैन के माध्यम से सरकार की ओर से चलाई जा रही जन कल्याणकारी

**मुख्य अतिथि श्री उदय राज तिवारी ने ग्रामीणों को 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की शपथ दिलाई**



योजनाओं एवं प्रधानमंत्री के उद्देश्य के बारे में जानकारी दी। सेमरियावा विकासखंड के ग्राम व न्याय नौवा डीह गांव में "विकसित भारत संकल्प यात्रा" कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उदय राज तिवारी ने कहा कि इस यात्रा का आयोजन 15 नवंबर से शुरू किया गया है जो 26 जनवरी तक चलेगा यात्रा का मुख्य उद्देश्य की प्रदेश में संचालित प्रमुख योजनाओं का लाभ, लक्षित लाभार्थियों, खासतौर से वंचित आश्रित लोगों तक समृद्धि तरीके से पहुंचे तथा स्वच्छता सुविधांए आवश्य वित्त पोषण सेवाएं एलपीजी कनेक्शन गरीबों के लिए आवास खाद सुरक्षा उचित पोषण विश्वासनीय स्वास्थ्य सुविधाएं स्वच्छ पेयजल गुणवत्तापूर्ति शिक्षा सुविधाओं का लाभ मिले। उदय राज तिवारी ने कहा कि सरकार की योजनाएं जनजन तक पहुंच रही है। विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत लोगों को योजनाओं के बारे में संपूर्ण जानकारी दी जा रही है जिससे उनका लाभ मिल सके। इसी के तहत योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र शौचालय के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र प्रधानमंत्री आवास के तहत आवास प्रमाण पत्र, किसान सम्मन निधि प्रमाण पत्र व प्रधानमंत्री आवास के तहत लाभार्थी को चाबी सौपा गया। मेरी जुबानी मेरी कहानी के तहत उपस्थित लोगों में से आवास योजना, समूह की महिलाएं, आयुष्मान कार्ड धारक, पीएम किसान सम्मान निधि, उज्जवला योजना की लाभार्थी, मुफ्त राशन लाभार्थी के द्वारा जन कल्याणकारी योजनाओं से प्राप्त लाभ के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। इस मौके पर मुख्य अतिथि उदय राज तिवारी , ग्राम प्रधान मोहमद अहमद ,ग्राम सचिव , खंड विकास अधिकारी, उपयुक्त उद्योग राजकुमार शर्मा, तथा सभी ग्रामीण कार्यक्रम के दौरान मौजूद रहे।

## डा. सविता मेमोरियल में वालीबाल क्षेत्रीय प्रतियोगिता



प्रखर रामनगर वाराणसी। आजाद क्लब मल्लहिया ने बी बी डी एस टेकारी को २१-१४,२१-१५ से हराकर क्षेत्रीय प्रतियोगिता जीती। करीब ८४ टीम के बीच आजाद क्लब मल्लहिया ने सुश्रुत क्लब आई को तथा बीबीडीएस टेकारी सुश्रुत क्लब डेंटल को हराकर फाइनल में प्रवेश किया था। बहुत ही रोमांचक मुकाबले में क्षेत्र की जनता ने आनन्द लिया। फाइनल मैच श्री राघवेन्द्र प्रताप सिंह (अध्यक्ष वालीबाल एसोसिएशन वाराणसी) की उपस्थिति में संपन्न हुआ। क्षेत्रीय विजेता को ७०००/- तथा उपविजेता को ५०००/- नगद तथा व्यक्तिगत पुरस्कार अध्यक्ष डॉ तेजबली सिंह व सचिव अमूल्य सिन्हा ने प्रदान किया। इसके तुरंत बाद राज्य स्तरीय प्रतियोगिता की शुरूआत हुई। जिसके देर-रात तक चलने का उम्मीद है। प्रतियोगिता में प्रमुख रूप से ब्रम्हानंद पाठक, राकेश पाठक,संजय पटेल, मनभरन यादव, सर्वेन्द्र विक्रम सिंह ,सतीश श्रीवास्तव, नुरूल शेख, कौस्तुभ "साकेत", विभव प्रकाश सिंह, डा नेहरू सिंह, राजेन्द्र प्रसाद जी,डा सत्यप्रकाश जी संतराम पटेल आदि ने शिरकत किया।

## क्रिसमस पर्व पर भी खाद्य विभाग का चला डंडा 4 केक का नमूना किया संग्रह

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन, द्वारा सोमवार को को क्रिसमस पर्व के अवसर पर शुद्ध एवं सुरक्षित खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराने के उद्देश्य से छापामार कर निरीक्षण करते हुए 04 केक का नमूना संग्रह किया गया, विस्तृत विवरण निम्नवत है जिसमें कालूपुर मेदनीपुर गाजीपुर पर वाहन टाटा पिकअप पर लावटू बिन्द से मिश्रित दूध का 01 नमूना संग्रह किया गया, रजागंज पुलिस चौकी गाजीपुर पर वाहन सं0-न्च63 ज्8437 बोलेरो पिकअप पर मनोज कुमार सिंह से भैस के दूध का 01 नमूना संग्रह किया गया, नन्दपुरम कालोनी रजदेपुर देहाती गाजीपुर स्थित भारत फूड कार्पोरेशन प्रो0-अभय कुमार गुप्ता



के विनिर्माण इकाई से केक का 01 नमूना संग्रह किया गया, नागतारा अन्धऊ गाजीपुर स्थित बेकरी प्वाइंट प्रो0-सच्चिानन्द के प्रतिष्ठान से रस्क का 01 नमूना संग्रह किया गया, संग्रहित नमूनें जॉच हेतु खाद्य विश्लेषक उ0प्र0, लखनऊ प्रेषित किये जा रहे है जॉच रिपोर्ट प्राप्त होने के पश्चात खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम-2006 के अन्तर्गत विधिक कार्यवाही की जायेगी। टीम में मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी आर0पी0 सिंह के नेतृत्व में खाद्य सुरक्षा अधिकारियों, अवधेश कुमार, समला प्रसाद यादव, गोपाल चन्द, गुलाबचन्द गुप्त, राजीव कुमार सिंह एवं विरेन्द्र यादव, द्वारा नमूना संग्रह किया गया।

## मिस्टर आलोक कुमार मल्लिक अब कहलाएंगे डॉक्टर आलोक कुमार मल्लिक

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। उत्तर प्रदेश के वाराणसी जिला के आलोक कुमार मल्लिक को मगध विश्वविद्यालय के वाणिज्य विभाग द्वारा आयोजित पीएचडी परीक्षा परिणाम के बाद डॉक्टरेट की उपाधि से अलंकृत किया गया इन्होंने प्रोफेसर डॉ.एस. एस.गुप्ता के निर्देशन में परफॉर्मेंस ऑफ म्युचुअल फंड इन इंडिया विथ स्पेशल रिफरेंस टू लीडिंग म्युचुअल फंड लिस्टेड इन सेबी विषय पर शोध किए इनके मौखिकी में हेड कॉमर्स एंड बिजनेस मैनेजमेंट बीबीएमके यूनिवर्सिटी धनबाद के डॉ. अजीत कुमार उपस्थित रहें। पीएचडी वाइवा के दौरान मिस्टर आलोक ने कहा कि म्यूचुअल फंड शेयर बाजार के बारे में निवेश करने का एक स्मार्ट तरीका प्रदान करता हैं





इतने सारे विभिन्न प्रकार के फंड उपलब्ध होने से हर किसी के वित्तीय लक्ष्यों के लिए कुछ न कुछ है चाहे आप किसी महत्वपूर्ण सपने के लिए बचत कर रहे हों या वित्तीय सुरक्षा जाल का निर्माण कर रहे हों म्यूचुअल फंड आपके बेहतर वित्तीय भविष्य की कुंजी हो सकता हैं। आलोक कुमार मल्लिक पेशे से एक अध्यापक और अपना एजुकेशनल वेलफेयर सोसाइटी के संस्थापक हैं।

## मॉडर्न विंग पब्लिक स्कूल का वार्षिकोत्सव समारोह धूमधाम से मनाया गया



प्रखर चंदवक जौनपुर। संपूर्ण विद्यालय परिसर फूल -मालाओं से सजाया गया तथा क्रिसमस दिवस की पूर्वसंध्या पर रंग-बिरंगे झालरों से सुसज्जित विद्यालय का भवन अपनी अलग ही छटा बिखेर रहा था ।मधुर शीत के मौसम में आयोजित इस कार्यक्रम में अतिथियों,अभिवावको ,छात्र छात्राओं और विद्यालय परिवार के लोगों की चहलकदमी तथा बच्चों द्वारा प्रस्तुत मनोरंजक कार्यक्रम ने वार्षिक समारोह में चार चांद लगा दिए।कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्यतिथि के रूप मे क्षेत्राधिकारी,गौरव शर्मा केराकत,जौनपुर ने फीता काटकर तथा मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलन के द्वारा किया। कार्यक्रम का आयोजन विद्यालय की प्रिंसिपल किरन सिंह, कोआर्डिनेटर रंजीत सिंह, सेक्रेटरी शिवांगी सिंह,सोनी सिंह,निधि सिंह,बबिता चौबे, शिल्पी, प्रीति, हर्षिता, नीतू, अलंकृता, अदिति, प्रतिमा, राजनंदनी, एवं नेहा के निर्देशन में किया गया। मंच का संचालन शिवांगी सिंह तथा आकांक्षा पांडे ने किया। संपूर्ण कार्यक्रम के आयोजन में डा संजय, डा संतोष, डा भानु शंकर, डा अन्नू, संतोष कुमार गोंड, इंद्रसेन यादव, राहुल यादव, संत यादव, मनीष, जूली, सिम्मी, सुंदरम, परमेश पाल, प्रवेश की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## भाजपा नेता बजरंग बहादुर सिंह ने पुष्पांजलि अर्पित कर मनायी पूर्व प्रधानमंत्री की जयंती

प्रखर पूर्वांचल महाराजगंज ब्यूरो। जनपद महराजगंज के नगर पंचायत फरेंदा में माँ भारती के सच्चे सपूत, भारतीय राजनीति के शिखर पुरुष, हिंदी साहित्य के महान रचनाकार, भारतीय जनता पार्टी के पितृ पुरुष, हमारे पथ प्रदर्शक, पूर्व प्रधानमंत्री 'भारत रत्न' परम श्रद्धेय स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी जी की 99वी जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में भाजपा नेता पूर्व विधायक बजरंग बहादुर सिंह ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर कोटि-कोटि नमन कर एवं सुशासन दिवस की सभी को हार्दिक शुभकामनाएं दी उन्होने कहा कि भाजपा सरकार द्वारा अगले पांच साल तक सभी राशनकार्ड धारकों को मुफ्त राशन की व्यवस्था की हैं वहीं गरीबों के ईलाज के लिए आयुष्मान कार्ड बनाकर मुफ्त इलाज किया जा रहा है ।मुख्यमंत्री सामुहिक विवाह योजना के तहत हर साल हजारों शादियां कराकर निर्धन परिवार की मदद कर रही है भाजपा सरकार ।हर घर नल योजना के तहत हर घरों में शुद्ध पेयजल पहुचाने का कार्य किया जा रहा है अच्छी सडकों के साथ हर गांव में



18 घंटे बिजली मुहैया कराने का कार्य सरकार द्वारा किया जा रहा है ।प्रदेश को रोगमुक्त बनाने के लिए समय समय पर पोलियो अभियान, कुष्ठ रोग, टीबी रोग अभियान चलाया जा रहा है ।महिलाओं की सुरक्षा एवं आकस्मिक घटना पर नियंत्रण के लिए हर जगह सीसीटीवी कैमरे लगाए जा रहे हैं ।प्रधानमंत्री किसान योजना के तहत 6000प्रति वर्ष किसानों को मिल रहा है ।सरकार द्वारा चलाई जा रही हर योजना का लाभ हर पात्रों को मिले चाहे वह किसी भी वर्ग का हो ।हर गांव में बारात घर, शुलभ शौचालय, पक्की सड़क, नाली का निर्माण किया जा रहा है। उनके साथ फरेंदा नगर पंचायत अध्यक्ष राजेश जायसवाल, विवेक चौहान सहित सभासद मौजूद रहे।

## प्रबुद्धजन काशी एवं प्रबोधिनी फाउण्डेशन के तत्वावधान में पुलिसिंग एवं कानून व्यवस्था पर हुआ संगोष्ठी का आयोजन

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। प्रबुद्धजन काशी एवं प्रबोधिनी फाउण्डेशन के तत्वावधान मे पुलिसिंग एवं कानून व्यवस्था पर संगोष्ठी एवं विदाई समारोह का आयोजन चन्द्र वाटिक मीरापुर बसही मे हुआ जिसमे दर्जनो सामाजिक संगठनो की सहभागित सहित सार्थक संवाद हुआ` मुख्य वक्ता सेवानिवृत्त वाराणसी के डीआईजी संतोष सिंह ने कहा कि कानूनी प्रक्रिया का सत्य और निष्ठा से अनुपालन के साथ पुलिस जब संवेदनशीलता पूर्वक जनता से संवाद और समस्या की सुनवाई करते हुये समस्या या घटना का निराकरण करेगी तो आम जनता का पुलिस पर विश्वास बढ़ेगा` पीड़ित की समस्या अपनी समस्या समझकर जब पुलिस उक्त समस्या का आकलन कर समाधान और विवेचना करेगी तो निश्चित ही न्याय होगा जो बेहतर पुलिसिंग मे बहुत उपयोगी रहती है। वाराणसी से




गौतमबुद्धनगर स्थानान्तरित हुये एसीपी प्रवीन सिंह ने कहा कि काशी की प्रबुद्ध जनता का ये सम्मान के साथ विदाई देने से मुझे कर्तव्य के प्रति और नैतिक रूप जिम्मेदारी भरा दायित्व का बोध करा दिया है जिससे मै बाबा विश्वनाथ को साक्षी मानकर संकल्प लेता हू कि पुलिस की नौकरी हमेशा काशी के मान सम्मान को ध्यान मे रखकर करते हुये एक आदर्श प्रतिमान स्थापित करने की कोशिश करूंगा। विषय स्थापना एवं स्वागत भाषण प्रबोधिनी फाउण्डेशन के महासचिव विनय शंकर राय मुन्ना, संचालन प्रबुद्धजन काशी के अध्यक्ष डा. संजय सिंह गौतम एवं धन्यवाद ज्ञापन जनकल्याण फाउण्डेशन के संरक्षक सर्वजीत शाही ने दिया तथा संगोष्ठी के संवाद एवं विदाई समारोह मे मुख्य रूप से शहीद भगत सिंह जन समिति के गगन प्रकाश यादव, स्वामी सहजानंद विचार मंच के संयोजक समीर सिंह विशाल, वरिष्ठ अधिवक्ता राजन राय,आल इण्डिया बुनकर फोरम के राष्ट्रीय अध्यक्ष मोहम्मद अकरम, क्षत्रिय धर्म संसद के महेश्वर सिंह, निर्वतमान उदय प्रताप महाविद्यालय छात्रसंघ अध्यक्ष सुधीर सिंह , उपाध्यक्ष प्रतीक सिंह ,देव कुमार राजू पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष हरिश्चंद्र महाविद्यालय, रितेश श्रीवास्तव कोषाध्यक्ष प्रबुद्धजन काशी,अरुण सिंह,सुरेंद्र पटेल,शैलेंद्र राय,हेमंत गुप्ता , शशांक मौर्य कुशवाहा चेतना मंच के संस्थापक सदस्य जितेन्द्र मौर्य कंचन,प्राचीन श्री रामलीला समिति के पवन कुमार दूबे, सरदार पटेल विचार मंच के बाबा राम पटेल सहित इत्यादि लोगो ने विचार व्यक्त किया।

## सोना एसोसिएट के सहयोग से नयी दिशा ने बोधि वृक्षों का किया रोपण

प्रखर कुशीनगर। कसया स्थित एयरपोर्ट सिटी साइड, कुशीनगर में वन विभाग द्वारा भगवान बुद्ध के जीवन से जुड़े महत्वपूर्ण पौधों का रोपण कर बुद्ध वन की स्थापना किया गया है। बरसात के मौसम में जल जमाव के कारण कुछ पौधे नष्ट हो गये। नयी दिशा पर्यावरण सेवा संस्थान द्वारा सोमवार को खाली जगहों पर सोना एसोसिएट कसया के संजीव द्विवेदी के सहयोग से उनके परिवार के साथ 11 बोधी वृक्ष (पीपल के पौधों) का रोपण किया गया। संजीव द्विवेदी ने कहा कि पौधों की महिमा से हम सब अवगत हैं। विशेषकर पीपल तो पर्यावरण के साथ साथ धार्मिक रूप से भी महत्वपूर्ण है। उन्होंने आगे भी नयी दिशा के पौधरोपण सम्बन्धी मुहिम से जुड़कर पौधरोपण और सहयोग की बात कही। नयी दिशा सचिव डॉ0 हरिओम मिश्र ने पौधरोपण में सहयोग व सहभागिता हेतु द्विवेदी परिवार को धन्यवाद दिया और समाज के सक्षम लोगों से पौधरोपण की मुहिम को आगे बढ़ाने की अपील की। पौधरोपण में दिव्या द्विवेदी, डाक्टर श्रेया द्विवेदी, परी द्विवेदी, सोना द्विवेदी, सूरज पाठक इत्यादि शामिल रहे।




## संक्षिप्त खबरें

### पं० राम प्रवेश चौबे महाविद्यालय में स्नातक तृतीय वर्ष और बीएड के छात्र- छात्राओं को शासन द्वारा प्रदत स्मार्टफोन का वितरण

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। पं० राम प्रवेश चौबे महाविद्यालय के प्रागंण में स्नातक तृतीय वर्ष (बी०ए०/ बी०काम०)और बी०एड० के छात्र-छात्राओं को शासन द्वारा प्रदत स्मार्टफोन का वितरण कार्यक्रम सम्पन्न हुआ` इस आयोजन के मुख्य अतिथि अजगरा विधायक त्रिभुवन राम थे अजगरा विधायक का स्वागत महाविद्यालय के प्रबन्धक सतीश चौबे एवं प्राचार्य डा० पी०के० दूबे ने माल्यार्पण करके किया। क्षेत्र के वरिष्ठ जनों एवं अजगरा विधायक त्रिभुवन राम का स्वागत करते हुए महाविद्यालय के प्रबन्धक सतीश चौबे ने बच्चों के शैक्षिक,सामाजिक व आर्थिक विकास की आवश्यकता को समझाते हुए कहा की शिक्षा और तकनीक के द्वारा ही छात्र -छात्राओं का सवार्गीण विकास सम्भव है। प्राचार्य डा० पी०के० दूबे ने धन्यवाद ज्ञापन कर कार्यक्रम के समाप्ती की घोषणा की इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त अध्यापक उपस्थित थे।



### भट्ट ब्राह्मण महासभा काशी द्वारा आज एक काशी श्रेष्ठ काशी समृद्ध काशी के क्रम में भट्ट ब्राह्मण समाज के वरिष्ठजनों को किया गया सम्मानित

प्रखर दानगंज वाराणसी। भट्ट ब्राह्मण महासभा काशी द्वारा आज दिनांक 24 दिसंबर 2023 दिन रविवार को एक काशी श्रेष्ठ काशी समृद्ध काशी के क्रम में भट्ट ब्राह्मण समाज के वरिष्ठ जनों के सम्मान में काशी के सुजाती बन्धुओं के सम्मानित गांव दुमितवा के सम्मानित श्रेष्ठ जन लाल जी राय, हिरा राय,जवाहर लाल शर्मा, मंगला प्रसाद राय, राम जी राय, रामलखन शर्मा,श्याम लाल राय,स्वामी नाथ राय,जय नाथ राय, बटुक नाथ राय,को अंग वस्त्र पहना कर महा सभा के महामंत्री श्री अवधेश राय,समाजसेवी एवं मार्गदर्शक बड़ेभाई श्री लालजी राय, समाजसेवी एवं एडवोकेट घनश्याम शर्मा समाजसेवी महासभा के मुख्य एडिटर एवं इंडियन बैंक के वरिष्ठ प्रबंधक अजय शर्मा जी सहमहामंत्री भट्ट ब्राह्मण महासभा श्यामधर शर्मा,समाजसेवी अंजनी शर्मा, ने समस्त महासभा के सम्मानित पदाधिकारी द्वारा उपरोक्त वरिष्ठ जन को सम्मान किया गया महासभा ने काशी के सभी गांव में समाज के सभी वरिष्ठ जन के द्वार जाकर के काशी महासभा उनका आशीर्वाद लेगा उनके मार्गदर्शन में महासभा समाज सेवा के कार्यों को और शौचारु एवं सगठित तरीके से आपसी भाई चारा एवं एकता कायम रखने का पूर्ण प्रयास करेगा।

### प्रदेश खेत मजदूर यूनियन की बैठक में सदस्यता बढ़ाने तथा कोष जुटाने पर दिया जोर

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। सोमवार को उत्तर प्रदेश खेत मजदूर यूनियन की जिला कौंसिल की बैठक भारद्वाज भवन पर संपन्न हुई।इसे सम्बोधित करते हुए यूनियन के प्रांतीय अध्यक्ष राम अवध राम ने कहा कि देश की सरकार विकास का ढिढोरा पीट रही है। परन्तु खेत मजदूर, असंगठित मजदूरों का जीवन संकट में है।शिक्षा, स्वास्थ्य, आवास, भोजन, सम्मान का जीवन उनको नसीब नहीं है।कल्याणकारी योजनाओं का लाभ भी भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ रहा है।इसलिए संगठन को मजबूत करके बड़ा आंदोलन करना होगा।यूनियन के जिला मंत्री फूलमैन ने कार्यात्मक, संगठनात्मक रिपोर्ट प्रस्तुत किया जिस पर रामलाल, रामशब्द, ईश्वरलाल, अवधनारायण, गुर्जन प्रेमी, सुनीता राजभर, खरपतन, रामशुक्ला आदि ने विचार प्रगट किया।अंत में सदस्यता करने एवं फंड एकत्रित करने का निर्णय लिया गया। इस बैठक में विशेष रूप से पार्टी राजयकार्यकारिणी सदस्य अमेरिका सिंह यादव, डॉक्टर राम बदन सिंह उपस्थित रहे।अध्यक्षता श्यामा प्रसाद राजभर ने किया।

### एक बार फिर सबको अपनी यादों से आकर्षित कर गए एलजी मनोज सिन्हा

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। जम्मू कश्मीर का उपराज्यपाल बनने के बाद भी मनोज सिन्हा गाजीपुर में अपने लोगों से मिलने जुलने का कोई भी मौका नहीं छोड़ते हैं। एल जी मनोज सिन्हा अपने दो दिवसीय जनपद दौरे के दूसरे दिन व्यक्तिगत संबंधों के प्रति पुरी तरह से समर्पित दिखे। प्रोटोकाल तोड़कर बिरनो थाना क्षेत्र के भड़सर निवासी भाजपा के पुराने कार्यकर्ता शोभनाथ चौरसिया 59 वर्ष के आज सोमवार की सुबह में हुए आकस्मिक निधन पर उनके घर पहुंच कर पार्टी का झंडा देकर शोक व्यक्त करते हुए अपनी श्रद्धांजलि दी। और कहा की सोभनाथ जी का जाना पार्टी के लिए अपूर्ण क्षति है पार्टी उनके परिवार के साथ हमेशा सुख-दुख में साथ खड़ी रहेगी। इसी क्रम में एलजी मनोज सिन्हा चक कपिल निवासी पूर्व छात्र नेता निमेष पांडे के पिता जयप्रकाश पांडे की 63 वर्ष की आयु में इलाज के दौरान निधन हो जाने पर शोक संवेदना व्यक्त करने उनके घर पहुंचे इस दौरान चक कपिल गांव के ही अपने मित्र अशोक मिश्रा के घर भी हाल चाल पूछने पहुंचें। इस मौके पर लोगों में उन्हें देखने की उत्सुकता और दुख की घड़ी में अपने पुराने साथियों से मिलने की सभ्यता से मौजूद सभी लोग भाव विभोर हो गए।



प्रखर पूर्वांचल
RNIUPHIN/2016/68754
मुद्रक प्रकाशक 'पंकज सिंह' के लिए सम्पादक 'अरूण सिंह' द्वारा 'गायत्री प्रिंटिंग प्रेस' सकलेनाबाद नियर दुर्गा चौक, गाजीपुर पिन कोडः 233001 से छपवाकर कनेरी गाजीपुर से प्रकाशित
सम्पादकीय कार्यालयः 9/10, टैगोर मार्केट, कचहरी, गाजीपुर पिन कोडः 233001
सम्पर्क सूत्रः 0548-2223833, +91-8858563779 +91-9450208067, +91-9452844802
सभी विवाद गाजीपुर न्यायालय के अधीन होगें।
ताजा खबर पढ़ने के लिए लॉगइन करें हमारी वेबसाइट
https://prakharpurvanchal.com
Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com
सांध्य दैनिक प्रखर पूर्वांचल अखबार के सभी पद अवैतनिक हैं